वर्ष-23 अंक-153
पृष्ठ-8 मूल्य-2.00

दिल्ली (राष्ट्रीय संस्करण)

सोमवार 20 जुलाई 2026

आषाढ़ शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत्-2083

E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

देश की राजधानी से प्रकाशित होकर विभिन्न प्रदेशों में प्रसारित

# दैनिक समय जगत

दिल्ली, भोपाल, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'
Facebook
asksamayjagat
Instagram
@asksamayjagat
Twitter
@asksamayjagat
यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें
www.dainiksamayjagat.in



## डॉ. यादव की अध्यक्षता में जगदीशपुर में मंत्रि-परिषद की बैठक में लिए गए ऐतिहासिक निर्णय

# मध्यप्रदेश समान नागरिक संहिता के विधेयक का किया अनुमोदन



**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में गौंड वंश के वैभवशाली दुर्ग जगदीशपुर के चमन महल में समानता और न्याय की भावना को समर्पित मंत्रि-परिषद की बैठक में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए मध्यप्रदेश समान नागरिक संहिता 2026 को विधान सभा में प्रस्तुत करने के लिए अनुमोदन किया।मंत्रिपरिषद ने 8 अन्य विधेयकों को आगामी विधानसभा सत्र में प्रस्तुत किए जाने के लिए भी अनुमोदन किया । मंत्रि-परिषद के एक अन्य निर्णय में प्रदेश के 73 अस्पतालों के उन्नयन को भी मंजूरी दी गई है।मंत्रिपरिषद ने इस कार्य के लिए 898 करोड़ 96 लाख रुपए भी स्वीकृत किए हैं । मंत्रि-परिषद ने समानता और न्याय की भावना को समर्पित ÷मध्यप्रदेश समान नागरिक संहिता, 2026÷ के विधेयक का अनुमोदन किया। साथ ही आवश्यक संवैधानिक एवं प्रक्रियात्मक औपचारिकताएं पूर्ण कर मध्यप्रदेश विधानसभा में प्रस्तुत करने के लिए विधि और विधायी कार्य विभाग को अधिकृत किया गया। मंत्रि-परिषद ने ÷मध्यप्रदेश निरसन विधेयक, 2026÷ का अनुमोदन किया। साथ ही विधेयक को विधानसभा में पुनःस्थापित कर पारित कराने एवं समस्त आवश्यक कार्यवाही करने के लिए विधि और विधायी कार्य विभाग को अधिकृत किया गया।

### लोक स्वास्थ्य विभाग को किया अधिकृत

मंत्रि-परिषद ने मध्यप्रदेश राजमार्ग (संशोधन) विधेयक, 2026 का अनुमोदन किया। विधेयक को विधानसभा में पुनःस्थापित कर पारित कराने एवं समस्त आवश्यक कार्यवाही करने के लिए लोक निर्माण विभाग को अधिकृत किया गया। मंत्रि-परिषद ने मध्यप्रदेश अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं विधेयक, 2026 का अनुमोदन दिया। साथ ही विधेयक को विधानसभा में पुनःस्थापित कर पारित कराने एवं समस्त आवश्यक कार्यवाही करने के लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग को अधिकृत किया गया। मंत्रि-परिषद ने मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधन विधेयक, 2026 (निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना हेतु भूमि, निर्मित क्षेत्र तथा विन्यास निधि के प्रावधान से छूट दिया जाना) का अनुमोदन दिया। मंत्रि-परिषद ने मध्यप्रदेश धन्वंतरि स्वास्थ्य विश्वविद्यालय विधेयक 2026 का अनुमोदन दिया। साथ ही विधानसभा में विधेयक को प्रस्तुत करने और स्वीकृत कराने की अग्रिम कार्यवाही हेतु लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग को अधिकृत किया गया है।

### 776 करोड़ 13 लाख रुपये की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद ने प्रदेश के नागरिकों को गुणवतापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की सहज एवं सुलभ पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश के 73 उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और सिविल अस्पताल में उन्नयन के लिए 776 करोड़ 13 लाख रूपये की स्वीकृति दी है। मंत्रि-परिषद ने 29 उप स्वास्थ्य केंद्रों का उन्नयन 6-बिस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 19 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का उन्नयन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में, 18 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल में और 7 संस्थाओं को 100 बिस्तरीय अस्पताल में उन्नयन को मंजूरी दी। इन संस्थाओं में 1600 नियमित एवं 71 संविदा के नवीन पदों के सृजन तथा कुल 560 व्यक्तियों को आउटसोर्सिंग एजेन्सी के माध्यम से कार्य पर रखे जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है ।इस पर प्रति वर्ष 122.83 करोड़ रुपए के व्यय की भी मंत्रिपरिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान की है ।स्वास्थ्य संस्थाओं की स्थापना और उन्नयन से क्षेत्र की जनता तथा आस-पास के क्षेत्रों की जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध हो सकेंगी। मंत्रि-परिषद ने मध्यप्रदेश कोड ऑन एम्पावरिंग वर्कस्पेसेज, 2026 (मध्यप्रदेश श्रम शक्ति संहिता 2026 का अनुमोदन दिया। साथ ही विधानसभा में अग्रिम कार्यवाही के लिए श्रम विभाग को अधिकृत किया गया। मंत्रि-परिषद ने मध्यप्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस विधेयक, 2026 का अनुमोदन दिया। साथ ही विधानसभा में अग्रिम कार्यवाही के लिए औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग को अधिकृत किया गया।

## सौहार्द की मिसाल बना छोटा सा द्वीपीय देश मॉरीशस



**पोर्ट लुइस।** हिंद महासागर में स्थित छोटा-सा द्वीपीय देश मॉरीशस लंबे समय से शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का उदाहरण माना जाता है। धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता के लोग यहां एक साथ रहते हैं और सार्वजनिक जीवन में धार्मिक सद्भाव को विशेष महत्व दिया जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि समान अधिकार, समावेशी नीतियां और सामाजिक सहयोग की भावना ने मॉरीशस को बहुसांस्कृतिक समाज के सफल मॉडल के रूप में स्थापित किया है। करीब 13 लाख की आबादी वाले मॉरीशस में हिंदू समुदाय सबसे बड़ा है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 48 प्रतिशत मानी जाती है। इसके अलावा लगभग 26 प्रतिशत ईसाई, 17 प्रतिशत मुस्लिम तथा बौद्ध, सिख, बहाई और अन्य धर्मों के अनुयायी भी यहां रहते हैं। देश की आबादी में भारतीय मूल के लोगों की बड़ी भागीदारी है, जिनमें उत्तर भारतीय, तमिल, तेलुगु और मराठी समुदाय शामिल हैं। इनके साथ ही क्रियोल, चीनी और फ्रांसीसी मूल के नागरिक भी मॉरीशस के सामाजिक ताने-बाने का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। विशेषज्ञों के अनुसार मॉरीशस की सबसे बड़ी ताकत उसका संविधान है, जो सभी धर्मों को समान अधिकार प्रदान करता है। देश का कोई आधिकारिक राज्य धर्म नहीं है और सरकार विभिन्न समुदायों के प्रमुख धार्मिक पर्वों को सार्वजनिक अवकाश के रूप में मान्यता देती है।

दिवाली, ईद, क्रिसमस, चीनी नववर्ष और अन्य प्रमुख त्योहार राष्ट्रीय स्तर पर मनाए जाते हैं। इससे सभी समुदायों में समान सम्मान और सहभागिता की भावना विकसित होती है। शिक्षा व्यवस्था को भी सामाजिक सद्भाव का महत्वपूर्ण आधार माना जाता है। स्कूलों में विद्यार्थियों को विविधता, सहिष्णुता और आपसी सम्मान का महत्व सिखाया जाता है।

## राजौरी में भारी बारिश से कई इलाके हुए जलमग्न

**नई दिल्ली।** देशभर में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है, जिससे कई राज्यों में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं। जम्मू-कश्मीर के राजौरी और पुंछ जिलों में सबसे अधिक तबाही देखने को मिली है, जबकि उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश और गुजरात समेत कई राज्यों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में शनिवार देर रात बादल फटने और मूसलाधार बारिश के कारण फ्लैश फ्लड आ गई। धारहाल नदी के उफान पर आने से न्यू बस स्टैंड बेला क्षेत्र जलमग्न हो गया और तेज बहाव में करीब 200 से 250 वाहन बह गए। कई दर्जन वाहन बहने के साथ ही कई मकानों और दुकानों को भी नुकसान पहुंचा है। प्रशासन के अनुसार एक महिला लापता है, जिसकी तलाश जारी है।

वहीं, पुंछ जिले में रातभर हुई भारी बारिश से जुड़े हादसों में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य के लापता होने की आशंका है। राहत एवं बचाव दल प्रभावित क्षेत्रों में अभियान चला रहे हैं।

## लद्दाख में ओएनजीसी ने हजारों फुट की ऊंचाई पर तैयार किए दो जियोथर्मल कुएं

**नई दिल्ली।** लद्दाख के पुगा वैली क्षेत्र में भारत की पहली जियोथर्मल ऊर्जा परियोजना ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन (ओएनजीसी) एनर्जी सेंटर ने समुद्र तल से करीब 14 हजार फीट की ऊंचाई पर एक-एक हजार मीटर गहरे दो जियोथर्मल कुओं का सफल निर्माण किया है। इस परियोजना के तहत धरती के भीतर मौजूद प्राकृतिक ताप का उपयोग कर बिजली पैदा की जाएगी। शुरुआती चरण में एक मेगावाट क्षमता का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है, जिसे भविष्य में व्यावसायिक स्तर पर विस्तारित करने की योजना है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना भारत के स्वच्छ ऊर्जा अभियान और नेट-जीरो उत्सर्जन लक्ष्य को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। लद्दाख




के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने परियोजना का उद्घाटन करते हुए कहा कि पुगा वैली की यह उपलब्धि देश में कार्बन उत्सर्जन कम करने और लद्दाख को कार्बन न्यूट्रल क्षेत्र बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि जियोथर्मल ऊर्जा का उपयोग पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ क्षेत्र के सतत विकास को भी मजबूती देगा। जियोथर्मल ऊर्जा धरती के भीतर मौजूद प्राकृतिक गर्मी से प्राप्त की जाती है। इस गर्मी से बनने वाली भाप टर्बाइनों को चलाकर बिजली उत्पन्न करती है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह सौर और पवन ऊर्जा की तरह मौसम या धूप पर निर्भर नहीं रहती, बल्कि वर्षभर चौबीसों घंटे लगातार बिजली उत्पादन करने में सक्षम होती है। अत्यधिक ठंडे लद्दाख क्षेत्र में, जहां सर्दियों के दौरान तापमान शून्य से 20 से 30 डिग्री सेल्सियस नीचे तक पहुंच जाता है, यह तकनीक ऊर्जा आपूर्ति का भरोसेमंद विकल्प मानी जा रही है।

### ग्रीनहाउस खेती को मिलेगा बढ़ावा

परियोजना से मिलने वाली बिजली का उपयोग घरों को गर्म रखने, ग्रीनहाउस खेती को बढ़ावा देने और पर्यटन से जुड़ी सुविधाओं को निर्बाध ऊर्जा उपलब्ध कराने में किया जाएगा। इससे स्थानीय लोगों को सालभर खेती के बेहतर अवसर मिलेंगे और डीजल आधारित ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता भी कम होगी। पुगा वैली को इस परियोजना के लिए इसलिए चुना गया क्योंकि इसे भारत का सबसे सक्रिय जियोथर्मल क्षेत्र माना जाता है। यहां भूमिगत गर्म पानी और भाप का विशाल भंडार मौजूद है। परीक्षणों में करीब 400 मीटर की गहराई पर 135 डिग्री सेल्सियस तक तापमान दर्ज किया गया है।

**महिला सुरक्षा पर जोर**

**आम आदमी के हितों पर मुख्यमंत्री का है फोकस, 25 लाख के स्वास्थ्य बीमा योजना से राहत**

# सुरक्षा, सुशासन और जनकल्याण के एजेंडे से परिपूर्ण हो रहा है तमिलनाडु

**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजनीति में मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय यानी थलपति विजय का राजनीतिक सफर एक नए दौर की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। फिल्मी दुनिया से जनसेवा और फिर सत्ता के शीर्ष तक पहुंचे विजय ने शासन की प्राथमिकताओं को आम आदमी की रोजमर्रा की जरूरतों से जोड़ने का प्रयास किया है। स्वास्थ्य, महिला सुरक्षा, शिक्षा, बिजली राहत, भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख और पारदर्शी प्रशासन को केंद्र में रखकर उनकी सरकार एक ऐसे मॉडल की दिशा में आगे बढ़ती दिखाई दे रही है, जिसमें विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर है। विजय सरकार के एजेंडे में स्वास्थ्य क्षेत्र को विशेष महत्व दिया गया है। प्रत्येक परिवार को 25 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा कवर देने की योजना का उद्देश्य गंभीर बीमारियों के इलाज में होने वाले भारी खर्च से परिवारों को राहत देना है। देश में महंगे इलाज के कारण अनेक परिवार आर्थिक संकट में आ जाते हैं। ऐसे में स्वास्थ्य बीमा को व्यापक सामाजिक सुरक्षा से जोड़ना सरकार की महत्वपूर्ण प्राथमिकता मानी जा रही है। सरकार का लक्ष्य है कि आर्थिक स्थिति चाहे जैसी हो, हर परिवार को बेहतर और समय पर उपचार मिल सके। स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, पारदर्शी और जन-केंद्रित बनाने की दिशा में भी सरकार काम कर रही है। महिला सुरक्षा को लेकर विजय सरकार ने विशेष तंत्र विकसित करने पर जोर दिया है। महिलाओं की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई, संवेदनशील मामलों में बेहतर पुलिस व्यवस्था और प्रभावी हेल्पलाइन प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार का मानना है कि किसी भी राज्य की प्रगति का वास्तविक मूल्यांकन इस बात से होता है कि वहां महिलाएं कितनी सुरक्षित और स्वतंत्र महसूस करती हैं। महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण, सहायता योजनाओं और सार्वजनिक परिवहन में राहत जैसे कदमों को भी व्यापक महिला कल्याण नीति का हिस्सा माना जा रहा है।

मुख्यमंत्री विजय ने प्रशासन में भ्रष्टाचार को लेकर सख्त संदेश दिया है। उनका स्पष्ट रुख है कि सत्ता और पद किसी को भी जनता के धन और अधिकारों के दुरुपयोग का अधिकार नहीं देते। सरकार में शामिल मंत्रियों और अधिकारियों को जवाबदेह बनाने की दिशा में यह नीति प्रशासनिक पारदर्शिता को मजबूत कर सकती है। विजय सरकार का उद्देश्य ऐसा प्रशासन तैयार करना है, जिसमें आम नागरिक को सरकारी सेवाओं के लिए अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े और भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई हो। सरकार के एजेंडे में शिक्षा को विकास की सबसे मजबूत नींव माना गया है। स्कूलों की गुणवत्ता, शिक्षक प्रशिक्षण, डिजिटल शिक्षा, रोजगारपरक कौशल और उच्च शिक्षा के अवसरों को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इस नीति का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ नेताओं के बच्चे भी सरकारी स्कूलों में पढ़ें, ताकि सरकारी शिक्षा व्यवस्था में समाज के हर वर्ग का विश्वास बढ़े।

### 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली की योजना भी जनहित में



200 यूनिट तक मुफ्त बिजली की योजना आम परिवारों को सीधे राहत देने वाली पहल के रूप में सामने आई है। बढ़ती महंगाई के दौर में बिजली का बिल घरेलू बजट पर बड़ा प्रभाव डालता है। ऐसे में बिजली राहत से लाखों परिवारों को आर्थिक सहारा मिलने की उम्मीद है। विजय सरकार के शुरुआती एजेंडे से यह संदेश देने का प्रयास दिखाई देता है कि शासन का केंद्र सत्ता नहीं, जनता होनी चाहिए। स्वास्थ्य बीमा, महिला सुरक्षा, शिक्षा, मुफ्त बिजली और भ्रष्टाचार विरोधी नीति जैसे मुद्दे सीधे आम नागरिक के जीवन से जुड़े हैं। हालांकि किसी भी सरकार की सफलता घोषणाओं से नहीं, बल्कि योजनाओं के प्रभावी और पारदर्शी क्रियान्वयन से तय होती है। मुख्यमंत्री विजय के सामने अब इन महत्वाकांक्षी योजनाओं को जमीन पर उतारने, वित्तीय अनुशासन बनाए रखने और प्रशासन को जवाबदेह बनाने की चुनौती है। यदि सरकार अपने संकल्पों को प्रभावी ढंग से लागू करती है, तो तमिलनाडु में जनकल्याण, समान शिक्षा, सुरक्षा और सुशासन पर आधारित एक नया राजनीतिक मॉडल आकार ले सकता है।

# बचाएं जल, तभी संवरेगा आने वाला कल : स्वतंत्र देव सिंह

## हर घर में नल से जल की सप्लाई पाकर भावुक हुए ग्रामीण, बोले- हमने कभी ऐसा नहीं सोचा था

**- भारी बारिश के बीच भीगते बरल और भुजौंद गांव पहुंच जलशक्ति मंत्री का ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत**




**समय जगत, झांसी।** राज्य सरकार जल जीवन मिशन योजनाओं को पूरा कर उसे ग्राम पंचायत को सौंपने और ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए मिशन मोड में जुट गई है। इसी के तहत जलशक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह ने शनिवार को झांसी के चिरगांव विकास खण्ड के बरल गांव में जल अर्पण कार्यक्रम कर ग्राम पंचायत को नल से जल पहुंचाने वाली इस योजना की कमान सौंपी। साथ ही मोंठ ब्लॉक के भुजौद गांव में जल चौपाल का आयोजन कर लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। बरल गांव में आयोजित जल अर्पण कार्यक्रम के दौरान जलशक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि अगर हम आज जल बचाएंगे, तभी हमारी आने वाली पीढ़ियों का कल संवरेगा।

जलशक्ति मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार घरों तक नल से जल की सप्लाई के साथ-साथ परिवारों को फ्री में राशन, घर तक बिजली, पक्की सड़क, किसान सम्मान निधि और बच्चों को पोषण आहार की सुविधा मुहैया करा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने नल से जल आप लोगों के घरों तक पहुंचा दिया है। अब आपकी जिम्मेदारी है कि आप पानी का इस्तेमाल भी करें और संरक्षण भी करें। जिससे आने वाली पीढ़ियों को भी इसी तरह घर तक पानी की सप्लाई मिलती रहे। कार्यक्रम के दौरान विधायक गरौठा श्री जवाहर लाल राजपूत, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अनुराग श्रीवास्तव और जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी समेत बड़ी संख्या में राज्य सरकार के अधिकारी मौजूद थे। बरल गांव में आयोजित जल अर्पण कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने भारी बारिश के बीच जलशक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह का स्वागत पुष्पवर्षा कर किया। कार्यक्रम के दौरान भारी बारिश हो रही थी, इस दौरान ग्रामीणों के मन में असमंजस था कि मंत्री आएंगे या नहीं। मगर मा0 मंत्री जी ने ग्रामीणों को निराश नहीं किया। जलशक्ति मंत्री, अपर मुख्य सचिव श्री अनुराग श्रीवास्तव, जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी समेत जल निगम के सभी अधिकारी भीगते हुए ग्रामीणों के बीच पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने जलशक्ति मंत्री के स्वागत में मोदी-योगी के नारे लगाकर गांव के हर घर तक नल से जल पहुंचाने के लिए राज्य और केन्द्र सरकार का धन्यवाद किया। इस मौके पर जलशक्ति मंत्री ने स्थानीय लोगों को जल शपथ दिलाकर जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

**'योजना से पहले की आपबीती बताते हुए भावुक हुईं महिलाएं और ग्राम प्रधान'**

जल अर्पण कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों ने जल जीवन मिशन योजना आने से पहले के अपने अनुभवों को भी साझा किया। गांव की महिलाओं ने अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि पहले हमें पानी के लिए 5 से 7 किलोमीटर तक पैदल चलकर पानी लाना पड़ता था। मगर अब घर-घर नल से जल पहुंचने से बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों में सुधार हुआ है। गर्मियों के दौरान भी पानी की सप्लाई गांवों में हो रही है।

**'भूजल संरक्षण के साथ-साथ नदी पुनरोद्धार पर भी कर रही सरकार'**

इससे पहले झांसी के एक निजी होटल में राज्य स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा आयोजित भूजल संवर्धन सेमिनार में जलशक्ति मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान जलशक्ति मंत्री ने लोगों को भूजल संवर्धन की अपील की। साथ ही नदियों के पुनरोद्धार के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों के बारे में बताया। इस दौरान जलशक्ति मंत्री ने जल सहेलियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षाविद डॉ0 नीति शास्त्री ने किया।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष श्री प्रदीप पटेल, विधायक बबीना श्री राजीव सिंह परीछा, सदस्य विधान परिषद श्रीमती रमा निरंजन, विधायक गरौठा श्री जवाहर लाल राजपूत, अपर जिलाधिकारी नमामी गंगे श्री योगेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियंता जल निगम श्री मनोज कुमार सिंह, ऐई जल निगम श्री नितेश प्रताप सिंह सहित ग्राम प्रधान बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# लक्ष्मी व्यायाम मंदिर बरुआसागर में अन्ना जी जयंती को स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया

**- अन्ना जी के जन्मदिन पर हुआ मल्लखंभ और व्यायाम प्रदर्शन**

**- मयूर पंखी, हनुमान ध्वज, चकोर आसन बजरंगी, भीतर बाहर की बगली, फरारा, हैंड स्टैंड पर बजीं जोरदार तालियां**





**समय जगत, बरूआसागर।** आज बुंदेलखंड सेवा मंडल झाँसी द्वारा संचालित श्री लक्ष्मी व्यायाम मंदिर बरुआसागर परिसर में संचालित विद्यालय के विद्यार्थियों उनके अभिभावक एवं सम्पूर्ण प्रबन्ध तंत्र के द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित कृष्ण गणेश खानवलकर ( अन्ना जी) की जयंती पर्यवेक्षक श्री गजानन खानवलकर जी के मुख्य आतिथ्य में एवं श्री चौधरी अशोक अग्रवाल जी की अध्यक्षता में मनाई गई।विद्यालय में संचालित विद्यालय माइक छात्र छात्राओं के बीच एक सप्ताह तक विभिन्न वर्गों में विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमे प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान अर्जित करने वाले सभी छात्र छात्राओं को मेडल प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।विभिन्न प्रतियोगिताओं को आयोजित करने वाले अध्यापकों को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्व प्रथम बुंदेलखंड सेवा मंडल झाँसी के सभी सदस्यों एवं श्री लक्ष्मी व्यायाम मंदिर बरुआसागर की प्रबन्ध कार्य कारिणी के सदस्यों ने श्रद्धेय अन्ना जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा डीप प्रज्ज्वलित किया गया सभी पधारे अतिथियों को बैच अलंकृत कर विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।

इसके बाद सप्ताह भर की प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रत्येक कक्षा में सर्वोच्च अंक अर्जित करने वाले सभी छात्र छात्राओं को अन्ना जी पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।श्री लक्ष्मी व्यायाम मंदिर झाँसी से प्रशिक्षक मनीष कोष्टा के नेतृत्व में श्री राम सिंह सिकोरिया के निर्देशन में बरुआसागर में मल्लखंभ का हैरतअंगेज़ प्रदर्शन किया गया। सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न शॉल देकर एवं मल्लखंभ का प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मेडल ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन महारानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री अरविन्द कुमार ओझा ने किया एवं सभी का आभार संस्था के प्रबंधक डॉ. श्री महादेव प्रसाद बाजपेयी ने किया।

कार्यक्रम में श्री प्रभात कुमार सक्सेना, संतोष कुमार गुप्ता , राम सिंह सिकोरिया, दीपक अरोड़ा , सुधांशु शर्मा, सीताराम यादव जी, रविप्रकाश शर्मा जी, मोहनलाल चौरसिया जी, हरिमोहन अग्रवाल जी,उमाशंकर पांडेय जी,मेजर अश्वनी कुमार उपाध्याय जी, राकेश बाजपेयी, कमलेश्वरी पटैरिया प्रधानाध्यापिका लालाराम कुशवाहा, अरुण मिश्रा, कुलदीप सेन, शालिनी गुप्ता, अंकित पटेरिया, पूर्वी चतुर्वेदी, विनीता कुशवाहा, परवीन बानो, भारती रायकवार, निर्मला कुशवाहा ,रोशनी कुशवाहा,जी इत्यादि उपस्थित रहे ।

# भगवान परशुराम सेवा संस्थान न्यास की झांसी महानगर इकाई घोषित



**समय जगत, झांसी।** भगवान परशुराम सेवा संस्थान न्यास की केंद्रीय कार्य समिति की आवश्यक बैठक संपन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से झांसी महानगर के पदाधिकारी बनाए गए केंद्रीय संयोजक अंचल अरजरिया ने बताया कि राजेश तिवारी को महानगर अध्यक्ष, ज्ञानेंद्र अवस्थी रोहित पांडे प्रमोद सिरोठिया को महामंत्री, उपाध्यक्ष पद पर राधाचरण दुबे, डी0के0 तिवारी, रामगोविन्द तिवारी, संजय गोस्वामी, राहुल पचौरी, विनय उपाध्याय, आर0एन0उपाध्याय, आर0एन0शर्मा, महेश गौतम, अनिल मिश्रा आदि, मंत्री पद पर पंकज दुबे, वैभव तिवारी, कन्हैयालाल मिश्रा, अखिलेश शर्मा, सौरभ शर्मा, विवेक पाठक, मनोज रिछारिया, सागर भट्ट, विकास पाण्डेय (गोल्डी), विमल पचौरी, विनोद रिछारिया, अरूण पाण्डेय, आजाद शर्मा, लखन पुरोहित सहित कार्यकारिणी में अवधेश पाठक, विवेक पाठक, नेहरू तिवारी, कैलाश मालवीय, कपिल भार्गव, दिनेकश, वृजेश त्रिवेदी, सी0एल0 पाठक, आशीष तिवारी, डी0के0 पाण्डेय, सतीश द्विवेदी, अतुल मुदगिल, विनय उपाध्याय, रोहित पाण्डेय, कैलाश मालवीय, हरीश, विष्णुकांत, गौरव तिवारी, मुकेश मिश्रा, दीपक व्यास, विशाल त्रिपाठी रामनरेश तिवारी, कन्हैया लाल मिश्रा, पप्पू दीक्षित, अखिलेश शर्मा, सौरभ शर्मा, शशिकांत द्विवेदी, महावीर भार्गव, रामगोविन्द तिवारी, विमल पचौरी, अश्वनी शुक्ला, संजय गोस्वामी, राजेश त्रिपाठी, संजीव पटैरिया, आशीष तिवारी (पार्षद), राकेश शुक्ला, दीपक व्यास, आई0के0 पाण्डेय, हरिशचन्द्र गोस्वामी, विनय आदि पदाधिकारी एवं सदस्य गण के रूप में चुने गये ।

सभी चुने गए पदाधिकारी को केंद्रीय कार्य समिति के संरक्षक डॉ बाबूलाल तिवारी, रामनरेश तिवारी, श्रीमती अनुराधा शर्मा,डॉक्टर दिलीप शर्मा, मैथिली मुद्गल, अध्यक्ष के के दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष अखिलेश तिवारी , कम्मू महामंत्री रविकांत मिश्रा, सचिव गुड्डू शर्मा कोषाध्यक्ष दिलीप तिवारी, वीरेंद्र पटेरिया टाटा पटेरिया सुशील भार्गव आलोक चतुर्वेदी ने बधाई प्रेषित करते हुए समाज के विकास के लिए कार्य करने की अपेक्षा नवनियुक्त पदाधिकारी से की है ।

# आमंत्रण रूफटॉप रेस्टोरेंट का हुआ भव्य शुभारंभ





**समय जगत, झांसी ।** न्यू रोड पर स्थित होटल भावना के ऊपर आमंत्रण रूफटॉप रेस्टोरेंट का आज भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद अनुराग शर्मा तथा सदर विधायक रवि शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर अतिथियों ने इस नए आमंत्रण रूफ टॉप रेस्टोरेंट की सराहना करते हुए संचालकों को बधाई दी। अतिथियों ने झांसी वासियों से भी अनुरोध किया कि एक बार इस रेस्टोरेंट में सपरिवार आकर अवश्य व्यंजनों का आनंद उठाएं। अतिथियों का व्यापार मंडल के अध्यक्ष अशोक जैन तथा रेस्टोरेंट के संचालक इंजीनियर विकल्प जैन ने स्वागत किया। रेस्टोरेंट के संचालक इंजीनियर विकल्प जैन ने बताया कि रूफ्टॉप रेस्टोरेंट न केवल झांसीवासियो को टूरिज्म प्लेस का एहसास कराएगा, बल्कि इस रेस्टोरेंट में उन्हें शुद्ध शाकाहारी व्यंजन भी उपलब्ध होंगे। रेस्टोरेंट की एक खास बात यह भी है कि इसमें झांसी फोर्ट का व्यू ठीक सामने नजर आता है। रेस्टोरेंट में बैठने के साथ ही शाम के समय रंग बिरंगी लाइटों से जगमगाता झांसी का किला सामने से दिखता है। उन्होंने बताया कि इस रेस्टोरेंट में कीमत भी मध्यमवर्गीय परिवारों को देखते हुए औसत रखी गई है। इसके अलावा अन्य पारिवारिक बर्थडे आदि फंक्शन के लिए हाल भी उपलब्ध है। इस अवसर पर महानगर के तमाम व्यापारी नेता, उद्योगपति तथा गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अंत में रेस्टोरेंट के संचालक विकल्प जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर ब्यापारी नेता संजय पटवारी ,रजनी गुप्ता, ललित जैन, संतोष साहू, निवर्तमान डिप्टी मेयर प्रियंका साहू, मनमोहन गेड़ा, अमित साहू, राघव वर्मा, मुकेश गुप्ता, पुरुषोत्तम स्वामी, विवेक बाजपेई सीपरी बाजार, आदि उपस्थित रहे।

# उन्नत भारत अभियान के तत्वावधान में ग्राम कुरैठा में कार्यशाला संपन्न





**समय जगत, झांसी।** उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झाँसी द्वारा गोद लिए गए ग्राम कुरैठा, विकासखण्ड बामौर, जनपद झाँसी में विश्वविद्यालय के 31वें दीक्षांत समारोह के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी के दिशानिर्देशन तथा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झाँसी के कुलपति प्रो. मुकेश पांडे जी के निर्देशन एवं आदेश के क्रम में एक दिवसीय प्रतियोगी कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए उन्नत भारत अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार बबेले ने बताया कि यह कार्यशाला उन्नत भारत अभियान, महिला एवं बाल विकास विभाग, झाँसी तथा बेसिक शिक्षा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण विद्यार्थियों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों में रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण तथा भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता विकसित करना था।

कार्यशाला के अंतर्गत ष्मेरी माँष् प्रतियोगिता, परंपरागत खेल प्रतियोगिता (कबड्डी, खो-खो एवं रस्साकशी), भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता, कहानी-कथन प्रतियोगिता तथा आंगनबाड़ी स्वच्छता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

भाषण प्रतियोगिता में जल बचाओ का महत्व, जलवायु परिवर्तन एवं वृक्षारोपण जैसे समसामयिक विषयों पर विद्यार्थियों ने अपने विचार व्यक्त किए। चित्रकला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में बेटी बचाओदृबेटी पढ़ाओ, आत्मनिर्भर गाँव, पर्यावरण संरक्षण एवं अन्य स्थानीय विषयों पर आकर्षक चित्र बनाए गए। कहानी-कथन प्रतियोगिता में जल बचाओदृजीवन बचाओ, बेटी बचाओदृबेटी पढ़ाओ, पर्यावरण एवं जल संरक्षण जैसे विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दी गई। आंगनबाड़ी प्रतियोगिता के अंतर्गत केन्द्र की स्वच्छता, बच्चों की व्यक्तिगत स्वच्छता, बालों, नाखूनों एवं जूतों की सफाई सहित समग्र स्वच्छता व्यवस्था का मूल्यांकन किया गया। कार्यशाला में विशेषज्ञों के रूप में डॉ. सूरजपाल सिंह (क्रीड़ा अधिकारी), डॉ. यतीन्द्र मिश्र (विभागाध्यक्ष, समाज कार्य विभाग), डॉ. जितेंद्र कुमार बबेले, डॉ. रश्मि सिंह एवं डॉ. अमिता कुशवाहा (शिक्षा संस्थान, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झाँसी) उपस्थित रहे। सभी विशेषज्ञों के मार्गदर्शन एवं देखरेख में प्रथम चरण की प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक संचालन किया गया।आगामी दिवस में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित होने वाली अंतिम प्रतियोगिता हेतु प्रत्येक प्रतियोगिता से तीन-तीन उत्कृष्ट प्रतिभागियों का चयन किया गया। इसके अतिरिक्त देशभक्ति गीत गायन तथा जल बचाओदृजल संरक्षण विषयक सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए 10 छात्राओं का भी चयन किया गया।कार्यक्रम में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के सम्मानित प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी सुपरवाइजरों, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। परंपरागत खेल प्रतियोगिताओं का संचालन डॉ. सूरजपाल सिंह के नेतृत्व एवं श्री योगेन्द्र कुमार, उच्च प्राथमिक विद्यालय कुरेठा के निर्देशन में किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। चित्रकला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का संचालन डॉ. अमित कुशवाहा एवं डॉ. रश्मि सिंह के मार्गदर्शन तथा प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के सहयोग से सम्पन्न हुआ। भाषण प्रतियोगिता का संचालन डॉ. सूरजपाल सिंह एवं डॉ. जितेंद्र कुमार बबेले की अध्यक्षता में किया गया, जबकि कहानी-कथन प्रतियोगिता का संचालन डॉ. यतीन्द्र मिश्र एवं डॉ. मानसिंह सचान, प्रधानाध्यापक, उच्च प्राथमिक विद्यालय कुरेठा के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में देशभक्ति गीतों तथा जल बचाओदृजल संरक्षण विषय पर अभिनय एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं को सांकेतिक रूप से पुरस्कृत किया गया साथ ही उनका सल्पाहार के रूप में मीठा कचौड़ी चॉकलेट फल आदि का वितरण किया गया

कार्यक्रम का सफल संचालन एवं अंत में सभी अतिथियों, विशेषज्ञों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, विद्यार्थियों तथा उपस्थित ग्रामीणजनों के प्रति आभार ज्ञापन उन्नत भारत अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार बबेले द्वारा किया गया।

## यात्री प्रतीक्षालय न होने से यात्रियों की मुसीबतें बढ़ीं, घंटों धूप और बारिश में खड़े रहने को मजबूर

**समय जगत, गुरसरांय ।** गुरसरांय नगर के मोदी चौराहे पर यात्री प्रतीक्षालय न होने से रोजाना सफर करने वाले स्कूली बच्चों,महिलाओं,बुजुर्गों और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में जहां बच्चे तपती धूप में सड़क किनारे खड़े होकर बसों का इंतजार करने को मजबूर हैं,वहीं बारिश के दौरान उन्हें खुले आसमान के नीचे भीगते हुए सफर करना पड़ता है। स्थानीय लोगों में प्रशासन की अनदेखी को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। गुरसरांय नगर के मोदी चौराहे पर एक प्रमुख यातायात केंद्र है,जहां से एरच,गरौठा,मऊरानीपुर, झांसी समेत लोगों को बसों का इंतजार करते हैं।

# प्रयाग संगीत समिति की प्रयोगात्मक परीक्षा में बच्चों ने राग रागनियों की प्रस्तुति से मन मोहा



**समय जगत, गुरसरांय।** नगर के माँ शारदा संगीत विद्यालय में प्रयाग संगीत समिति प्रयाग राज के संगीत गायन वादन की प्रयोगात्मक परीक्षा में प्रयागराज से आये परीक्षक विनय कुमार की देखरेख में संगीतगुरु पं परशुराम पाठक,एवं मऊरानीपुर के संगीतगुरु रामदास भट्ट के सानिध्य में बच्चों ने राग रागनियों की प्रस्तुति देकर भाव विभोर किया।

इस दौरान विभिन्न अंचलों से आये 62 परीक्षार्थियों ने संगीत की परीक्षा दी।जिसमें पृथ्वीपर, भांडेर,मऊरानीपुर, गरौठा, ललितपुर आदि क्षेत्रों के परीक्षार्थी सम्मलित हुए। मैहर घराने के गुरुकुल परंपरा के निःशुल्क माँ शारदा संगीत विद्यालय माई कृपा टीचर्स कॉलोनी में आये परीक्षार्थियों में

महरौनी की तेजस्वनी प्रतिभा गोस्वामी ने राग यमन,अमित कुमार झांसी ने भैरवी,प्रिंसी गोस्वामी ने यमन,समीक्षा अग्रवाल ने भैरवी, मऊरानीपुर के तनिष्क पटेल ने भूपाली,कृष्णकांत मिश्रा ने बागेश्वरी, गरौठा की श्रद्धा गुप्ता ने आसावरी, अंशुल कुमार ने मालकोश,शिवानी ने राग दरवारी ,रोहित पांडेय ,पुष्पेन्द्र पाल ने बिलावल राग की प्रस्तुति देकर मंत्रमुग्ध किया। वादन में तबला में अंकुल कुमार ,ब्रजेश कुमार बंका पहाड़ी,गनपत लाल,हनी नामदेव,दुष्यंत सिंह मऊरानीपुर, कान्हा सेन आदि ने सोलो वादन में तीन ताल की प्रस्तुति दी।

संचालन सितारवादक पं सरजू शरण पाठक ने किया।

इस मौके पर देवेन्द्र घोष, सोनू पटेल,प्रमोद गोस्वामी,अनुराग कृष्ण,पुष्पेन्द्र सिंह,जाहर सिंह पटेल, मिथलेश सेन,अंश कौशिक आदि उपस्थित रहे।

# प्रज्ञा योग का हुआ कार्यक्रम



**समय जगत, गुरसरांय।** आर्ट ऑफलिविंग बैंगलौर के तत्वावधान में प्राथमिक विद्यालय सगोली में तीन दिवसीय प्रज्ञायोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग की शिक्षिका दल रुचि अरोरा द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में आ रुचिराढ़ल दिया गया आर्ट ऑफ लिविंग के योग शिक्षक गंगाप्रसाद श्रृंगीत्रृषि द्वारा सहयोग किया। कार्यक्रम शुभारंभ आर्ट ऑफलिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर के चित्र पर पुष्प तथा माल्यार्पण करके किया गया। जिसमें प्रधानाध्यापक रामकिशुन कुशवाहा, केलाश नारायण अहिरवार,पुष्पा देवी कुशवाहा ,क्रांति देवी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में आर्ट ऑफलिविंग के शिक्षार्थ धवल शर्मा का विशेष योगदान रहा।

**खोया /पाया**

मेरा हाईस्कूल सन 2005 अनुक्रमांक 1360749 की अंकतालिका वास्तव में खो गई है।

**कु. प्रियंका आजाद**
**पुत्री श्री**
**पता- नैनागढ, नगरा ,झांसी**

# होटल गिरी पैलेस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पूर्व विधायक राकेश गिरी ने किया भव्य स्वागत

**समय जगत, टीकमगढ़।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के होटल गिरी पैलेस आगमन पर उनका भव्य एवं गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राकेश गिरी ने अपने समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ एवं मालाओं से स्वागत कर उनका अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। पूरे परिसर में उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला। समर्थकों ने मुख्यमंत्री के स्वागत में जयघोष लगाए और उनका आत्मीय अभिनंदन किया।



इस अवसर पर पूर्व विधायक राकेश गिरी ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए प्रदेश के विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी मुख्यमंत्री का अभिवादन किया और उनके नेतृत्व में प्रदेश की प्रगति पर विश्वास व्यक्त किया।

होटल गिरी पैलेस में आयोजित यह स्वागत समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही

# टीकमगढ़ एचडीएफसी बैंक में सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम पर जागरूकता बैठक आयोजित

## बैंक अधिकारियों ने दी महत्वपूर्ण जानकारी



**समय जगत, टीकमगढ़।** जिले में वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम एवं अन्य बैंकिंग सेवाओं को लेकर एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले भर से बड़ी संख्या में पुलिस पेंशनर्स एवं अन्य पेंशनर्स शामिल हुए। कार्यक्रम में पुलिस पेंशनर्स जिला अध्यक्ष खलील मुहम्मद खान के साथ सुरेश दौंदेरिया, राघवेंद्र सिंह राजपूत, उमाशंकर चतुर्वेदी, बालकिशन तिवारी, बी.डी. कड़ा, गोविंद दास अहिरवार, नारायण दास सोनी, काजी हफीजुद्दीन, कैलाश नारायण सरवैया, मकुंद सिंह यादव, सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए अनेक पेंशनर्स मौजूद रहे। बैठक में बैंक की ओर से ब्रांच मैनेजर आनंद द्विवेदी एवं डिप्टी मैनेजर इमरान खान तथा मोहन धाकड़ रिलेशनशिप मैनेजर ने वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, बैंकिंग सुविधाओं, सुरक्षित निवेश, डिजिटल बैंकिंग, पेंशन संबंधी सेवाओं तथा बैंक द्वारा उपलब्ध अन्य योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने पेंशनर्स की समस्याएं भी सुनीं और उनके समाधान का भरोसा दिलाया। बैठक के दौरान वरिष्ठ नागरिकों से बैंकिंग सेवाओं का सुरक्षित उपयोग करने, साइबर ठगी से सतर्क रहने तथा सरकार द्वारा संचालित बचत योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गई। इस अवसर पर उपस्थित पेंशनर्स ने बैंक अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी की सराहना करते हुए ऐसी जागरूकता बैठकों के नियमित आयोजन की आवश्यकता बताई।

## संक्षिप्त समाचार

### कुम्हारखेड़ा के लिए गर्व का क्षण, दिवेश वर्मा ने नीट परीक्षा में 554 अंक प्राप्त कर पूरे गांव का नाम किया रोशन



**बिस्टान ।** समीपस्थ ग्राम कुम्हारखेड़ा के डॉ. मोहन वर्मा के सुपुत्र दिवेश वर्मा ने नीट परीक्षा में 554 अंक प्राप्त कर पूरे गाँव का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी यह सफलता कड़ी मेहनत, लगन और परिवार के सहयोग का परिणाम है। पूरी उम्मीद है कि आने वाले समय में दिवेश वर्मा कुमरखेड़ा के पहले डॉक्टर बनकर गांव का नाम और ऊंचा करेंगे। इस शानदार उपलब्धि पर दिवेश वर्मा को स्नेहीजनों एवं मित्रों ने बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### 99.30 प्रतिशत के साथ अमित सिगोतिया ने किया शानदार प्रदर्शन



**सिवनी ।** सिवनी जिले के छपारा के पास स्थित ग्राम अंधियारी का रहने वाला छात्र ने अपनी लगन और मेहनत के चलते ऑनलाइन पढ़ाई करके आज पूरे जिले का नाम रोशन किया है। बता दें कि छात्र के पिता मजदूरी करके अपना परिवार का पालन करते हुए पिता ने अपना फर्ज निभाते हुए अपने बेटे को एक अच्छी शिक्षा देने के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ी जिसका आज जीता जागता उदाहरण देखने को मिला। जहां आज पूरे प्रदेश में कतिया समाज के अलावा अपने माता-पिता और पूरे गांव का नाम रोशन करने वाला छात्र अमित सिगोतिया पिता राधेश्याम सिगोतिया ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के घोषित परिणामों में जिले के प्रतिभाशाली छात्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 590 अंक (720 में से) प्राप्त किए हैं। उन्होंने 99.3052135 प्रतिशत हासिल कर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया है। और जारी स्कोर कार्ड के अनुसार अमित ने ऑल इंडिया रैंक 13,808 प्राप्त की है। वे अनुसूचित जाति वर्ग से हैं और उनकी कैटेगरी रैंक 305 रही है। विषयवार प्रदर्शन में उन्होंने बायोलॉजी में 99.58 परसेंटाइल, केमिस्ट्री में 99.51 परसेंटाइल तथा फिजिक्स में 98.99 परसेंटाइल प्राप्त किए हैं। अमित की इस उपलब्धि से उनके परिवार, शिक्षकों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। उनकी सफलता को कड़ी मेहनत, नियमित अध्ययन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम माना जा रहा है। इस शानदार प्रदर्शन से उन्होंने जिले का नाम भी गौरवान्वित किया है। गौरतलब है कि देशभर के मेडिकल एवं डेंटल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित सबसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक है। अमित सिहोटिया की इस सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे अपने लक्ष्य की ओर अधिक मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए उत्साहित होंगे।

### बस से बैग चोरी का पर्दाफाश,चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार



**समय जगत, सारंगपुर ।** थाना प्रभारी सारंगपुर उनि राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बस स्टैण्ड पर खडी बस से बैग चोरी करने वाले तथा चोरी का माल खरीदने वाले सुनार दोनों आरोपीगणों को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से चांदी की पायल, कमर में पहनने वाली चांदी की कमरबंद कुल चांदी करीब 562 ग्राम,एक मोबाइल एवं एक दो साड़ियां व कपडे कुल कीमती 62000 रुपये के जप्त कि गई। पुलिस की कार्यवाही दिनांक 08.07.2026 को फरियादिया पूजा गोस्वामी पति दिनेश गोस्वामी उम्र 28 साल निवासी ककरकडिया थाना नलखेडा जिला आगर मालवा का बस स्टैंड सारंगपुर से बस में से कोई अज्ञात व्यक्ति एक बैग चोरी कर ले गया था। बैग में चांदी की पायल, कमर में पहनने वाली चांदी की कमरबंद कुल चांदी करीब 562 ग्राम,एक मोबाइल एवं एक दो साड़ियां व कपड़े थे। घटना की सूचना मिलने पर फरियादिया की रिपोर्ट पर से थाना सारंगपुर पर प्रकरण क्र. 529/26 धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबद्ध किया विवेचना में लिया गया दौराने विवेचना बस स्टैंड व आने जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से आरोपी की पहचान कर आरोपी रमेश पिता कन्हैयालाल नगर उम्र 40 साल निवासी लसूडिया धाकड़ थाना खुजनेर जिला राजगढ़ को गिरफ्तार किया गया। जिससे चांदी की पायल एवं कमरबंद एवं साड़ी व बैग,जप्त किया किया गया।

### जाट महासभा के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र जाट की माताजी निर्मला जाट का निधन



**समय जगत, पचोर ।** जाट महासभा के राष्ट्रीय सचिव एवं कांग्रेस नेता राजेंद्र जाट तथा जितेंद्र जाट की माताजी, वरिष्ठ नागरिक निर्मला जाट का रविवार को निधन हो गया। उनके निधन से समाज एवं क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार को स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन, जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, शुभचिंतक एवं नागरिक शामिल हुए। मुक्तिधाम में आयोजित शोकसभा में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की गईं।

### सकल हिंदू समाज ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**समय जगत, पांढुरना ।** जिले के सौंसर क्षेत्र में लगातार सामने आ रहे कथित गौ तस्करी के मामलों को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और सकल हिंदू समाज के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद्र परिहार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। संगठनों ने मोहगांव पुलिस पर गौ तस्करी रोकने में लापरवाही बरतने और प्रभावी कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। साथ ही जिले में अवैध गौ तस्करी पर सख्त कार्रवाई की मांग की। संगठनों का कहना है, कि बड़ी संख्या में गोवंश को अवैध रूप से महाराष्ट्र के कत्लखानों तक पहुंचाया जा रहा है, लेकिन इस पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजरंग दल सहित विभिन्न सामाजिक संगठन लगातार पुलिस प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं, इसके बावजूद गौ तस्करी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

# मानसून की बेरुखी से सोयाबीन पर संकट



**समय जगत,बेटमा।** मानसून की बेरुखी के चलते देपालपुर तहसील के किसान इन दिनों भारी परेशानी से गुजर रहे हैं। खरीफ की प्रमुख फसल सोयाबीन अब दम तोड़ने लगी है। खेतों में दरारें साफ नजर आने लगी हैं। 23 दिन की हो चुकी सोयाबीन की फसल को अब किसी भी हाल में पानी की सख्त आवश्यकता है। फसल में अब तक एक स्प्रे भी किया जा चुका है, लेकिन बारिश नहीं होने से स्थिति नाजुक बनी हुई है।

दोहरी मार झेल रहे अन्नदाता :- किसानों का दर्द यह है कि कभी फसल का उचित मूल्य नहीं मिलने से नुकसान होता है तो कभी मौसम की मार झेलनी पड़ती है। किसानों को बहुत कम ऐसा मौका मिलता है जब उनकी फसल भी अच्छी हो और फसल का उचित दाम भी उन्हें मिल जाए।

फसल को बचाने के लिए किसान जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं। किसान अपनी सोयाबीन की फसल को बचाने के लिए ठीक उसी प्रकार कोशिश कर रहा है जैसे एक पिता अपनी संतान को बचाने की कोशिश करता है। कई किसान मिनी स्प्रिंकलर की मदद से खेतों में पानी दे रहे हैं ताकि पौधों को कुछ राहत मिल सके। अब किसानों की निगाहें आसमान पर टिकी हैं। अगर जल्द बारिश नहीं हुई तो हजारों किसानों की लागत और मेहनत दोनों बर्बाद हो सकती है।

सोयाबीन की फसल के लिए अभी स्थिति नाजुक है। फसल को राहत देने के लिए किसानों को खेतों में निंदाई-गुड़ाई के साथ डोरे चलाने चाहिए। इससे खरपतवार भी निकलेगा और जमीन की नमी भी बरकरार रहेगी। वहीं हल्के खेतों में फसल को बचाने के लिए मिनी स्प्रिंकलर का प्रयोग किया जा सकता है ताकि फसल सूख न पाए। साथ ही उन्होंने किसानों को सलाह दी कि इस समय कीटनाशक का छिड़काव न करें।

डॉ. डीके.मिश्रा, कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र इंदौर

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की नवीन कार्यकारिणी की प्रथम परिचयात्मक बैठक की गई आयोजित



**समय जगत, रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा, जिला रतलाम की नवीन कार्यकारिणी की प्रथम परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य में हुई इस बैठक में नव-नियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का परिचय, संगठनात्मक कार्य योजना, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा संगठन को अधिक सशक्त बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मोर्चा जिलाध्यक्ष संदीप यादव ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों से संगठन के दायित्वों पर गंभीरता पूर्वक कार्य करने एवं रणनीतिगत कार्य योजना बनाकर कार्य करने का आव्हान किया। बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष भाजपा जुबिन जैन, प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ( शासन योजना प्रभारी) आशीष सोनी,पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा नंदकिशोर मावर,महामंत्री चेतन टाक एवं सुरेश गुर्जर मंचासीन रहे । बैठक का संचालन महामंत्री चेतन टाक ने किया । आभार रवि पवार ने व्यक्त किया।


# कांग्रेसियों ने किया सीएम केंद्रीय मंत्री व कृषि मंत्री का पुतला दहन



**समय जगत, सुठालिया ।** मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान व जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष भगवान सिंह बागड़ी के निर्देश अनुसार ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने सुठालिया बस स्टैंड से गांधी चौक तक सरकार के खिलाफ अपनी मांगों को लेकर नारे लगाते हुए मार्च किया इसके उपरांत मुख्यमंत्री मोहन यादव,केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान,कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना का बस स्टैंड पर पुतला दहन किया गया। पुलिस ने पुतले को छीनने का पूरा प्रयास किया। तदोपरांत बस स्टैंड तिराहे पर मोहन लोधी ने नुक्कड़ सभा को संबोधित कर अपनी बात को सबके सामने रखा। वर्तमान समय में ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की भारी कटौती की जा रही है, जिससे किसान बहुत परेशान हैं। सरकार की टोकन व्यवस्था फ़िलाफ साबित हुई है यह तत्काल बंद होना चाहिए। जिससे छोटे बड़े किसानों को समान रूप से डीएपी व यूरिया खाद उपलब्ध हो सके मूंग की नई एम एस पी दर शीघ्र लागू की जाए 100त्न मूंग की खरीदी शासन द्वारा की जाए। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता उमेश कुमार मिश्रा ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष धीरपसिंह सोंधिया किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष गिरवर सिंह नरूका पूर्व जनपद अध्यक्ष जुझार सिंह गोलाखेड़ा पूर्व ब्लाक अध्यक्ष मोहन लोधी श्याम पालीवाल प्रदीप सिंह परमार किसान कांग्रेस के जिला सचिव रघुवीर सिंह सोंधिया सरदार सिंह सोंधिया प्रहलाद सिंह यादव पर्वत सिंह सोंधिया सुरेंद्र सिंह सरपंच ओम प्रकाश मीणा तरैना डॉ बेनी प्रसाद सेन अखिलेश पालीवाल शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन सिलावट ऐलकर सोंधिया शानू खोकर राधेश्याम लोधी नीरज लोधी सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।

# पेंच के दो रिसॉर्टों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई एक्सपायरी खाद्य सामग्री मिलने पर नोटिस जारी

**समय जगत, सिवनी।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा पेंच क्षेत्र स्थित रिसॉर्टों का निरीक्षण कर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता एवं स्वच्छता की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान तुली टाइगर रिजॉर्ट में वेज एवं नॉनवेज खाद्य सामग्री को एक ही स्थान पर रखने, अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य सामग्री का भंडारण करने, एक्सपायरी खाद्य सामग्री से भोजन तैयार किए जाने तथा बड़ी मात्रा में एक्सपायरी खाद्य सामग्री संग्रहित पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 32 के अंतर्गत इम्प्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया। इसी प्रकार आकर्ड वाइल्ड लाइफ पेंच रिसॉर्ट से जांच हेतु बेसन का नमूना लिया गया। साथ ही एक्सपायरी खाद्य सामग्री का भंडारण पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान को भी खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 32 के तहत इम्प्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों प्रतिष्ठानों के खाद्य कारोबारकर्ताओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण में गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री का निर्माण, भंडारण एवं उपयोग सुनिश्चित करने तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए।



### शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में डीईओ के सख्त निर्देश 22 जुलाई तक शत-प्रतिशत नामांकन का रखा लक्ष्य



**समय जगत पांढुरना ।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय के सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें पांढुरना एवं सौसर विकासखंड के समस्त शासकीय विद्यालयों के प्राचार्य एवं संकुल प्राचार्य उपस्थित रहे। बैठक में शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों ने समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक संचालक डी.पी. डेहरिया ने सभी प्राचार्यों को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर विद्यार्थियों का वन टाइम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से जनरेट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नामांकन की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है, इसलिए सभी विद्यालय आगामी 22 जुलाई तक शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें।

# नशाखोरी की वजह से हो रहा परिवारों का विघटन : डॉ. मनोज अग्रवाल

## आयुर्वेदिक महाविद्यालय में नशामुक्ति जागरुकता कार्यक्रम किया आयोजित



**समय जगत, बुरहानपुर ।** नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत तहत आयुर्वेदिक महाविद्यालय के छात्रों के मध्य ÷सर्व सेवा संकल्प समिति÷ एवं नशामुक्ति केंद्र के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नशा मुक्ति के दुष्परिणाम, बचाव एवं सावधानियों के बारे में पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से बताया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में नशामुक्ति केंद्र के संचालक डॉ मनोज अग्रवाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नशे की लत से व्यक्ति अनेक बीमारियों का शिकार होता है। नशाखोरी के कारण व्यक्ति के दिमाग में नकारात्मक विचार आते हैं, जिससे वह हिंसक और आक्रामक हो जाता है। व्यक्ति के रिश्ते खराब होते हैं, जिससे वह अपने परिवार और समाज से कट जाता है।

नशाखोरी के कारण व्यक्ति के जीवन में आर्थिक संकट भी आता है, क्योंकि नशे की लत को पूरा करने के लिए वह अपनी आय का बड़ा हिस्सा खर्च करता है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शिव कुमार आचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए सरकार के साथ समाज और व्यक्तियों सभी को सामूहिक लड़ाई लड़नी होगी। तभी इस समस्या का अंत होगा। कार्यक्रम के पश्चात सभी उपस्थित बच्चों,शिक्षकों व गणमान्यजनों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ महेंद्र दुबे ने एवं आभार डॉ. चेतन पाटीदार द्वारा किया गया।

### स्वास्थ्य शिविर में 129 से अधिक मरीजों ने उठाया लाभ

**बुरहानपुर ।** ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा 19 जुलाई को पवार हेल्थ केयर,ग्राम बमनाला तहसील भीकनगांव जिला खरगोन मे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 129 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. अकरम खान (जनरल फिजिशियन) डॉ. प्रमोद चौधरी (जनरल फिजिशियन) द्वारा स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का परामर्श किया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी गई। सभी मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप एवं ब्लड प्रेशर की जाँच की गई। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के संचालक श्री कबीर चौकसे जी के दिशा निर्देशन मे एवं डॉ. सर्वेश पवार और डॉ. टी.आर. पवार के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

## संपादकीय

# प्रौद्योगिकी निर्माण में देश को मिल रही है ऐतिहासिक सफलता

भारत देश आज प्रगति के हर मोर्चे पर तेजी से सफलता प्राप्त कर रहा है। दिनांक 18 जुलाई को भारत में निजी क्षेत्र के पहले ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 के प्रक्षेपण की दिशा में ऐतिहासिक प्रगति जिसने पूरे विश्व का ध्यान आकर्षित किया, भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते का 15 जुलाई से लागू होना, 20 जुलाई से 13 अगस्त प्रारंभ होने वाला संसद का मानसून सत्र, पश्चिम एशिया में ईरान-अमेरिका संघर्ष का विस्तार तथा होरमुज़ क्षेत्र में बढ़ता सैन्य तनाव, साथ ही ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की भ्रष्टाचार धारणा रिपोर्ट जैसे घटनाक्रम केवल समाचार नहीं हैं, बल्कि वैश्विक पूंजी प्रवाह, ऊर्जा कीमतों, मुद्रा बाजार, निवेश विश्वास और आर्थिक विकास को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण कारक हैं। जिस पर पूरे विश्व की निगाहें हैं। सरकार के अनुसार भारत का अंतरिक्ष उद्योग 2030 तक लगभग 40-45 अरब डॉलर और 2040 तक 100 अरब डॉलर तक पहुंचने का लक्ष्य रखता है। इससे एयरोस्पेस, रक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, सैटेलाइट सेवाओं, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा उच्च तकनीकी विनिर्माण क्षेत्र की सूचीबद्ध कंपनियों में दीर्घकालिक निवेश आकर्षित होने की संभावना है। विदेशी निवेशकों के लिए भी यह संकेत है कि भारत केवल सेवा आधारित अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि उच्च प्रौद्योगिकी निर्माण की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। 15 जुलाई से भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते का लागू होना भारतीय निर्यातकों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। वस्त्र, ऑटो कंपोनेंट फार्मास्यूटिकल्स इंजीनियरिंग, कृषि-प्रसंस्करण, रत्न एवं आभूषण तथा आईटी सेवाओं को बेहतर बाजार मिलने की संभावना है। यदि निर्यात बढ़ता है तो भारतीय कंपनियों के मुनाफे में वृद्धि हो सकती है, जिसका सकारात्मक प्रभाव शेयर बाजार पर भी पड़ सकता है। साथ ही विदेशी कंपनियों का भारत में निवेश बढ़ने से रोजगार, उत्पादन और कर संग्रह में भी वृद्धि संभव है। 20 जुलाई से 13 अगस्त तक प्रस्तावित संसद का मानसून सत्र निवेशकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगा क्योंकि इस दौरान कर सुधार, एमएसएमई, निवेश, बैंकिंग तथा अन्य आर्थिक विधेयकों पर चर्चा और निर्णय संभावित हैं। यदि सुधारवादी नीतियां आगे बढ़ती हैं तो बाजार इसे सकारात्मक संकेत के रूप में देख सकता है। तकनीक व व्यावसायिक क्षेत्र में देश का बढ़ रहा वैश्विक प्रभाव सही मायने में देश की वैश्विक प्रतिष्ठा का सूचक है।

# मुरादनगर में विपक्षियों पर गरजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**दीपक कुमार त्यागी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वहां उपस्थित अपार जनसमूह को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी आज आस्था की बात कर रही हैं, इनको केसरिया रंग से ही चिढ़ होती थी। उन्होंने गाजियाबाद के संदर्भ में बोलते हुए कहा कि अब दिल्ली के ग्रोथ इंजन का काम गाजियाबाद कर रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 17 जुलाई की सांय लगभग 4.30 बजे मुरादनगर के तेजपाल सिंह त्यागी कुशल पाल त्यागी मेमोरियल डिग्री कॉलेज में पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राजपाल त्यागी की प्रतिमा का अनावरण किया। भारतीय जनता पार्टी के मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने अपने पिता की स्वर्णिम अनमोल यादों को संजोने के लिए एक भव्य अनावरण समारोह का आयोजन किया। प्रतिमा अनावरण के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद गाजियाबाद के मुरादनगर एवं मोदीनगर विधान सभा क्षेत्रों में ?868 करोड़ से अधिक लागत की 90 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण / शिलान्यास भी किया और गाजियाबाद कलेक्ट्रेट में पंहुच कर के कांवड़ यात्रा की तैयारियों के लिए बैठक करके अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वहां उपस्थित अपार जनसमूह को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी आज आस्था की बात कर रही हैं, इनको केसरिया रंग से ही चिढ़ होती थी। उन्होंने गाजियाबाद के संदर्भ में बोलते हुए कहा कि अब दिल्ली के ग्रोथ इंजन का काम गाजियाबाद कर रहा है। यहां आपको बता दें कि लोकप्रिय जननेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राजपाल त्यागी किसी परिचय व सम्मान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी निर्भीक, बेबाक, जनसेवा सर्वोपरि वाली कार्यशैली के दम पर जनता की अदालत में जीवन पर्यन्त विशेष प्रेम पाते हुए विशिष्ट सम्मान प्राप्त करने का कार्य किया था। राजपाल त्यागी ने अपने द्वारा किये गये विकास कार्यों के दम पर जनता की अदालत में जीवित रहते हुए ही विकास पुरुष । खिताब हासिल करने का कार्य कर लिया था, जोकि सार्वजनिक जीवन में बहुत बड़ी अनमोल उपलब्धि थी। राजपाल त्यागी ने जीवन पथ पर आम जनमानस के बीच व राजनीतिक गलियारों में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाते हुए सफल राजनेता बनने का मुकाम बखूबी हासिल किया था, जो किसी भी राजनेता को बहुत ही मुश्किल से हासिल होता है। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राजपाल त्यागी की लोकप्रिय का आलम यह था कि वह मुरादनगर विधानसभा से कांग्रेस, सपा व बसपा के टिकट के साथ-साथ निर्दलीय के रूप में छह बार विधायक चुने गए थे। 80 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद 18 जुलाई 2025 को जब राजपाल त्यागी का निधन हो गया था, तो उस वक्त खराब मौसम व कांवड़ यात्रा में रास्ते बंद होने के बावजूद भी उनको अंतिम विदाई देने के लिए हिंडन श्मशान घाट पर भारी संख्या में जन सैलाव उमड़ पड़ा था।

पूर्व मंत्री राजपाल त्यागी की खूबी थी कि वह अपने राजनीतिक सफ़र में केवल चुनावों तक ही सीमित नहीं रहे, बल्कि उन्होंने जनसेवा को सर्वोपरि मानते हुए अपना जीवन क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए समर्पित कर रखा था। उनकी सबसे बड़ी खूबी थी वह क्षेत्र के अधिकतर लोगों को नाम से जानते थे और वह अपने क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में कंधे से कंधा मिलाकर के आगे खड़े नज़र आते थे, कोई भी व्यक्ति जब उनकी चौखट पर किसी कार्य को लेकर आता था तो वह कभी भी निराश होकर वापस नहीं आता था। आम जनमानस के बीच उनकी लोकप्रियता का आलम यह था कि वह मुरादनगर क्षेत्र से निर्दलीय विधायक के रूप तक में भी चुनें जाते थे, वह एक व्यवहार कुशल, विकास पुरुष जननेता के रूप में लोगों को याद आते हैं। वह क्षेत्र में राजनीति के पुरोधा माने जाते हैं, क्षेत्र की आम जनता के बीच उनकी लोकप्रियता का आलम यह था कि मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र से वह 6 बार विधायक चुने गए थे और अपनी लोकप्रियता व कार्यों के दम पर वह उत्तर सरकार में कैबिनेट मंत्री भी बने। वहीं आज के संदर्भ में अहम बात यह है कि फिलहाल मुरादनगर से भारतीय जनता पार्टी से राजपाल त्यागी के छोटे बेटे अजीत पाल त्यागी लगातार दो बार से विधायक हैं, वह भी अपने पिता राजपाल त्यागी के नक्शे कदम पर चलते हुए उनके विचारों को संजोने का कार्य बखूबी करते हुए अपने पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य भी बखूबी कर रहे हैं।

प्रतिमा अनावरण के अवसर पर स्वर्गीय राजपाल त्यागी के भाई यशपाल त्यागी, पुत्र गिरीश त्यागी, पुत्र अजीत पाल त्यागी, भतीजे राजीव त्यागी व अभिषेक त्यागी व अन्य सभी परिजन, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड व पुलिस प्रशासन के आलाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं प्रतिमा अनावरण व जनसभा के कार्यक्रम में मंत्री सुनील कुमार शर्मा, मंत्री नरेंद्र कश्यप, मेयर सुनीता दयाल, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता बसंत त्यागी, सांसद अतुल गर्ग, सांसद राजकुमार सांगवान, विधायक मंजू सिवाच, विधायक नंद किशोर गुर्जर, विधायक संजीव शर्मा, एमएलसी दिनेश गोयल, पूर्व सांसद रमेश चंद्र तौमर, क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, जिलाध्यक्ष चैन पाल सिंह गुर्जर व बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधि, राजनेता, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, क्षेत्र के गणमान्य लोगों व हजारों की संख्या में राजपाल त्यागी के प्रशंसक क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# संघ की जीवंत परम्परा की सूरत सत्य के आईने में

## नजरिया

**सृजन में शोर नहीं होता। साधना के जुबान नहीं होती। किंतु सिद्धि में वह शक्ति होती है कि हजारों पर्वतों को तोड़कर भी उजागर हो उठती है। यह कथन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर अक्षरशः सत्य सिद्ध होता है। संघ अपने स्थापना के सौवें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। वर्ष 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा बोया गया एक छोटा-सा संगठनात्मक बीज आज भारतीय समाज के सबसे व्यापक स्वयंसेवी संगठनों में विकसित हो चुका है। इन सौ वर्षों में संघ ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे- स्वतंत्रता आंदोलन का दौर, देश का विभाजन, प्रतिबंध, आपातकाल, सामाजिक परिवर्तन, वैश्वीकरण, कोरोना महामारी और विकसित भारत की नई आकांक्षाएं। इन सभी चरणों में संघ ने स्वयं को केवल एक संगठन के रूप में नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार, संगठन और राष्ट्रचेतना के माध्यम के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। यही कारण है कि संघ की शताब्दी केवल किसी संगठन की यात्रा का उत्सव नहीं, बल्कि इस सार्थक एवं राष्ट्र-निर्माण की विचार-यात्रा का मूल्यांकन भी है। इसी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में प्रकाशित 'आरएसएस एट 100 एक सदी संकल्प की' अत्यंत महत्त्वपूर्ण पुस्तक बनकर सामने आती है।**

**ललित गर्ग**

प्रभात प्रकाशन से प्रकाशित इस कृति के लेखक श्याम जाजू और अनुपम त्रिवेदी हैं। लेखक द्वय की इस पुस्तक में संघ के अतीत एवं भविष्य की विवेचना करते हुए भारत एवं नया भारत निर्मित करने में उसकी भूमिका को उजागर किया है और उसके इतिहास में सच्चाई के प्रतिबिम्बों को उभारने पर बल दिया है। संघ के इतिहास को धूमिल किया गया, धुंधलाया गया है, अन्यथा संघ का इतिहास दुनिया के लिये एक प्रेरणा है, अनुकरणीय है। क्योंकि संघ एक ऐसा शांति-अहिंसामय संगठन है, जो हर मोड पर निरंतरता लिये हुए सृजनात्मक बना रहा है। इसी निरंतरता में संघ की पहली शताब्दी का महत्व निहित है और शायद अगली शताब्दी के संकल्पों की दिशा भी। सम्पूर्ण दुनिया भारत की ओर देख रही है, उसमें विश्व गुरु की पात्रता निरन्तर प्रवहमान रही है, हमने कोरोना महामारी के एक जटिल एवं संघर्षमय दौर में दुनिया के सभी देशों के हित-चिन्तन का भाव रखा, सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास मंत्र के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साबित किया कि वसुधैव कुटुम्बकम- दुनिया एक परिवार है, का भारतीय दर्शन ही मानवता का उजला भविष्य है। इसी विचार पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आगे बढ़ रहा है, वह एक अनोखा और दुनिया का सबसे बड़ा गैर राजनीतिक संगठन है। यह भारतीय राष्ट्रवाद की सबसे मुखर, सबसे प्रखर आवाज है। देश की सुरक्षा, एकता और अखंडता उसका मूल उद्देश्य है। जैसे-जैसे संघ का वैचारिक, सांस्कृतिक, सामाजिक प्रभाव देश और दुनिया में बढ़ रहा है, वैसे-वैसे हिंदुत्व और राष्ट्र के प्रति समर्पित इस संगठन के बारे में जानने और समझने की ललक लोगों के बीच बढ़ती जा रही है। इस विशाल संगठन के विभिन्न विषयों पर विचार तथा इसकी कार्यप्रणाली से आमजन परिचित होना चाहते हैं। जाजू एवं त्रिवेदी की पुस्तक संघ से जुड़ी जिज्ञासाओं का प्रभावी, प्रासंगिक एवं तथ्यपरक विवेचन करती है। एक सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन होते हुए भी संघ ने भारतीय राजनीति की दिशा को राष्ट्रीयता की ओर कैसे परिवर्तित किया है, यह समझने के लिए भी यह पुस्तक पढ़ना आवश्यक है। भारत का विश्वगुरु के रूप में अभ्युदय एक महत्वपूर्ण प्रश्न रहा जिसकी विवेचना लेखक ने समग्र रूप से प्रस्तुत पुस्तक में की है, जो संघ के शताब्दी वर्ष की आयोजना का मूल केन्द्र है। इस महत्वपूर्ण पुस्तक का




लोकार्पण भारत के उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में किया। समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वरिष्ठ पत्रकार रामबहादुर राय तथा अनेक विशिष्ट जनों की उपस्थिति ने इसे केवल पुस्तक-विमोचन तक सीमित नहीं रहने दिया, बल्कि संघ की शताब्दी यात्रा पर एक राष्ट्रीय विमर्श का स्वरूप प्रदान किया। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने संघ-इतिहास से जुड़ी अनेक नये सन्दर्भो एवं बातों को विवेचित करते हुए कहा कि किस तरह से संघ पिछले सौ वर्षो से राष्ट्र और समाज की सेवा कर रहा है, किंतु उसके बारे में आज भी अनेक भ्रांतियां और पूर्वाग्रह मौजूद हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पुस्तक उन भ्रमों को दूर करने और संघ के वास्तविक स्वरूप को समझने का सशक्त माध्यम बनेगी। यह टिप्पणी इस पुस्तक की मूल आत्मा भी है, क्योंकि इसका उद्देश्य केवल संघ का गुणगान करना नहीं, बल्कि उसकी वैचारिक यात्रा, संगठनात्मक विकास, राष्ट्र निर्माण में भूमिका तथा भविष्य की दिशा को तथ्यपरक ढंग से सामने रखना है। इस पुस्तक की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह संघ को केवल अतीत के संदर्भ में नहीं देखती, बल्कि विकसित भारत-2047, सांस्कृतिक पुनर्जागरण, सामाजिक समरसता, आत्मनिर्भरता, सेवा, राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक भारत की उभरती भूमिका के साथ जोड़कर उसका विश्लेषण करती है। इसलिए यह केवल संघ के इतिहास का दस्तावेज नहीं, बल्कि नए भारत के वैचारिक विमर्श का भी एक महत्त्वपूर्ण ग्रंथ है।

पुस्तक का स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा अध्याय विशेष रूप से उल्लेखनीय है। लंबे समय से यह आरोप लगाया जाता रहा है कि संघ का स्वतंत्रता आंदोलन में कोई योगदान नहीं था। पुस्तक इस धारणा का ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर प्रतिवाद करती है। इसमें डॉ. हेडगेवार की स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका, उनके कारावास, भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा क्रांतिकारियों को सहयोग तथा विभाजन के समय राहत और सुरक्षा कार्यों का विस्तार से उल्लेख किया गया है। पुस्तक का एक अन्य महत्त्वपूर्ण पक्ष यह है कि इसमें संघ को राजनीति से जोड़कर देखने की सीमित दृष्टि का विस्तार किया गया है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि संघ स्वयं राजनीतिक दल नहीं है, बल्कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले व्यक्तियों का निर्माण करने वाला संगठन है। शिक्षा, ग्राम विकास, पर्यावरण, सेवा, संस्कृति, श्रमिक संगठन, छात्र आंदोलन, महिला सशक्तीकरण, अनुसूचित वर्गों के उत्थान तथा आपदा राहत जैसे अनेक क्षेत्रों में संघ प्रेरित संगठनों की भूमिका का विस्तृत परिचय दिया गया है। विशेष रूप से सेवा कार्यों का विवरण इस पुस्तक की आत्मा है। कोरोना महामारी, प्राकृतिक आपदाओं, सीमावर्ती क्षेत्रों, वनवासी समाज तथा अभावग्रस्त वर्गों के बीच संघ और उसके स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्यों को तथ्यात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया है। इससे स्पष्ट होता है कि संघ का सेवा कार्य केवल संकट के समय तक सीमित नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली सामाजिक साधना है। पुस्तक में संघ से जुड़े अनेक मिथकों और विवादों पर भी खुलकर चर्चा की गई है। हिंदू राष्ट्र की अवधारणा, जाति व्यवस्था, आरक्षण, महिलाओं की भूमिका, अल्पसंख्यकों के प्रति दृष्टिकोण तथा लोकतंत्र के प्रति संघ की प्रतिबद्धता जैसे विषयों को विस्तार से समझाया गया है। विशेष रूप से राष्ट्र सेविका समिति के माध्यम से महिलाओं की सहभागिता का विवरण उन धारणाओं को चुनौती देता है कि संघ में महिलाओं के लिए कोई स्थान नहीं है। पुस्तक का एक आकर्षक अध्याय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती भूमिका को संघ की वैचारिक दृष्टि से देखता है।

वैचारिक दृष्टि से देखें तो पुस्तक बार-बार इस तथ्य को रेखांकित करती है कि संघ का मूल उद्देश्य सत्ता प्राप्ति नहीं, बल्कि चरित्रवान नागरिकों का निर्माण है। संघ के अनुसार राष्ट्र निर्माण का आधार व्यक्ति निर्माण है। शाखा इसी उद्देश्य की प्रयोगशाला है, जहां अनुशासन, सेवा, नेतृत्व और सामाजिक समरसता का अभ्यास कराया जाता है। यही कारण है कि पुस्तक बार-बार यह स्थापित करती है कि स्वयंसेवक ही संघ का वास्तविक परिचय है। निस्संदेह किसी भी वैचारिक पुस्तक की तरह इस पुस्तक को भी विभिन्न दृष्टिकोणों से पढ़ा जा सकता है। आलोचक इसके कुछ निष्कर्षों पर असहमति व्यक्त कर सकते हैं, जबकि समर्थकों को इसमें अपने विचारों का प्रामाणिक आधार मिलेगा। किंतु इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह पाठक को पूर्वाग्रहों से ऊपर उठकर संघ को उसके अपने संदर्भों में समझने का अवसर देती है। यही किसी भी गंभीर वैचारिक पुस्तक की सफलता होती है। संघ के विषय में पहले भी अनेक महत्त्वपूर्ण पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं, जिनमें 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के 100 वर्ष', 'कृति रूप संघ दर्शन', 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पहली अग्निपरीक्षा', तथा सुनील आंबेकर की चर्चित कृति 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-स्वर्णिम भारत के दिशा-सूत्र' उल्लेखनीय हैं। इन कृतियों की परंपरा में 'आरएसएस एट 100' अपनी समकालीन प्रस्तुति, व्यापक शोध और संतुलित संरचना के कारण विशिष्ट स्थान प्राप्त करती है।

# प्रगति के साथ सुरक्षा और पारदर्शिता भी जरूरी

**डॉ. शशांक द्विवेदी**

**अग्रणी एआई कंपनी एंथ्रोपिक ने चेताया है कि एआई का विकास इतनी तेजी से हो रहा है कि ऐसी प्रणालियां विकसित हो सकती हैं, जो स्वयं को बिना मानवीय हस्तक्षेप के बेहतर बनाने में सक्षम हों। एआई विकास की गति को धीमा करने की जरूरत है। किसी भी नई तकनीक के इतिहास पर नज़र डालें तो एक दिलचस्प तथ्य सामने आता है–अक्सर उस तकनीक को विकसित करने वाले वैज्ञानिक और संस्थान ही सबसे पहले उसके संभावित खतरों के प्रति चेतावनी देते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म विकसित करने वाले कई तकनीकी विशेषज्ञ आज डिजिटल लत, फेक न्यूज़ और मानसिक स्वास्थ्य पर उसके दुष्प्रभावों को लेकर चिंता व्यक्त कर रहे हैं। अब यही स्थिति कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में भी दिखाई दे रही है।**




दुनिया की अग्रणी एआई कंपनी एंथ्रोपिक ने चेतावनी दी है कि एआई का विकास इतनी तेजी से हो रहा है कि आने वाले दो वर्षों के भीतर ऐसी प्रणालियां विकसित हो सकती हैं, जो स्वयं को बिना मानवीय हस्तक्षेप के बेहतर बनाने में सक्षम हों। कंपनी ने इस संभावना को 'रिकर्सिव सेल्फ-इम्प्रूवमेंट' नाम दिया है और वैश्विक स्तर पर एआई विकास की गति को धीमा करने की आवश्यकता पर बल दिया है। यह चेतावनी केवल तकनीकी विशेषज्ञों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरी मानवता के भविष्य से जुड़ा प्रश्न बन चुकी है। आज के एआई मॉडल अत्यंत शक्तिशाली हैं, लेकिन वे अभी भी मनुष्यों द्वारा विकसित, प्रशिक्षित और नियंत्रित किए जाते हैं। इंजीनियर मॉडल तैयार करते हैं, डेटा उपलब्ध कराते हैं और उसकी कार्यप्रणाली का मूल्यांकन करते हैं। यदि भविष्य में कोई एआई प्रणाली स्वयं अपने कोड को समझने, उसमें सुधार करने और स्वयं को पहले से अधिक सक्षम बनाने लगे, इसके बाद नया और अधिक उन्नत संस्करण फिर स्वयं को और बेहतर बनाए। यदि यह प्रक्रिया लगातार चलती रही, तो एआई की क्षमता बेहद कम समय में कई गुना बढ़ सकती है। इसे ही रिकर्सिव सेल्फ-इम्प्रूवमेंट कहा जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि ऐसा हुआ, तो एआई विकास की गति मानव नियंत्रण और समझ से कहीं आगे निकल सकती है। यह स्थिति तथाकथित 'इंटेलिजेंस एक्सप्लोजन' या 'बुद्धिमत्ता विस्फोट' का रूप ले सकती है। एआई विशेषज्ञों की वास्तविक चिंता इससे कहीं अधिक जटिल है। आज के उन्नत एआई मॉडल पहले ही ऐसे व्यवहार प्रदर्शित कर रहे हैं, जिन्हें वैज्ञानिकों ने सीधे तौर पर प्रोग्राम नहीं किया था। कई बार एआई ऐसे समाधान खोज लेता है, जिनकी कल्पना उसके निर्माताओं ने भी नहीं की होती। हम अभी भी पूरी तरह नहीं समझते कि बड़े एआई मॉडल किसी विशेष निष्कर्ष तक कैसे पहुंचते हैं। जब वर्तमान प्रणालियों को समझना ही कठिन है, तब भविष्य के स्वयं को अपग्रेड करने वाले एआई को नियंत्रित करना और भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। दूसरे शब्दों में, मानवता ऐसी मशीनें बना सकती है, जो अत्यंत शक्तिशाली हों, लेकिन जिनकी आंतरिक कार्यप्रणाली हमारे लिए एक 'ब्लैक बॉक्स' बनी रहे। एआई पहले ही वैश्विक श्रम बाज़ार को बदल रही है। लेखन, अनुवाद, ग्राहक सेवा, प्रोग्रामिंग, डेटा विश्लेषण और प्रशासनिक कार्यों जैसे अनेक क्षेत्रों में एआई का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। यदि भविष्य में एआई स्वयं को लगातार बेहतर बनाती रही, तो यह परिवर्तन और तेज हो सकता है। इससे केवल नियमित नौकरियां ही नहीं, बल्कि डॉक्टर, वकील, पत्रकार, शिक्षक, इंजीनियर और शोधकर्ता जैसे पेशे भी प्रभावित हो सकते हैं। देखा जाए तो तकनीकी क्रांतियां नई नौकरियां भी पैदा करती हैं। लेकिन चिंता इस बात की है कि एआई आधारित बदलाव की गति इतनी तेज हो सकती है कि समाज और श्रम बाज़ार को अनुकूलन का पर्याप्त समय न मिल पाए। इसके परिणामस्वरूप बेरोज़गारी, आय असमानता और सामाजिक अस्थिरता बढ़ सकती है। सरकारों को अभी से बड़े पैमाने पर पुनः कौशल, अप-स्किलिंग और आजीवन सीखने की रणनीतियां विकसित करनी होंगी। एआई विकास को धीमा करने की सबसे बड़ी बाधा देशों और कंपनियों के बीच चल रही तीव्र प्रतिस्पर्धा है। आज एआई केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि आर्थिक, सामरिक और भू-राजनीतिक शक्ति का प्रतीक बन चुकी है। बड़ी टेक कंपनियां बाज़ार में आगे निकलने के लिए अरबों डॉलर का निवेश कर रही हैं। ऐसी स्थिति में यदि कोई देश या कंपनी स्वेच्छा से एआई विकास को धीमा करती है, तो उसे डर रहता है कि उसके प्रतिस्पर्धी उससे आगे निकल जाएंगे। ऐसी स्थिति में वैश्विक स्तर पर किसी सामूहिक समझौते तक पहुंचना अत्यंत कठिन दिखाई देता है। एआई के लिए वैश्विक स्तर पर समन्वित नीतियां विकसित करना समय की मांग है। इन नियमों में सुरक्षा मानक, पारदर्शिता, जवाबदेही, डेटा गोपनीयता, नैतिकता और मानव अधिकारों की रक्षा जैसे मुद्दे शामिल होने चाहिए। भारत जैसे देशों को भी केवल एआई उपभोक्ता बनने के बजाय वैश्विक एआई शासन की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानव इतिहास की सबसे परिवर्तनकारी तकनीकों में से एक है। यह स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, विज्ञान और अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। लेकिन हर शक्तिशाली तकनीक की तरह इसके साथ भी जोखिम जुड़े हुए हैं। एंथ्रोपिक की चेतावनी को तकनीक-विरोधी दृष्टिकोण के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे एक जिम्मेदार आत्ममंथन के रूप में समझना चाहिए। प्रश्न यह है कि क्या हम इसे सुरक्षित, पारदर्शी, नैतिक और मानवीय मूल्यों के अनुरूप विकसित कर पाएंगे। यदि हम समय रहते उचित सुरक्षा उपाय नहीं अपनाते, तो संभव है कि भविष्य में हम ऐसी तकनीक के सामने हों, जिसे हमने बनाया तो हो, लेकिन नियंत्रित न कर सकें।

# आतंकवादी हिंसा को रोकने के लिए जवाबदेही का भाव है जरूरी

**गौतम चौधरी**

आज दुनिया जिस सबसे जटिल संकट से जूझ रही है, वह केवल आतंकवाद या हिंसा का संकट नहीं है; वह विचारों के कट्टर हो जाने का संकट है। किसी भी हिंसक घटना के बाद समाज का ध्यान स्वाभाविक रूप से अपराधियों, हथियारों और सुरक्षा व्यवस्था पर जाता है लेकिन एक प्रश्न अक्सर अनुत्तरित रह जाता है-''आख़िर वह कौन-सी मानसिक और सामाजिक प्रक्रिया है जो एक सामान्य व्यक्ति को इस निष्कर्ष तक पहुँचा देती है कि हिंसा ही न्याय का रास्ता है?'' यहीं से चरमपंथ की वास्तविक चुनौती शुरू होती है। चरमपंथ किसी एक घटना का परिणाम नहीं होता और न ही वह किसी एक धर्म, राजनीतिक विचारधारा या समुदाय तक सीमित है। इतिहास गवाह है कि धार्मिक कट्टरता, नस्लीय श्रेष्ठतावाद, उग्र राष्ट्रवाद, वैचारिक क्रांतिवाद और यहाँ तक कि कुछ राजनीतिक आंदोलनों ने भी अलग-अलग समय पर हिंसा को वैध ठहराने का प्रयास किया है। इसलिए समस्या किसी एक विचार की नहीं, बल्कि उस मानसिक संरचना की है जो असहमति को शत्रुता में बदल देती है। चरमपंथ का पहला चरण दुनिया को दो हिस्सों में बाँटना है- 'हम' और 'वे'। जब समाज को केवल मित्र और शत्रु के द्वंद्व में देखना शुरू कर दिया जाता है, तब संवाद की जगह टकराव ले लेता है। विविधता बोझ लगने लगती है और असहमति को अस्तित्व पर हमला मान लिया जाता है। यही वह बिंदु है जहाँ लोकतांत्रिक संस्कृति कमजोर पड़ने लगती है। इसके बाद आता है पीड़ित होने का आख्यान। लगभग हर चरमपंथी विचारधारा अपने समर्थकों को यह विश्वास दिलाती है कि उनके साथ ऐतिहासिक या वर्तमान समय में इतना अन्याय हुआ है कि सामान्य लोकतांत्रिक उपाय अब पर्याप्त नहीं हैं। जब यह धारणा गहरी हो जाती है, तब प्रतिशोध को न्याय और हिंसा को कर्तव्य के रूप में प्रस्तुत करना आसान हो जाता है। यहीं से नैतिक सीमाएं धुंधली पड़ने लगती हैं। डिजिटल युग ने इस चुनौती को और गंभीर बना दिया है। सोशल मीडिया के एल्गोरिदम उपयोगकर्ता को अक्सर वही सामग्री दिखाते हैं जो उसकी पूर्वधारणाओं को पुष्ट करती है। परिणामस्वरूप व्यक्ति एक ऐसे डिजिटल घेरे में कैद हो सकता है, जहाँ उसे केवल वही विचार सुनाई देते हैं जिनसे वह पहले से सहमत है। इस 'इको चौंबर' में तथ्य पीछे छूट जाते हैं और भावनाएं निर्णयों पर हावी हो जाती हैं। गलत सूचनाएं, षड्यंत्र सिद्धांत और भड़काऊ प्रचार इस प्रक्रिया को और तेज कर देते हैं। यह भी उतना ही सच है कि हर कट्टर विचार रखने वाला व्यक्ति हिंसक नहीं बनता। हिंसा तक पहुंचने के लिए वैचारिक कट्टरता के साथ सामाजिक अलगाव, पहचान का संकट, निरंतर प्रचार और कई बार व्यक्तिगत परिस्थितियाँ भी भूमिका निभाती हैं। इसलिए केवल दमन या निगरानी के उपाय इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकते। यही कारण है कि चरमपंथ के विरुद्ध सबसे प्रभावी हथियार केवल कानून नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक समाज की बौद्धिक और नैतिक शक्ति है। ऐसी शिक्षा, जो प्रश्न पूछना सिखाए; ऐसा सार्वजनिक विमर्श, जो असहमति को स्थान दे। ऐसी मीडिया संस्कृति, जो सनसनी से अधिक सत्य को महत्व दे और ऐसा सामाजिक वातावरण, जिसमें युवा सम्मान, उद्देश्य और अपनापन महसूस करें-यही वे आधार हैं जिन पर हिंसा के विरुद्ध सबसे मजबूत दीवार खड़ी की जा सकती है। भारत जैसे बहुलतावादी लोकतंत्र के लिए यह चुनौती और भी महत्वपूर्ण है। यहां विविधता कोई अपवाद नहीं, बल्कि राष्ट्रीय जीवन का स्वभाव है। यदि समाज का कोई भी वर्ग यह मानने लगे कि केवल उसका सत्य अंतिम है और शेष सब अस्वीकार्य हैं, तो लोकतंत्र की आत्मा ही कमजोर होने लगेगी। इसलिए चरमपंथ का मुकाबला किसी एक समूह के विरुद्ध अभियान नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का सतत प्रयास होना चाहिए। आज आवश्यकता केवल हिंसक घटनाओं की निंदा करने की नहीं, बल्कि उन वैचारिक, मनोवैज्ञानिक और डिजिटल प्रक्रियाओं को समझने की है जिनसे हिंसा जन्म लेती है।

# नामदेव समाज संगठन की ललितपुर जनपद की जिला कार्यकारिणी घोषित

– सुनील सैनी–

**समय जगत, ललितपुर।** आज ललितपुर में तालाबपुरा स्थित संत नामदेव मंदिर पर अखिल भारतीय नामदेव समाज संगठन भारत की ललितपुर जनपद की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें संगठन को जन-जन तक पहुंचाने, समाज को संगठित करने तथा युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की गई, राष्ट्रीय अध्यक्ष के. के. नामदेव की सहमति एवं अनुमोदन से सोनू नामदेव डुलावन को जनपद ललितपुर का जिलाध्यक्ष तथा राहुल नामदेव क्षेत्र पंचायत सदस्य सौंरई को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया, गठन कार्यक्रम में डॉ पवन नामदेव छिल्ला को जिला महामंत्री एवं जिला उपाध्यक्ष आयुष नामदेव ललितपुर, शिवम नामदेव कुम्हेड़ी, डॉ राजेश नामदेव मथुरा डांग, और सचेंद्र नामदेव बांसी को बनाया गया रोहित नामदेव अंशू को जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया, जिला मीडिया प्रभारी रोहित नामदेव बांसी को बनाया गया,जिला मंत्री के रूप में योगेश नामदेव बार, आशुतोष नामदेव साड़ूमल, भगवत नामदेव सैदपुर, रामकुमार नामदेव जरावली, राहुल नामदेव बिल्ला, संजय नामदेव मथुराडांग एवं दीपक नामदेव गौना कुसमाड़ नियुक्त किए गए इस



अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष के. के. नामदेव ने कहा कि अखिल भारतीय नामदेव समाज संगठन ष्भारतष् का उद्देश्य समाज के प्रत्येक व्यक्ति को संगठन से जोड़कर शिक्षा, सामाजिक एकता, सम्मान, स्वाभिमान और युवाओं के नेतृत्व को मजबूत करना है, संगठन समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसकी आवाज बनने का कार्य करेगा, उन्होंने कहा कि आज समाज को संगठित होकर सामाजिक, शैक्षिक और राजनीतिक क्षेत्रों में अपनी मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी, संगठन किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि पूरे समाज का मंच है और समाजहित के प्रत्येक कार्य में संगठन सदैव अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नामदेव समाज ललितपुर के जिलाध्यक्ष विमलेंद्र नामदेव गुड्डू ने कहा कि युवा समाज की रीढ़ और भविष्य होते हैं सभी को मिलजुलकर समाज को नई दिशा देना चाहिए उन्होंने विश्वास दिलाया कि हम आप लोगों के साथ हमेशा खड़े रहेंगे

नामदेव समाज के जिला महामंत्री छोटेलाल नामदेव ने कहा कि हम सभी को संत नामदेव जी के बताए मार्ग पर चलना चाहिए, उन्होंने युवाओं से राजनीति की मुख्य धारा से जुड़ने के लिए जोर दिया

नामदेव समाज के जिला उपाध्यक्ष मुन्नूलाल नामदेव ने कहा कि अखिल भारतीय नामदेव समाज संगठन ष्भारतष् बहुत ही अच्छा कार्य कर रहा है सभी लोगों इन युवाओं का साथ देना चाहिए

इस अवसर पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सोनू नामदेव डुलावन ने संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लेते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूत बनाने का काम करेंगे तथा समाज के लोगों को एकजुट कर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे, वहीं जिला प्रभारी राहुल नामदेव सौंरई ने संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्व का पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करने का विश्वास दिलाया अखिल भारतीय नामदेव समाज संगठन ष्भारतष् की जिला कार्यकारणी के गठन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष के के नामदेव, नामदेव समाज ललितपुर के जिलाध्यक्ष विमलेन्द्र नामदेव गुड्डू ,नामदेव समाज ललितपुर के जिला महामंत्री छोटेलाल नामदेव, नामदेव समाज ललितपुर के जिला उपाध्यक्ष मुन्नूलाल नामदेव, राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी बालकिशन नामदेव ष्बाबाष्, सुखराम नामदेव, रवि नामदेव, अरविंद नामदेव, मनीष नामदेव, आशिक नामदेव सहित ललितपुर के दूर दराज क्षेत्रों से आए नामदेव समाज के लोग और संगठन के नवनियुक्त सभी पदाधिकारिगण मौजूद रहे

कार्यक्रम का सफल संचालन संगठन के प्रदेश मंत्री लकी नामदेव ने किया अंत में कार्यक्रम में आए हुए सभी समाज बंधुओं का अखिल भारतीय नामदेव समाज संगठन ष्भारतष् के राष्ट्रीय अध्यक्ष के के नामदेव ने आभार व्यक्त किया।

# अथ राशिफलम् 20 से 26 जुलाई 2026 तक

**समय जगत, झांसी।** (1)**मेष राशि** -चल रहा ऋण का वोझ, स्वास्थ्य पीडा व विवाद मन के तनाव को बढाएगा, खराब कार्यो से दूर रहें अन्यथा अपयश के भागीदार बनेंगे, जल्दी ही किसी के भरोसे में न आवे, हालांकि 21-22-23तारीख में आपकी दैनिक व्यवसाय व आमदनी में बढ़ोतरी होगी,पर साझेदारी में संदेहास्पद व विवादित स्थिति बढ सकती है,वाहरी मित्र द्वारा प्रदत्त सम्मान से मन प्रसन्न होगा, किसी से भी प्रत्यक्ष शत्रुता से व मूत्र रोगों से बचें,24-25-तारीख व्याधियां बढ सकती है, कोई वुरी खबर आपको प्रभावित कर सकती हैं,पुराना शत्रु सक्रिय होकर मानापमान कर य करा सकता है,, हालांकि पुराना फंसा हुआ धन वापिस मिल सकता है,, 26तारीख में स्थित सामान्य हो कर सुख का मार्ग प्रशस्त होगा हनुमान जी की आराधना करें।

(2)**वृषभ राशि** - शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रयास रत रहेंगे, बुद्धि का प्रयोग सृजनात्मक व लेखन कार्य में होगा,प्रेम सम्बन्धों में मजबूती आएगी, ननिहाल पक्ष से आदान-प्रदान बढेगा, 21-22-23तारीख में आपको सावधान रहना चाहिए,त्रृष्ण प्रभार रोग का वेग अथवा शत्रु षड्यंत्रों का प्रभाव सृजित हो सकता है घर का सेवक संदेहात्मक कार्य में लिप्त रह सकता है, कोई भी अवैधानिक कार्य करने से बचें अन्यथा वंधन व अपयश के भागीदार वन सकते हैं,24-25तारीख में स्थितियां सामान्य होकर मानसिक तनाव मुक्त करेंगी, जीवन साथी का सहयोग मिलेगा, सार्वजनिक जीवन में मधुरता व प्रतिष्ठा बढ़ेगी, रोजगार में मुनाफ बढेगा, 26तारीख में सावधानी रखें क्योंकि चल रही परिस्थितियों में पुनः उबाल आ सकता है अतैव सावधान रहें,व भगवती जगदम्बा की आराधना करें।

(3) **मिथुन राशि** - नवीन वाहन प्राप्ति का योग वन रहा है,सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी, कोई बहुप्रतीक्षित अचल सम्पत्ति का लाभकारी क्रय-विक्रय सम्भव है पर छल छद्म से दूर रहें,माता ससुर या नानी को चिकित्सा की आकस्मिक जरूरत पड सकती है स्वयं भी सर्दी से बचें छाती व पीठ में समस्या हो सकती है, 21-22-23तारीख में सृजनात्मक कार्य में सफलता मिलेगी, शैक्षिक योग्यता बढेगी संतान पक्ष से सुखद समाचार मिलेगा, 24-25तारीख में शत्रुओं व रोगों से बचें,मानापमान हो ऐसे कार्य न करें, 26तारीख में दैनिक रोजगार में वृद्धि होगी लाभ बढेगा साझेदारी भी बढेगी, गजानन भगवान की आराधना करें।

(4)**कर्क राशि** - छोट भाई बहिनों से सम्वंध वना कर रखे पडोसियों से वाद विवाद सम्भव है, सम्पत्ति से सम्वंधित कोई अफवाह आपके धैर्य की परीक्षा ले सकती है,आपका पराक्रम बढ़ेगा, 21-22-23तारीख में माता का स्नेह उपहार प्राप्त होगा, नवीन गृहप्रवेश या वाहन प्राप्ति सम्भव है, भौतिक सुख सुविधाओं के साधनों में वृद्धि होगी व नवीनता आएगी, 24-25तारीख में संतान पक्ष के कार्यो में व्यस्त रहेंगे हो सकता है कि उनके विवाह या रोजगार से सम्बंधित कुछ महत्वपूर्ण फैसले हों, धार्मिक यात्रा भी सम्भव है,पर 26तारीख में सावधानी रखें आपका कोई अपना ही धोखा या वने कार्यो को विगाड सकता है हालांकि आप क्षति से वचे रहेंगे,, शिवजी की आराधना करें।

(5) **सिंह राशि** - पुराने व महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सम्भाल कर रखें,धनखर्चने व परिवार और स्वयं की वाणी को नियंत्रित रहें,रत्न या धातु खरीदते समय सावधानी बरतें अन्यथा आप ठगे जा सकते हैं, 21-22-23तारीख में छोटे भाई बहिनों से वाद विवाद सम्भव है पर धैर्य रखें, यात्रा में सावधानी रखें सम्भव हो तो यात्रा टालें,पडोसियो से वाद विवाद से बचें, हालांकि आपका दाम्पत्य जीवन में प्रवेश का योग वन रहा है 24-25तारीख में वहु प्रतीक्षित सुख सुविधाओं के साधनों को व्यवस्थित करने में लगेंगे, माता-पिता का स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है, हालांकि आप किसी धार्मिक कार्य में शामिल रह सकते हैं 26तारीख में ननिहाल में जाना आना पड सकता है, कलात्मक कार्य पूर्ण होंगे, हालांकि अपमान जनक स्थिति से स्वयं को वचाए,, सूर्य नारायण की उपासना करें।

(6) **कन्या राशि** --पिछले सप्ताह से चल रही सफलताएं, खुशियां वनी रहेगी,आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा, मस्तिष्क में उन्नति के नए नए विकल्प आएंगे,रंग रुप स्वास्थ्य अच्छा रहेगा,आपके शत्रुओं का पराभव होगा, 21-22-23तारीख में धन रत्न,गहने आदि का उपहार मिल सकता है, बच्चों की शिक्षा क्षेत्र में व्यस्त रह सकते हैं, अपनी वाणी को नियंत्रित करें,, नेत्रों को पीडा से वचाए, और दायित्वों को बंधन न समझें,, तो अनेकों सफलताएं प्राप्त होगी, 24-25तारीख में छोटे भाई बहिनों की देखभाल करनी पड सकती है, 26तारीख में अचल संपत्ति से संबंधित वाद विवाद सम्भव है, गणेश जी की आराधना करें।

(7)**तुला राशि** -चल रहा तनाव आगे भी चल सकता है , उच्चाधिकारियों से वाद विवाद न बनाएं,काम का वोझ रहेगा, पर सफलताएं भी प्राप्त होगी, अपनों का स्वास्थ्य प्रभावित रहेगा,पर 21-22-23तारीख में स्वास्थ्य लाभ होगा, स्थिति में परिवर्तन होगा लाभ कारी स्थिति निर्मित होगी,धन पद प्रतिष्ठा मान सम्मान में वृद्धि होगी, 24-25तारीख में अनेकानेक उपहार प्राप्त हो सकते हैं, दीर्घकालिक प्रयास परिणाम दे सकते हैं, खोया हुआ दस्तावेज प्राप्त हो सकता है,पर पडौसी और नेत्र से सावधान रहें दोनों ही दर्द दे सकते हैं, 26तारीख में कोई यात्रा सम्भव है, परिवार के छोटे सदस्यों की जिम्मेदारी निभाते हुए आवश्यक कार्य विलम्वित हो सकते हैं भगवती दुर्गा की आराधना करें।

(8) **वृश्चिक राशि** - चल रही लाभकारी योजनाएं लाभ देते रहेगी, मित्रों का बडे भाई बहिनों का सहयोग मिलता रहेगा, ऐश्वर्य वृद्धि होगी कान में पीडा सम्भव है, 21-22-23तारीख में कोई अपना या परिचित की चिकित्सीय सेवा करनी पड सकती है, खर्च और तनाव दोनों बढ़ेंगे,धोखा, अपमान मिल सकता है, किसी पुराने मामलों में दंड प्राप्त हो सकता है, 24-25तारीख में परिवर्तन होगा और अनुकूलता आएगी,आपके व्यक्तित्व का विकास होगा, शत्रुओं का पराभव होगा, आरोग्यता बढेगी, कोई पद के साथ नवीन जिम्मेदारी मिल सकती है, 26तारीख में धन, आभूषण,का लाभ होगा,वाणी को नियंत्रित रखें और पडौसियो से मधुरता वनाए रखें, हनुमान जी की आराधना करें।

(9)**धनु राशि** -चल रही विषम परिस्थितियों में सुधार आएगा, कार्य क्षेत्र में अधिकार, प्रतिष्ठा मान सम्मान बढेगा, सामाजिक प्रतिष्ठा में अभिवृद्धि होगी,पर छोटे भाई की परेशानी बढ़ेगी, 21-22-23तारीख में नूतन कार्य योजनाओं का क्रियान्वयन होने से लाभ बढेगा, पुराने स्रोत ज्यादा लाभ देंगे, ऐश्वर्य और मित्रों की संख्या बढेगी,इसी सप्ताह में दूर की यात्रा सम्भव है 24-25तारीख में राजकीय कार्यो में बाधाएं सम्भव है, उच्चाधिकारियों से अनवन हो सकती है, स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है, अपमान जनक स्थिति वन सकती है, 26तारीख में परिस्थितियां अनुकूल होगी,मन प्रसन्न रहेगा पीपल वृक्ष की पूजा करते रहे।

(10) **मकर राशि** -यह सप्ताह अत्यंत सफलता दायक रहेगा, कोई धार्मिक यात्रा व धार्मिक कार्यक्रम सम्भव है, ससुराल का सहयोग मिलेगा, उच्च शिक्षा में उच्च परिणाम आएंगे, किसी धार्मिक व्यक्ति का आशीर्वाद प्राप्त होगा, 21-22-23तारीख में पद प्रतिष्ठा मान सम्मान में वृद्धि होगी, कोई राजनैतिक पद जिम्मेदारी मिल सकती है, धार्मिक उत्सव में भाग लेंगे, माता पिता का सहयोग मिलेगा कारोबार में बढ़ोतरी होगी 24-25तारीख में आय व लाभ दोनों बढ़ेंगे, बड़े भाई बहिनों का विशेष सहयोग मिलेगा ऐश्वर्य बढेगा, कोई बडा व नया वाहन मिलेगा दीर्घकालिक इच्छाएं पूरी होगी होगी, 26तारीख में किसी भी अप्रिय समाचार आपको व्यथित कर सकता हैं,पुराना कोई अभियोग आपकी प्रतिष्ठा मान सम्मान को प्रभावित कर सकता हैं, हनुमान जी की आराधना करें।

(11) **कुम्भ राशि** -चल रही मानसिक व्यग्रता व व्याधियां चलती रहेगी,व्यय का भार बढा रहेगा, इर्द-गिर्द व्यसन कारी तत्वों से खिन्नता बढेगी, कोई पुराना मामला आपको परेशान कर सकता हैं, 21-22-23तारीख में स्थिति परिवर्तित हो सकती है किसी धार्मिक व्यक्ति की सलाह से विगडी हुई परिस्थितियों में परिवर्तन होगा, ससुराल पक्ष के रिश्ते दारों की मदद मिलेगी, लम्बी यात्रा पर जा सकते हैं, 24-25तारीख में कारोबार में सफलता मिलेगी, मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी और धन लाभ होगा,दवाई कम होगी, सरकारी कामकाज में सरलता व सफलता मिलेगी, सामाजिक कार्यो में व्यस्त रह सकते हैं, शत्रुओं का पराभव होगा 26तारीख में एकाएक लाभकारी समाचार,व परिस्थितियां तैयार होगी,लाभ बढेगा सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी पीपल प्रदक्षिणा करते रहे।

(12)**मीन राशि** -लाभकारी योजनाओं में वाद विवाद, दैनिक व्यवसाय में अवरोध पैदा हो सकते हैं, दाम्पत्य जीवन में कड़वाहट आ सकती है, विरोधी प्रवल हो कर नुकसान पहुंचा सकते हैं, पदच्युति व अपमान जनक स्थिति सम्भव है, 21-22-23तारीख में आपके गुप्त रहस्य आपके अपमान के कारण वन सकते हैं, अनेकों प्रकार की व्याधियां उत्पन्न हो सकती है,पुराना लेन देन अथवा धन के बंटवारे सम्वंधित वाद विवाद बढ सकता है,चोट चपेट से वचना चाहिए, 24-25तारीख में परिस्थितियों में आंशिक परिवर्तन होगा और अल्प अनुकूलता महसूस होगी, किसी धर्म गुरु की सलाह से अनुकूलता महसूस करेंगे, व्यापारिक लाभ होता रहेगा, 26तारीख में पद प्रतिष्ठा मान सम्मान में वृद्धि होगी, अस्थाई राहत महसूस करेंगे पीपल प्रदक्षिणा करते रहे।

**-ज्योतिष कर्ता--**
**-आचार्य पं कमलाकांत अरजरिया**
**(अन्तर्राष्ट्रीय भागवताचार्य शिवमहापुराण, देवीपुराण प्रवक्ता) वैदिकअनुष्ठान कर्ता, हाल निवास -गल्ला मंडी रोड, झांसी**
**मो.: 9450041559-8299510965**

# युवा श्रद्धालुओं व विशेष सहयोगियों का किया सम्मान

## भगवान जगन्नाथ सेवा समिति की बैठक में मंदिर को भव्य स्वरूप देने का लिया संकल्प



**समय जगत, झांसी।** रविवार को जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ सेवा समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संजय नौराई ने की!भव्य रथयात्रा में विशेष सहयोग करने वाले युवा श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों का सम्मान किया गया।

बैठक में समिति सदस्यों ने बताया कि मंदिर 188 वर्ष पुराना हैं। सभी ने मंदिर का जीर्णोद्धार करने एवं भव्य स्वरूप देने हेतु संकल्प लिया। सभी भक्तों से अनुरोध किया गया कि मंदिर के इस पुनीत कार्य सभी तन, मन, धन से सहयोग करें। दुर्गा उत्सव समिति के पीयूष रावत ने कहा कि शास्त्रों में कहा गया है कि प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार में आर्थिक सहयोग व दान करने से व्यक्ति के जीवन में सुख समृद्धि में वृद्धि होती है। पुण्य फल की प्राप्ति होती हैं। पूर्वज तथा देवता प्रसन्न होते हैं। खुशहाली का आशीर्वाद देते हैं। उन्होंने कहा कि सभी श्रद्धालु उत्साह से सहयोग करें।इस अवसर पर अध्यक्ष संजय नौराई, पुरुषोत्तम स्वामी ,मुकेश अग्रवाल,डॉ संजय त्रिपाठी, गोकुल दुबे, अनिल नगरिया,पियूष रावत, दुष्यंत चतुर्वेदी, मनीष तिवारी,महेश सराफ, मैथिली मुदगिल, महेंद्र भंडारी,जयदीप खरे,सत्येंद्र पुरी पवन गुप्ता, प्रभात शर्मा और ,विनोद हयारण ,विनय आनंद आदि उपस्थित रहे !शिवा नौराई,ध्रुव नौराई ने आभार व्यक्त किया।

## यूपी एसआई में चयनित हुई सुरभि अग्रवाल, बामौर में खुशी की लहर



**समय जगत, बामौर।** बामौर निवासी बृजबिहारी अग्रवाल की पुत्री सुरभि अग्रवाल का चयन उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक (एसआई) पद पर होने से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनके चयन की खबर मिलते ही परिजनों, रिश्तेदारों और ग्रामवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इससे पहले सुरभि का चयन महिला कांस्टेबल के पद पर हुआ था, लेकिन उन्होंने अपने लक्ष्य को ऊंचा रखते हुए लगातार मेहनत और लगन से तैयारी जारी रखी। कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने उपनिरीक्षक पद प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

# पुलिस अधिकारी बनकर ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार, छह आरोपी चिन्हित

**समय जगत, उरई।** जालौन पुलिस की साइबर क्राइम थाना टीम ने खुद को बिहार पुलिस का अधिकारी बताकर लोगों से ऑनलाइन ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो की-पैड मोबाइल फोन और एक सिम कार्ड बरामद किया है।

पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी ने बताया कि 8 जुलाई 2026 को प्रतिबिंब पोर्टल पर प्राप्त संदिग्ध मोबाइल नंबरों के आधार पर साइबर थाना उरई में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66सी एवं 66डी के तहत सिरसाकलार थाना क्षेत्र के मानपुर निवासी दीपेंद्र कुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में दो विशेष टीमों का गठन किया गया।जांच के दौरान कुल छह आरोपियों के नाम सामने आए। शुक्रवार को साइबर पुलिस ने दीपेंद्र कुमार को उरई के इकलाशपुरा चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि गिरोह के सदस्य बिहार पुलिस के विभिन्न थानों में दर्ज मुकदमों की प्रतियां और स्टेट क्राइम ब्यूरो की वेबसाइट से जानकारी डाउनलोड करते थे। इसके बाद मुकदमा दर्ज कराने वालों को बिहार पुलिस अधिकारी बनकर फोन करते और कार्रवाई का भय दिखाकर या केस निपटाने का झांसा देकर ऑनलाइन रुपये वसूलते थे।

जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह भोले-भाले लोगों के नाम पर बैंक खाते खुलवाता था तथा उन्हीं खातों में ठगी की रकम जमा कराई जाती थी। आरोपी ने स्वीकार किया कि गिरोह में कई सदस्य शामिल हैं और प्रत्येक सदस्य की अलग-अलग जिम्मेदारी तय थी। पुलिस के अनुसार इस गिरोह के तार कई राज्यों से जुड़े होने के संकेत मिले हैं और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

# खत्री सभा झांसी का चुनाव कार्यक्रम घोषित



**समय जगत, झांसी।** खत्री सभा (पंजी) झाँसी के अध्यक्ष पद हेतु मुख्य चुनाव अधिकारी सूरज मलिक के साथ सहायक चुनाव अधिकारी प्रकाश चन्द्र राजवधा तथा कन्हैया कपूर (पार्षद) के साथ चुनाव कार्यक्रम पर चर्चा के पश्चात सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि दिनांक 24 जुलाई को नामांकन जमा करने तत्पश्चात नामांकन पत्रों की जांच तथा 26 जुलाई को नामांकन वापसी, उपरोक्त सभी कार्य दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक भवन संख्या 413 आदर्श नगर, सीपरी बाजार में आयोजित होगे तथा 5 अगस्त को मतदान पंजाबी सभा भवन, आर्य कन्या डिग्री कालेज के सामने सीपरी बाजार पर प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक होगा । तत्पश्चात मतगणना की जायेगी। मतदाता सूची का अवलोकन तथा संशोधन 21 जुलाई तक किया जा सकता है।

# नेशनल पत्रकार एसोसियेशन के प्रदेश प्रभारी बने हृदेश द्विवेदी गुड्डू भाई

**समय जगत, निवाड़ी** नगर में बहुत बड़ी खुशखबरी आई हैं नेशनल पत्रकार एसोसियेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अभिनंदन जैन द्वारा बहुत ही उचित निर्णय लेते हुए निवाड़ी के बहुमुखी प्रतिभा के धनी जिनकी इलेक्ट्रॉनिक मिडिया में चैनल छनी खबर धूम मचाए हुए है।

निवाड़ी में संचालित गुड मॉर्निंग



क्लब के संस्थापक सदस्य गुड्डू भाई हैं जिसमें संख्या बढ़ती जा रही है। योग के साथ स्वस्थ मनोरंजन और लोगों के अंदर नृत्य की छुपी हुई अद्भुत विद्या को बाहर निकालने का काम यदि कोई कर सकते हैं तो वह गुड्डू भाई । निवाड़ी के सभी पत्रकारों आम जन मानस ने हृदेश द्विवेदी गुड्डू भाई को को बधाई दी है


## आम सूचना

मैं, Kumari Ayushi Singh बेटी Anil Kumar मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड मे मेरा नाम गलत होने के कारण मैंने अपना नाम Kumari Ayushi Singh से बदलकर नाम Ayushi Singh कर लिया है जो कि मेरे आधार कार्ड के अनुसार सही है, समान्य दर्ज करे, शपथ पत्र 46AA 725744 दिनांक 16-07-2026.

## आम सूचना

मैं, Babariya Jaydevsinh Dolatsinh मेरे सर्विस रिकार्ड मे मेरे बेटे का नाम गलत होने के कारण मैंने अपने बेटे का नाम Pruthviraj से बदलकर नाम Pruthviraj Jaydevsinh Babariya कर लिया है जो कि मेरे बेटे आधार कार्ड के अनुसार सही है, समान्य दर्ज करे, शपथ पत्र 46AA 725745 दिनांक 16-07-2026.

## आम सूचना

मैं,, Shali Bai माता नं 15224982M रैंक Hav/Gunner नाम Garje Manohar Satubhau पता At Karanjwan Post Therla, Patoda, Po : Patoda, Dist : Beed, Maharastra – 414204. मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड मे मेरा नाम गलत होने के कारण मैंने अपना नाम Shali Bai से बदलकर नाम Garje Shilawati Satubhau कर लिया है जो कि मेरे आधार कार्ड के अनुसार सही है, समान्य दर्ज करे, शपथ पत्र 46AA 725751 दिनांक 17-07-2026.

## आम सूचना

मैं, , Saroj Ben माता नं 15211939M रैंक Hav/OPR नाम Kanan Hitendra Chandulal पता - Vill – Bhadreswar, Po – Bhadreswar, Teh – Mundra, Distt – Kachchh, State –Gujarat, Pin – 370410. मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड मे मेरा नाम गलत होने के कारण मैंने अपना नाम Saroj Ben से बदलकर नामSarojben कर लिया है जो कि मेरे आधार कार्ड के अनुसार सही है, समान्य दर्ज करे, शपथ पत्र 46AA 725737 दिनांक 17-07-2026.

## आम सूचना

I, Tangevva mother of No 17031003N Rank Sep Name Mantesh Itti Permanent resident of Taluk Jamkhandi, Hanchinal – Kadapatti, Kadapatti, Bagalkot, Kadapatti, Karnataka – 587119. That I, have changed my name from Tangevva To Tangevva Karaguleppa Itti Affidavit No 46AA 725740 date 18-07-2026.

## आम सूचना

I, Rajeshwari Madagon wife of No 17031003N Rank Sep Name Mantesh Itti Permanent resident of Taluk Jamkhandi, Hanchinal – Kadapatti, Kadapatti, Bagalkot, Kadapatti, Karnataka – 587119. That I, have changed my name from Rajeshwari Madagon To Rajeshwari Madgon Affidavit No 46AA 725741 date 18-07-2026.

## आम सूचना

I, Karaguleppa father of No 17031003N Rank Sep Name Mantesh Itti Permanent resident of Taluk Jamkhandi, Hanchinal – Kadapatti, Kadapatti, Bagalkot, Kadapatti, Karnataka – 587119. That I, have changed my name from Karaguleppa To Karaguleppa Mahanthappa Itti Affidavit No 46AA 725742 date 18-07-2026.

## आम सूचना

मैं, MD Mobarak Baidya पिता नं 15712012A Hav MD Mofarzzel Baidya पता - Raghunathpur, Basirhat, II, Po: Kholapota, Dist : North 24 Parganas, West Bengal - 743428 मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड मे मेरा नाम गलत होने के कारण मैंने अपना नाम MD Mobarak Baidya से बदलकर नाम Mobarak Baidyaकर लिया है जो कि मेरे आधार कार्ड के अनुसार सही है, समान्य दर्ज करे, शपथ पत्र 46AA 725754दिनांक 16-07-2026.

## आम सूचना

मैं, , Babariya Jaydevsinh Dolatsinh मेरे सर्विस रिकार्ड मे मेरी बेटी का नाम गलत होने के कारण मैंने अपनी बेटी का नाम Svikruti से बदलकर नाम Svikruti Jaydevsinh Babariya कर लिया है जो कि मेरी बेटी आधार कार्ड के अनुसार सही है, समान्य दर्ज करे, शपथ पत्र 46AA 725746 दिनांक 16-07-2026.

## आम सूचना

मैं,A Sankarammal माता नं 15494626N DFR Ramiah A पता - No 1/40, Madhang Kovil Street, Kalvay, Kalvay, Thoothukkudi, Tamil Nadu – 628622. मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड मे मेरा नाम गलत होने के कारण मैंने अपना नाम MD A Sankarammal से बदलकर नामै Shankarammal A कर लिया है जो कि मेरे आधार कार्ड के अनुसार सही है, समान्य दर्ज करे, शपथ पत्र 46AA 725755दिनांक 16-07-2026.

## आम सूचना

मैं, सर्विस नं 15172261L रैंक Hav नाम Sahjor Singh पता Mohammadpur Madan, Muzaffarnagar, Uttar Pradesh – 251301 मेरे सर्विस रिकार्ड मे मेरे बेटे का नाम गलत होने के कारण मैंने अपने बेटे का नाम Sarthak से बदलकर नाम Sarthak Baliyan कर लिया है जो कि मेरे बेटे के आधार कार्ड के अनुसार सही है, समान्य दर्ज करे, शपथ पत्र 46AA 725756 दिनांक 17-07-2026.

## आम सूचना

मैं, Rasmitaपत्नी Babariya Jaydevsinh Dolatsinh मेरे पति के सर्विस रिकार्ड मे मेरा नाम गलत होने के कारण मैंने अपना नाम Rasmita से बदलकर नाम Rasmitaben Jaydevsinh Babariya कर लिया है जो कि मेरे आधार कार्ड के अनुसार सही है, समान्य दर्ज करे, शपथ पत्र 46AA 725747 दिनांक 16-07-2026.

## आम सूचना

I, Telu Kula Hema Latha mother of No 14866376Y Nk Telukula Hemanth Address : - 9-168, Mutyala Peta Street, Sompeta, VTC : Sompeta, District : Srikakulam, State – Andhra Pradesh – 532284. That I, have changed my name from Telu Kula Hema Latha To Telukula Hemalatha proposed new name vide affidavit no 46AA 725761 dated 16-07-2026 before Jhansi.

## आम सूचना

I, No 15627165M Nk Rakesh KR That my mother name has been erroneously entered as Radha Mani in my service record her correct name is Radhamani hence it may be enterd accordingly.

# लाइनमैन की मौत पर भड़का आक्रोश, मृतक के परिजनों द्वारा आक्रोशित होकर दिया गया धरना

## परिजनों ने शव लेने से किया इनकार, राष्ट्रीय हिंदू संगठन और ग्रामीणों का मिला समर्थन



**समय जगत चित्रकूट।** राजापुर थानाक्षेत्र के भटरी गांव में संविदा लाइनमैन शिवशंकर शुक्ला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद मामला गरमा गया है। घटना से आक्रोशित मृतक के परिजनों ने रविवार को पोस्टमार्टम हाउस पर शव लेने से साफ इनकार कर दिया और वहीं धरने पर बैठ गए। परिजनों का सीधा आरोप है कि इस पूरी घटना के पीछे संबंधित सब-इंस्पेक्टर अजहर जमाल की कार्यशैली जिम्मेदार है। वे आरोपी दारोगा के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज करने की मांग पर अड़े हैं।

**कार्रवाई नहीं तो अंतिम संस्कार नहीं:** धरने पर बैठे परिजनों का कहना है कि पुलिस विभाग द्वारा संबंधित सब-इस्पेक्टर को केवल लाइन हाजिर करना नाकाफी है। पीड़ित परिवार ने दोटूक शब्दों में कहा कि जब तक आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज नहीं किया जाता, तब तक वे शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। परिजनों के इस कड़े रुख के बाद मौके पर तनाव की स्थिति बनी हुई है।

**सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, भारी पुलिस बल तैनात:** घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पोस्टमार्टम हाउस पर राष्ट्रीय हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में भटरी गांव और आसपास के ग्रामीण जुट गए हैं। इस बीच, पीड़ित परिजनों और पुलिस अधिकारियों के बीच तीखी बहस का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

**प्रशासनिक प्रयास जारी:** स्थिति को नियंत्रण में करने और परिजनों को शांत कराने के लिए पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। पुलिस अधिकारियों द्वारा परिजनों को उचित और निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराने और शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन परिजन अभी भी अपनी मांग पर डटे हुए हैं, खबर लिखे जाने तक धरना प्रदर्शन जारी है।

# खरीफ फसलों के लिए उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक है उपलब्ध

## कालाबाजारी या जबरन टैगिंग करने वाले विक्रेताओं पर होगी सख्त कार्रवाई

**बांदा।** जनपद में खरीफ सीजन की बुवाई और फसलों की आवश्यकता को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार, किसानों को फसलों की बुवाई और बाद में उपयोग के लिए यूरिया, डीएपी सहित अन्य उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर दी गई है। सहकारिता और निजी फुटकर विक्रेताओं के माध्यम से लगातार खाद का वितरण कराया जा रहा है ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की किल्लत का सामना न करना पड़े।जनपद में उर्वरकों की वर्तमान स्थिति प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, जनपद में इस समय भारी मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है

बिना सूचना दुकान बंद रखने और रात में बिक्री पर रोकजिला प्रशासन ने निजी व सहकारी क्षेत्र के सभी फुटकर विक्रेताओं और समितियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे अपने यहाँ खाद की उपलब्धता बनाए रखें। किसी भी दशा में बिना पूर्व सूचना के कोई भी समिति या फुटकर विक्रेता अपनी दुकान बंद नहीं रख सकेगा। इसके साथ ही, रात 8 बजे के बाद उर्वरक की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। यदि कोई विक्रेता इस समय के बाद बिक्री करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी मशीन पर अंगूठा लगाकर खतौनी के अनुसार मिलेगी खादकिसान भाइयों से अनुरोध किया गया है कि वे उर्वरक बिक्री केंद्रों पर अपनी खतौनी के साथ जाएं और पॉश मशीन पर अंगूठा लगाकर नियमानुसार खाद प्राप्त करें। जब किसान मशीन पर अंगूठा लगाएगा, तो उसके द्वारा वर्तमान महीने और चालू सीजन में पहले ली गई खाद का पूरा विवरण मशीन पर प्रदर्शित हो जाएगा। इसके बाद किसान के भूमि क्षेत्रफल के अनुसार ही उसे उर्वरक उपलब्ध कराया जाएगा।कालाबाजारी और जबरन उत्पाद थपने वालों की खैर नहींप्रशासन ने निजी विक्रेताओं को स्पष्ट चेतावनी दी है कि स्टॉक होने के बावजूद यदि किसी ने बिक्री रोकी, तो उसे अवैध भंडारण और कालाबाजारी माना जाएगा और संबंधित विक्रेता के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होगी।विशेष चेतावनीरू यदि कोई विक्रेता खाद के साथ जबरदस्ती कोई अन्य उत्पाद जैसे जिंक, सल्फर या अन्य दवाइयां टैग कर के बेचता है, तो शिकायत सही पाए जाने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी। निर्धारित दरों से अधिक मूल्य पर खाद बेचने या नकली उर्वरक बेचने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

अफवाहों पर न दें ध्यानजिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि जनपद में उर्वरक की कोई कमी नहीं है, इसलिए वे किसी भी तरह के भ्रम या अफवाह में न आएं। यदि किसी भी किसान भाई को उर्वरक प्राप्त करने में कोई समस्या आ रही है, तो वे तत्काल जिला कृषि अधिकारी कार्यालय को सूचित कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक व भ्रामक पोस्ट करने वालों पर धौलपुर पुलिस की पैनी नजर, आज से विशेष अभियान होगा शुरू



**धौलपुर, समय जगत।** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक, भ्रामक एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाली सामग्री प्रसारित करने वालों के खिलाफ धौलपुर पुलिस 20 जुलाई से 20 अगस्त 2026 तक विशेष अभियान चलाएगी। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एडीएफ) बाड़ी श्रवण कुमार झोरड़ के सुपरविजन में यह अभियान जिलेभर में संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान धौलपुर पुलिस की सोशल मीडिया सेल और थाना पुलिस की टीमें फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर), व्हाट्सएप सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार निगरानी रखेंगी। कानून-व्यवस्था प्रभावित करने, अफवाह फैलाने, सामाजिक एवं सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने, किसी व्यक्ति की छवि धूमिल करने या आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट एवं शेयर करने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा हथियारों के साथ फोटो, वीडियो या रील पोस्ट कर अपराध का महिमामंडन करने, आमजन में भय का माहौल बनाने अथवा युवाओं को गलत दिशा में प्रेरित करने वाले व्यक्तियों पर भी विशेष नजर रखी जाएगी और ऐसे मामलों में भी कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने आमजन, विशेषकर युवाओं से सोशल मीडिया का जिम्मेदारी एवं सावधानी के साथ उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रामक, आपत्तिजनक या कानून-विरोधी सामग्री को साझा न करें। यदि ऐसी कोई पोस्ट, वीडियो या स्टोरी दिखाई दे तो उसकी सूचना धौलपुर पुलिस सोशल मीडिया सेल के व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 87645 11201 अथवा धौलपुर पुलिस के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर डायरेक्ट मैसेज के माध्यम से दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

### नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोपी को थाना कोतवाली कर्वी पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार

**समय जगत चित्रकूट।** प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी दुर्गविजय सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 राजेश कुमार एवं उनकी टीम द्वारा नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है, उल्लेखनीय है कि एक वादिनी द्वारा थाना कोतवाली कर्वी में सूचना दी गई कि उनकी नाबालिक पुत्री को दिलशाद पुत्र मो0 शमीम के द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाना इस सूचना पर थाना कोतवाली कर्वी में मु0अ0सं0 262/2026 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में पीड़िता के मेडिकल, मा0 न्यायालय के समक्ष बयान धारा 183 बीएनएसएस के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 64 बीएनएस व 5/6 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी। उ0नि0 श्री राजेश कुमार एवं उनकी टीम द्वारा अभियुक्त दिलशाद उपर्युक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम उ0नि0 राजेश कुमार, आरक्षी दिलीप पाण्डेय है।

### कृष्णाधाम कॉलोनी में एक रात में दो चोरी

**समय जगत, कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कृष्णाधाम कॉलोनी में शातिर चोरों ने दो अलग-अलग घरों के सामने खड़ी बाइक पार कर दी। लोगों को दूसरे दिन वारदात का पता चला। माधवनगर पुलिस ने दोनों पीड़ितों की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि कृष्णाधाम कॉलोनी के गेट नंबर 2 के पास रहने वाले सतेन्द्र कुमार परोहा पिता राधिका प्रसाद परौहा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि रोज की तरह उन्होंने अपनी बाइक घर के पास लॉक करके खड़ी की थी। तड़के करीब 4.30 बजे अज्ञात चोरों ने सूना मौका पाकर उनकी बाइक पार कर दी इसी तरह कॉलोनी निवासी रमाकान्त तिवारी पिता ओमकार तिवारी के घर के बाहर खड़ी बाइक को भी चोरों ने निशाना बनाया। पुलिस ने दोनों मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गेट खोलने-बंद करने के विवाद में युवक से मारपीट, मामला दर्ज

**समय जगत, श्योपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में गेट खोलने और बंद करने की बात को लेकर विवाद के बाद एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, अम्बेडकर नगर वार्ड क्रमांक 12 निवासी अंकित सिंह पुत्र रामहित सिंह बरोदिया (17) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 17 जुलाई 2026 की रात करीब 9-30 बजे सदर निवासी रोहित सिंह बरोदिया ने गेट खोलने और बंद करने की बात को लेकर उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि आरोपी ने युवक को गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर कोतवाली थाना पुलिस ने 17 जुलाई की रात 10 बजे अपराध मामला कायम कर लिया है।

### पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

**पन्ना।** पन्ना उप तहसील बृजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत दिया के कोठी टोला निवासी पूर्व सैनिक एवं सरपंच राम शिरोमणि लोधी पिता रामसनेही लोधी ने पुलिस अधीक्षक के नाम दिए गए आवेदन में बताया कि मेरी ग्राम कोठी टोला में पुश्तैनी जमीन है जिसका खसरा नंबर 164.187 है जो मेरी माता जी लल्ली बाई लोधी के नाम दर्ज है इसी खेत के अंदर खसरा नंबर 166 है जिसमें 16 सह खातेदार दर्ज है उक्त जमीन का सीमांकन कुछ समय पूर्व श्रीमती सविता पति राजू लोधी द्वारा करवाया गया था। जिसमें 16 जून को नायब तहसीलदार के आदेश अनुसार खसरा नंबर 166 पर लल्ली बाई लोधी पति राम सनेही का कब्जा पाया गया।

# सतीश महाना का पुतला फूंकने के दौरान पुलिस से तीखी झड़प



**बांदा।** राम मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा दान की गई धनराशि पर उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की कथित अमर्यादित टिप्पणी को लेकर सूबे की सियासत गरमा गई है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर रविवार को बाँदा में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और भारी पुलिस बल के बीच तीखी झड़प हुई। पुलिस को छकाते हुए कांग्रेसियों ने विधानसभा अध्यक्ष का पुतला फूंक दिया, जिसमें जिला अध्यक्ष सहित कई पदाधिकारी झुलस गए। रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में एकत्रित होकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जैसे ही कांग्रेसी हाथ में पुतला लेकर कार्यालय से बाहर निकले, शहर कोतवाल के नेतृत्व में भारी संख्या में तैनात पुलिस बल ने उन्हें रोक लिया। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच पुतला छीनने को लेकर जमकर धक्का-मुक्की और भरसक प्रयास हुआ, लेकिन पुलिस नाकाम रही। आक्रोशित कांग्रेसियों ने घेरा बनाकर पुतला दहन कर दिया। पुतला दहन के दौरान अचानक आग की लपटें तेज होने से जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश दीक्षित सहित संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता जलने से जख्मी हो गए। आनन-फानन में निजी डॉक्टर को बुलाकर सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कराया गया। जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने तीखा हमला बोलते हुए कहा, करोड़ों राम भक्तों ने मंदिर निर्माण के लिए श्रद्धा से नकद और सोने-चांदी के जेवरात दान किए। करोड़ों रुपये की चंदा चोरी पर पर्दा डालने के लिए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना यह गैर-जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं कि जिन लोगों ने श्बेमनश् से दान दिया था, उन्हीं का धन चोरी हुआ है। कांग्रेस पूछना चाहती है कि क्या सतीश महाना त्रिकालदर्शी हैं, जो उन्हें पता चल गया कि किसने मन से दिया और किसने बेमन से? उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईटी जांच में बड़े-बड़े पदाधिकारियों के नाम सामने आ रहे हैं, लेकिन केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार उन्हें बचाने का घोर पाप कर रही है। जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होगी, कांग्रेस का आंदोलन सड़कों पर जारी रहेगा। इसके साथ ही हर विधानसभा में पदयात्रा निकालकर जनता को इस चंदा चोरी के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से कार्यालय प्रभारी शिवबली सिंह, एआईसीसी सदस्य रमेश चन्द्र कोरी, पीसीसी सदस्य पवन देवी कोरी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदित्य कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष बल्देव वर्मा, डॉ. संजय द्विवेदी श्दनादनश, सूरज बाजपेई, जिला महामंत्री/मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, शोएब रिजवी, अमित तिवारी, कालीचरण निगम, जिला सचिव अम्बिका प्रसाद खेंगर, हेमन्त कुमार वर्मा, केशव पाल, कंट्रोल रूम प्रभारी बी. लाल भाई, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी शामिल हुए। इसके अलावा जिला प्रवक्ता राममिलन सिंह पटेल एडवोकेट, जिला वक्ता राजेश कुमार गुप्ता, सभासद इरफान खान, कृपाशंकर सोनी, आरिफ निजामी, सत्यम सिंह, दिव्यांश वर्मा, गोविन्द प्रसाद, मण्डल अध्यक्ष शिवशरण सिंह, जितेन्द्र गुप्ता, लालबाबू राजपूत, के.पी. सेन, मोहम्मद इस्लाम, छेदीलाल धुरिया और जयवन्त सिंह सहित भारी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# गांजे के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार

**बबेरू/बांदा।** जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बिसंडा थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड के पास से एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से तीन किलो से अधिक अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। सीओ बबेरू कृष्णकांत त्रिपाठी ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि शनिवार की देर रात थाना बिसंडा पुलिस को मुखबिर के जरिए एक पुख्ता सूचना मिली थी। सूचना में बताया गया कि बिलगांव निवासी एक शातिर अपराधी अवैध गांजे की खेप के साथ बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे सर्विस रोड के पास किसी ग्राहक के इंतजार में खड़ा है।सूचना मिलते ही बिसंडा थानाध्यक्ष चंद्रप्रकाश तिवारी ने बिना किसी देरी के पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया। पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए संदिग्ध को मौके पर ही धर दबोचा। तलाशी लेने पर अभियुक्त के पास से कुल 03 किलो सूखा गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त गुड्डू पुत्र कृष्णा निवासी ग्राम बिलगांव, थाना बिसंडा, जनपद बाँदा शातिर तस्कर को सलाखों के पीछे पहुँचाने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से बिलगांव चौकी प्रभारी गौरव कुमार मिश्रा, आरक्षी सतीश भार्गव और आरक्षी जितेन्द्र सिंह शामिल रहे। सीओ बबेरू ने बताया कि क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार और अपराधियों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ में पुरुषोत्तम शर्मा को मिली जिले की कमान, नवनीत प्रिय त्रिपाठी बने जिला मंत्री



**धौलपुर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (विद्यालय शिक्षा) की धौलपुर जिला इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन कर आगामी तीन वर्षों के लिए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में आयोजित साधारण सभा में पुरुषोत्तम शर्मा को जिलाध्यक्ष तथा नवनीत प्रिय त्रिपाठी को जिला मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में प्रदेश महिला मंत्री गीता जैलिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि बैठक की अध्यक्षता देवेश प्रसाद शर्मा ने की। सभा की शुरुआत संगठनात्मक चर्चा के साथ हुई, जिसमें शिक्षक हितों, संगठन की भावी कार्ययोजना तथा नए विधान पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।मुख्य अतिथि गीता जैलिया ने कहा कि शिक्षक समाज की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनके हितों की रक्षा के लिए संगठन को अधिक सक्रिय, मजबूत और संगठित बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी शिक्षकों से संगठन की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने का आह्वान किया।बैठक के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष ने संगठन की परंपरा के अनुसार पुरानी जिला कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की। इसके बाद प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार नई जिला कार्यकारिणी का मनोनयन किया गया।नई कार्यकारिणी में पुरुषोत्तम शर्मा को जिलाध्यक्ष, नवनीत प्रिय त्रिपाठी को जिला मंत्री, झब्बूलाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बहादुर सिंह को कोषाध्यक्ष तथा दुर्गेश परमार को महिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का उपस्थित शिक्षकों ने स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने शिक्षक हितों की रक्षा, संगठन के विस्तार तथा शिक्षा जगत से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने का संकल्प लिया। साथ ही संगठन को जिले के प्रत्येक विद्यालय तक मजबूत रूप से पहुंचाने और शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य करने का भरोसा दिलाया।

# कामतानाथ धाम में चला भव्य स्वछता अभियान, स्वच्छ भारत मिशन के संकल्प से बदलेगा चित्रकूट का स्वरूप



**समय जगत चित्रकूट।** चित्रकूट धाम पावन तीर्थ स्थल चित्रकूट को स्वछ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाने के संकल्प के साथ कामतानाथ धाम में एक साप्ताहिक भव्य स्वछता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान जिलाधिकारी पुलकित गर्ग, नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम के अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता एवं अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव के कुशल निर्देशन में नगर पालिका परिषद तथा कामदगिरि स्वछता समिति के संयुक्त तत्वावधान में चलाया गया।

**तुलसी चौराहे से शुरुआत, परिक्रमा मार्ग चकाचक:** स्वछता अभियान का शुभारंभ रविवार को तुलसी चौराहे के समीप पर्वत क्षेत्र से किया गया। इस दौरान कामतानाथ परिक्रमा मार्ग और उसके आस-पास के क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई की गई नगर पालिका के सफाई कर्मियों ने मार्ग पर बिखरे कूड़े-करकट, प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट सामग्रियों को एकत्रित कर उनका वैज्ञानिक व समुचित निस्तारण किया। संपूर्ण परिक्रमा मार्ग को श्रद्धालुओं के लिए स्वछ, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाया गया है।

हमारी आस्था, हमारी जिम्मेदारी÷ ÷स्वछ सर्वेक्षण 2025-26 में चित्रकूट को शीर्ष स्थान पर लाने के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है पावन कामदगिरि की पवित्रता बनाए रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है।÷

– श्री राकेश केशरवानी, अध्यक्ष व स्वछता ब्रांड एंबेसडर, कामदगिरि स्वछता समिति स्वछता और सुरक्षा के लिए विशेष मार्गदर्शिका व संकल्प स्वछ7 अभियान के दौरान

कामदगिरि स्वछता समिति के संकल्प अध्यक्ष- राकेश केसरवानी, उपाध्यक्ष- राजेंद्र त्रिपाठी )-समिति ने स्वछ संकल्प, निर्मल परिक्रमा और हरा कामदगिरि के मूल मंत्र के साथ स्वछ आचरण अपनाने पर जोर दिया। स्वछ भारत मिशन का संदेश (जिला प्रबंधक- शिवा कुमार)- उन्होंने स्वछ भारत, संकल्प से सिद्धि और सहयोग से स्वछता का आह्वान करते हुए कहा कि सबके सहयोग से कामतानाथ को एक आदर्श तीर्थ स्थल बनाया जाएगा।

जन-जागरण अभियान (महामंत्री- जितेंद्र केसरवानी)- जन-जन जागरण, एकता स्वछता और कदम-कदम सफाई के नारों के साथ स्थानीय निवासियों को जोड़ा गया।

**बंदरों को बीच रास्ते भोजन न देने की अपील:** अभियान के दौरान स्थानीय नागरिकों और देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं को सिंगल-यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा कूड़ा हमेशा निर्धारित डस्टबिन में ही डालने की समझाइश दी गई। इसके साथ ही, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और परिक्रमा मार्ग पर सुचारु आवागमन बनाए रखने के लिए एक विशेष अनुरोध किया गया कि वे बंदरों को मुख्य मार्ग के बीच में भोजन न दें, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।

**अभियान में इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति:** इस महासफाई अभियान को सफल बनाने में कृष्णा शुक्ला, जानकी कुशवाहा, स्वछता प्रभारी रसूल खान, वन विभाग से जानकी प्रसाद, विनोद, बीरेंद्र, राजेश, रवि, रामशिया, राकेश, मोनू और अंकुर केसरवानी सहित नगर पालिका परिषद के तमाम अधिकारी, सफाई कर्मी तथा भारी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता व जागरूक नागरिक उपस्थित रहे।

# अटल आवासीय विद्यालय में बच्चों के अस्वस्थ होने पर आयुक्त सख्त



**बांदा।** जनपद के अछरौड़ स्थित अटल आवासीय विद्यालय में कई छात्र-छात्राओं के अचानक अस्वस्थ होने की खबर से हड़कंप मच गया। सोशल मीडिया और समाचार पत्रों के माध्यम से मामले की जानकारी मिलते ही चित्रकूटधाम मण्डल के आयुक्त अजीत कुमार ने तत्काल कड़ा संज्ञान लिया। उन्होंने बिना किसी देरी के सहायक श्रमायुक्त, विद्यालय के प्रधानाचार्य और मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ एक आपातकालीन बैठक बुलाई और पूरे प्रकरण की विस्तृत जानकारी ली। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कमिश्नर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक मेडिकल टीम तुरंत विद्यालय भेजी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी बच्चों का गहन स्वास्थ्य परीक्षण कर बीमार छात्रों को तत्काल बेहतर उपचार दिया जाए। कमिश्नर ने सख्त लहजे में कहा, षच्चों के इलाज में किसी भी स्तर पर लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की 24 घंटे निगरानी की जाए।कमिश्नर अजीत कुमार ने वर्तमान वर्षा ऋतु को देखते हुए संक्रामक और जलजनित रोगों से बचाव के लिए विद्यालय प्रशासन को कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैंरू विद्यालय परिसर, हॉस्टल, मेस, रसोई, शौचालय और आसपास के इलाकों में हर दिन विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। मच्छरों की रोकथाम के लिए नियमित रूप से फॉगिंग और एंटी-लार्वा दावों का छिड़काव हो। बच्चों को केवल ताजा, पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन ही परोसा जाए। पीने के लिए केवल उबला हुआ और शुद्ध पानी उपलब्ध कराया जाए। खाद्य सुरक्षा मानकों की नियमित जांच हो। हॉस्टल में सभी आवश्यक दवाएं और फर्स्ट-एड किट हमेशा तैयार रहें। यदि किसी भी बच्चे में बुखार, उल्टी, दस्त या संक्रमण के लक्षण दिखें, तो बिना समय गंवाए उसका इलाज शुरू किया जाए। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि बच्चों की स्थिति पर पल-पल की निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि कोई भी गंभीर परिस्थिति बनती है, तो उसकी सूचना सीधे फोन के माध्यम से कमिश्नर को व्यक्तिगत रूप से दी जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि बच्चों की सेहत को लेकर किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की उदासीनता पाए जाने पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# शहर में बढ़ती चाकूबाजी की घटना को लेकर पुलिस को दिया ज्ञापन



**समय जगत, इटारसी।** शहर में लगातार बढ़ रही चाकूबाजी की घटनाओं पर तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर वाल्मीकि समाज के पदाधिकारियों ने एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वाल्मीकि समाज के पटेल भाजपा नेता दिलीप मैना ने कहा कि इटारसी शहर में पिछले कुछ दिनों से लगातार चाकूबाजी की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे पूरे शहर में भय, असुरक्षा एवं आक्रोश का वातावरण व्याप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि गत शुक्रवार से आज दिनांक तक शहर में 5 गंभीर चाकूबाजी की घटनाएँ घटित हो चुकी हैं। सबसे अधिक चिंताजनक बात यह है कि प्रारंभिक घटनाओं में 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के नाबालिग किशोरों का नाम सामने आया है।

# धार में किसानों के लिए बड़ा दिन, बैंक ऑफ इंडिया ने बांटे 35 करोड़ के कृषि ऋण, आधुनिक खेती को मिला नया बल

**अल्ताफ खान, धार।** अब खेती सिर्फ हल और बैल तक सीमित नहीं रही। ड्रोन, मशीन और आधुनिक तकनीक से लैस होकर धार का किसान नई पहचान बना रहा है। इसी बदलती तस्वीर को और मजबूती देने के लिए बैंक ऑफ इंडिया ने किसान दिवस का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक सतीश कुमार, कृषि विभाग की सहायक संचालक संगीता तोमर, आँचलिक प्रबंधक अखिलेश कुमार, उप आँचलिक प्रबंधक अरुण कुमार जैन, देवानंद गुप्ता और जिला अग्रणी प्रबंधक बलराम बैरागी की मौजूदगी में किसानों के साथ सीधा संवाद हुआ।

आंचलिक प्रबंधक अखिलेश कुमार ने बताया कि धार का किसान अब आधुनिक सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। खेतों में ड्रोन से कीटनाशक छिड़काव, आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग, पॉलीहाउस तकनीक और उन्नत बीजों के जरिए उत्पादन और आय दोनों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। बैंक इन नई तकनीकों को अपनाने के लिए किसानों को वित्तीय सहायता दे रहा है।




महाप्रबंधक सतीश कुमार ने साफ कहा कि आने वाला समय तकनीक आधारित खेती का है। ड्रोन, स्मार्ट मशीनरी और आधुनिक उपकरणों के बिना खेती की प्रतिस्पर्धा में टिक पाना मुश्किल होगा। उन्होंने किसानों को नई तकनीक अपनाने, डिजिटल बैंकिंग का उपयोग बढ़ाने और योजनाओं का पूरा लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान सहायक संचालक संगीता तोमर ने भी किसानों को आधुनिक खेती के तरीकों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि ड्रोन तकनीक, वैज्ञानिक खेती और नई कृषि पद्धतियां न सिर्फ उत्पादन बढ़ाती हैं, बल्कि लागत भी कम करती हैं, जिससे किसान की आमदनी में सीधा फायदा होता है।

कार्यक्रम की सबसे बड़ी उपलब्धि रही करीब 35 करोड़ के कृषि ऋण का वितरण। किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि वाहन, ड्रोन व आधुनिक कृषि यंत्र, पॉलीहाउस और अन्य योजनाओं के तहत दिए गए इन ऋणों ने किसानों को नई दिशा दी।

ऋण मिलने के बाद किसानों के चेहरों पर जो आत्मविश्वास दिखा, वही इस आयोजन की असली सफलता रही। किसानों ने अपने अनुभव साझा किए और आधुनिक खेती को अपनाने के लिए उत्साह जताया।

कार्यक्रम के बाद महाप्रबंधक सतीश कुमार ने बीसी प्वाइंट का निरीक्षण किया और ग्रामीण क्षेत्रों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हर किसान तक तकनीक और बैंकिंग सुविधा पहुंचाना ही असली लक्ष्य है।

समापन में उप आंचलिक प्रबंधक अरुण कुमार जैन ने भरोसा दिलाया कि बैंक ऑफ इंडिया आगे भी किसानों को आधुनिक खेती, ड्रोन तकनीक और मशीनरी से जोड़ते हुए आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए लगातार काम करता रहेगा।धार का यह आयोजन एक साफ संदेश दे गया—अब खेती बदलेगी, तकनीक के साथ आगे बढ़ेगी और किसान नई ऊंचाइयों को छुएगा।

# नशे की लत भविष्य छीन लेती है, विद्यार्थी अपने लक्ष्य पर रखें फोकस : थाना प्रभारी

## नशे से दूरी है जरूरी जागरुकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने ली नशामुक्ति की शपथ



**समय जगत, पचोर।** किशोरावस्था में लिया गया गलत फैसला पूरे भविष्य को अंधकार में धकेल सकता है। विद्यार्थी नशे जैसी बुराई से दूर रहें। पढ़ाई को प्राथमिकता दें। अपने सपनों को आगे रखें। इसी संदेश के साथ शनिवार को शहर के विभिन्न स्कूलो में नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम हुआ। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक दुष्परिणाम बताए। विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प दिलाया गया।

थाना प्रभारी शकुन्तला बामनिया ने कहा, नशा किसी भी व्यक्ति की सबसे बड़ी कमजोरी बन जाता है। यह शरीर को खोखला करता है। सोचने-समझने की क्षमता पर असर डालता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा, जीवन में सफलता के लिए स्पष्ट लक्ष्य तय करें। अनुशासित दिनचर्या अपनाएं। गलत संगति से बचें। उन्होंने कहा, आज का विद्यार्थी ही कल का जिम्मेदार नागरिक है। समाज को नशामुक्त बनाने में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

**एसआई द्वारा दिलाई गई ऑटो चालकों को नशामुक्ति की शपथः**

बस स्टैंड पर रविवार को एस आई अशोक भगत सहित स्टाफ ने ऑटो चालकों को नशे के दुष्परिणाम बताए श्री भगत ने कहा कि , नशे की लत याददाश्त कमजोर कर देती है। इससे मानसिक तनाव बढ़ता है। अवसाद का खतरा रहता है। कई गंभीर बीमारियों की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने कहा, नशे से पारिवारिक रिश्तों में दरार आती है। आर्थिक नुकसान होता है। समाज में सम्मान भी कम हो जाता है। , खुद नशे से दूर रहें। मित्रों को जागरुक करें। परिवार के लोगों को भी इसके प्रति सचेत करें।

**विद्यार्थियों की रही उत्साहपूर्ण सहभागिता :** संदीप यादव, प्रतीक अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, विद्यालय का स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक नशामुक्त भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी का भरोसा भी दिलाया।

# मैहर जिले के कई ब्लॉकों में किसान कांग्रेस द्वारा पुतला दहन कर किया गया उग्र प्रदर्शन



**समय जगत, मैहर।** म.प्र. कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं म.प्र. किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के आव्हान पर मैहर जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल के नेतृत्व में सौ प्रतिशत मूंग एमएसपी दर पर खरीदने, खाद की ई–टोकन व्यवस्था को बंद कर सुगमता से किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने, चौबीस घंटे बिजली उपलब्ध कराने आदि मांगों को लेकर ब्लॉक बदेरा के ग्राम बदेरा, नादन ब्लॉक के ग्राम रिगरा तथा मैहर ब्लॉक के हरनामपुर में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर जोरदार प्रदर्शन तथा नारेबाजी की गई। तीनों ब्लॉकों में जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल स्वयं सम्मिलित हुए। श्री सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा किसान हितों की अनदेखी का पुरजोर विरोध किया जाएगा। बदेरा ब्लॉक में जिला किसान कांग्रेस के उपाध्यक्ष राबेन्द्र सिंह, गुड्डू, मंडलम अध्यक्ष बीरेन्द्र सिंह रघुवंशी, बेड़ीलाल कुसवाहा, चन्द्रभान सिंह, शिवनारायण सिंह मरकाम, नादन ब्लॉक में जिला उपाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष शशांक पटेल, जिला उपाध्यक्ष रामसुजान पाण्डेय, मंडलम अध्यक्ष राधेश्याम पाण्डेय, मैहर ब्लॉक में श्री धर्मेश घई रोमी, ब्लॉक अध्यक्ष रमेश प्रजापति, सुखलाल कुसवाहा, मो. नसीम, जिला महासचिव चूड़ामणि बढ़ोलिया, राजबाबू सिंह, मंडलम अध्यक्ष अनवार आलम, महेश विश्वकर्मा, अतुल सिंह बघेल, अवधेश सिंह, रणजीत विश्वकर्मा, सुनील यादव, राजन सिंह हिनौता, सनी बंसल आदि सैकड़ों कार्यकर्ता प्रमुख रूप से सम्मिलित रहे।

# सार संक्षिप्त

## पाइपलाइन के लिए खुदे गड्ढे से आए दिन हो रहीं दुर्घटनाएं



**समय जगत, इटारसी।** वार्ड नंबर 6पुरानी इटारसी ओवरब्रिज के नीचे नगरपालिका द्वारा पानी की पाइप लाइन डाली जा रही है। लेकिन करीब 2, माह हो चुके हैं अभी तक नगरपालिका द्वारा पाइप लाइन का काम पूरा नहीं किया जा रहा है। पाइप लाइन के लिये जो गड्ढा खोदा गया है, उससे रोजाना वार्ड के नागरिक गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। वार्ड के युवा कांग्रेस नेता गौतम मैना और रहवासियों ने अपनी समस्या बताते हुये कहा कि 2 माह में नगरपालिका द्वारा पाइप लाइन का काम पूरा नहीं किया गया है। बारिश का दौर चल रहा है नागरिकों को कीचड़ और दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे एवं सीएमओ सुरेखा जाटव से अनुरोध है कि जल्द से जल्द पाइप लाइन का कामकाज और सड़क निर्माण किया जाये। ताकि लोगों को आवागमन में होने वाली परेशानियों से निजात मिल सकें। इसके अलावा जो पाइप लाइन नगरपालिका ने डाली है उसने गंदा पानी आ रहा है। उसी गंदा पानी पीने को रहवासी मजबूर हैं। नगरपालिका अध्यक्ष और सीएमओ को भी इस और ध्यान देते हुये गंदे पानी की समस्या को दूर करना चाहिये।

## सुठालिया की दो बेटियों ने नीट परीक्षा में फहराया परचम, अक्षिता सेन को 553 और नंदिनी पालीवाल को मिले 520 अंक




**सुठालिया।** हाल ही में घोषित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के परिणाम में नगर की दो होनहार बेटियों ने सफलता अर्जित कर नगर को गौरवान्वित किया है। नगर के वार्ड क्रमांक 2 निवासी रूप सिंह सेन की सुपुत्री अक्षिता सेन ने नीट परीक्षा में 553 अंक अर्जित किए हैं, वहीं नगर के व्यवसायी कृष्ण मुरारी पालीवाल की सुपुत्री नंदिनी पालीवाल ने 520 अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि से उनके परिवार में हर्ष का माहौल है। अपनी बेटियों की सफलता पर दोनों परिवारों ने बताया कि यह उनकी कड़ी मेहनत और सतत पढ़ाई का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि दोनों छात्राओं ने नीट की तैयारी के लिए बाहर रहकर कोचिंग की थी। अक्षिता ने कोटा इंदौर और नंदिनी ने इंदौर में रहकर परीक्षा की तैयारी की थी और आज उनकी मेहनत रंग लाई है। दोनों बेटियों की सफलता पर परिजनों, इष्ट मित्रों, जनप्रतिनिधियों और नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है और बधाई दी है।

## कोटेदार की मनमानी की जांच कराने जनप्रतिनिधि ने उठाई आवाज, सौंपा ज्ञापन



**उचेहरा।** शासन भले ही अंतिम छोर में बैठे ब्यक्ति तक सुविधा मुहैया करा रही हो लेकिन योजनाओं का क्रियान्वयन करने वाले ही आम जनता के हितों पर कुठाराघात कर रहे हैं। जिम्मेदारों की मनमानी व लापरवाही के चलते शासन की योजनायें सतही तौर पर अमल में नही आ पाती। कुछ इसी तरह का मामला जनपद के ग्राम पंचायत भरहटा में कोटेदार की मनमानी का आया है। पंचायत के जिम्मेदार सरपंच सम्पत बाबू पाल ,उप सरपंच शिवम बढ़गइया ने एस डी एम को कोटेदार की मनमानी व गड़बड़ियों की जांच करने लिखित आवेदन सौंपा है। मामले की गम्भीरता को देखते एस डी एम ने जांच करा ,वैधानिक कार्यवाही करने का पूरा भरोशा पंचायत के प्रतिनिधियों को दिलाया। पंचायत द्वारा सौंपे गये शिकायती आवेदन अनुसार पंचायत प्रतीनिधियों ने अपने ढंग से टीम के साथ स्वयं जांच उपरांत 5 बिंदुओं के बनाये पंचनामा में कई तरह की गड़बड़ियां सामने आने का प्रमाण सिद्ध किया है। अब देखना होगा कि अगर प्रशासन द्वारा जांच उपरांत पंचनामा बनाया जाता है तो क्या दोनो पंचनामा मेल खाएंगे या राशन की कालाबाजारी का खेल यूं ही चलता रहेगा। शासन– प्रशासन से इस मामले में तत्परतापूर्ण कदम उठाने की अपेक्षा जताई गई है।

# 115 युवाओं की बाइक यात्रा कुण्डलपुर के लिए रवाना



**समय जगत, सिलवानी।** विश्व प्रसिद्ध दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कुण्डलपुर में विराजमान बड़े बाबा श्री आदिनाथ भगवान के अभिषेक एवं वंदना के लिए अखण्ड दिगंबर जैन समाज सिलवानी के युवाओं की दो दिवसीय बाइक यात्रा दल रविवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना हुई। करीब 115 युवा इस धार्मिक यात्रा में शामिल हुए। प्रस्थान से पूर्व सभी यात्रियों ने नगर के पारसनाथ जिनालय में भगवान के दर्शन, पूजा-अर्चना संपन्न कर सफल यात्रा की कामना की। यात्रा प्रारंभ होने से पहले समाजजनों ने सभी यात्रियों के ललाट पर चंदन का तिलक लगाकर उनका स्वागत किया तथा सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। दोपहिया वाहनों पर लहलहाती धर्म ध्वजाएं और भगवान के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। युवाओं का यह उत्साह पूर्ण काफिला नगरवासियों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। द्वितीय वर्ष आयोजित इस बाइक यात्रा का संचालन गोलू बजाज, नीतेश वैद्य एवं पिंटू पटेल के नेतृत्व में किया जा रहा है। कुंडलपुर यात्रा आयोजन समिति ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य युवाओं को धर्म से जोड़ना, समाज में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना तथा भटके हुए लोगों को धर्म मार्ग की ओर प्रेरित करना है। यात्रा के प्रथम दिन रविवार को दल सिलवानी से सुल्तानगंज, सागर, बंडा, नेनागिर एवं सुखाजी होते हुए पथरिया पहुंचा, जहां रात्रि विश्राम किया जाएगा।

# बलराम कृषि महोत्सव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का किसानों को संदेश

## आधुनिक तकनीक, प्राकृतिक खेती और सिंचाई विस्तार से बनेगा समृद्ध मध्यप्रदेश




**झाबुआ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि टांट्या मामा के पुरुषार्थ एवं वीर झब्बू भील की कर्मभूमि झाबुआ जनजातीय संस्कृति और समृद्ध कृषि परंपराओं का गौरवशाली जिला है। उन्होंने कहा कि पूर्व में झाबुआ जिला विक्रम विश्वविद्यालय के अंतर्गत आता था, इसलिए यह जिला सदैव उनके मन के करीब रहा है। झाबुआ के भुट्टों का विशेष उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस मौसम में यहां के भुट्टों का आनंद ही अलग है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को बलराम कृषि महोत्सव के अवसर पर वर्चुअल माध्यम से किसानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को लाभकारी बनाने तथा आधुनिक एवं प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के ष्प्राकृतिक खेतीष् के विजन को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत झाबुआ जिले में 50 कृषि सखियों का चयन किया गया है। जिले में वर्तमान में लगभग 3,125 एकड़ क्षेत्र में प्राकृतिक खेती की जा रही है तथा किसानों की प्राकृतिक खेती का शासन द्वारा प्रमाणीकरण भी कराया गया है। उन्होंने कहा कि झाबुआ का नाम आते ही कड़कनाथ की पहचान स्वतः सामने आती है। झाबुआ और कड़कनाथ एक-दूसरे के पर्याय बन चुके हैं। ष्एक जिला-एक उत्पादष् योजना के माध्यम से कड़कनाथ को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वर्ष 2025 में जिले में कड़कनाथ पालन से एक हजार से अधिक नए हितग्राही जोड़े गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि के साथ पशुपालन किसानों की नियमित आय का मजबूत आधार बन सकता है। पशुपालन विभाग की हितग्राहीमूलक योजनाओं के माध्यम से डेयरी, बकरी पालन, मुर्गी पालन सहित अन्य गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के साथ किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने मत्स्य पालन क्षेत्र का उल्लेख करते हुए बताया कि जिले में 760 से अधिक तालाबों का विकास किया गया है, जिनमें लगभग तीन हजार हेक्टेयर क्षेत्र में मत्स्य पालन किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगदी फसल के रूप में कपास उत्पादन को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। खरीफ 2026 में अब तक जिले में 23 हजार 230 हेक्टेयर क्षेत्र में कपास की बोवनी हो चुकी है, जो पिछले वर्ष के 19 हजार 888 हेक्टेयर की तुलना में लगभग 16 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि धार जिले के बदनावर स्थित पीएम मित्रा पार्क से झाबुआ के कपास उत्पादक किसानों को ष्खेत से कारखानेष् तक की सुविधा मिलेगी, जिससे किसानों की आय, रोजगार एवं औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी।

# विजय वर्मा, सुनील राय और केशव देव वर्मा की अगुवाई में कायस्थ समाज ने रोपे पौधे, दिया 'एक पेड़ मां के नाम' का संदेश



**समय जगत, नर्मदापुरम।** पर्यावरण को नया जीवन देने और हरियाली की चादर ओढ़ाने के संकल्प के साथ रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ समाज द्वारा एक अनूठी पहल की गई। स्थानीय नगरपालिका पार्क में मातृशक्ति और पुरुष वर्ग ने मिलकर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण किया। इस पूरे गरिमामय कार्यक्रम के मुख्य सूत्रधार और प्रमुख वक्ता के रूप में सेवानिवृत्त अधिकारी विजय वर्मा, वरिष्ठ सदस्य सुनील राय और केशव देव वर्मा मौजूद रहे, जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण का पुरजोर संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य किरदारों ने अपने उद्बोधन से वहां मौजूद सभी लोगों को प्रेरित किया। सेवानिवृत्त अधिकारी विजय वर्मा ने पर्यावरण और जीव.जंतुओं के अंतर्संबंध को समझाते हुए कहा किए पौधे सिर्फ इंसानों को ऑक्सीजन नहीं देतेए बल्कि फलदार पौधे बेजुबान पशु.पक्षियों का मुख्य आहार और आश्रय भी बनते हैं। जब इन पौधों में फल आएंगे तब पक्षी इनका रसपान करेंगे। बारिश के इस सुहावने मौसम में मातृशक्ति द्वारा उठाई गई यह पहल बेहद सराहनीय है। हर नागरिक को आगे आकर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। सुनील राय ने पर्यावरण संतुलन पर जोर देते हुए मुख्य वक्ता के रूप में कहा किए प्रकृति से हमें जो शुद्ध वायु ऑक्सीजन और छाया मिलती है, उसका कर्ज हमें वृक्षारोपण करके ही चुकाना होगा। आज के समय में शुद्ध पर्यावरण ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। केशव देव वर्मा ने भी अपने उद्बोधन में इस मुहिम की सराहना की और पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को इस कार्य के लिए सदैव एकजुट रहने की बात कही। पार्क में रोपे गए विविध प्रजातियों के पौधे इस अभियान के तहत पार्क में विभिन्न प्रजातियों के फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया। इनमें मुख्य रूप से बेलपत्र, जामुन, नीम और चीकू जैसी प्रजातियों के पौधे शामिल रहे। उपस्थित जनों ने केवल पौधा लगाने की रस्म नहीं निभाई बल्कि उनके बड़े होने तक देखभाल करने की जिम्मेदारी भी ली। समाज के प्रबुद्ध जन रहे साक्षी इस बड़े अभियान में नगरपालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में ऋतु श्रीवास्तव, श्रीमती प्रीति खरे, ज्योति वर्मा अशोक वर्मा, मंजू श्रीवास्तव, मनोज वर्मा, श्रीमती ममता तिवारी, आदित्य खरे, गुनगुन खरे, सीबी खरे, प्रत्यक्ष खरे, जानकी मनोज वर्मा, पुरुषोत्तम वर्मा एवं श्रीमती सुमन वर्मा सहित भारी संख्या में अखिल भारतीय कायस्थ समाज के लोग उपस्थित थे।

# सारंगपुर के इतिहास में पहली बार मुनि श्री 108 प्रवरसागर जी महाराज का चातुर्मास, भव्य मंगल अगवानी में उमड़ा जनसैलाब

**समय जगत, सारंगपुर।** नगर के इतिहास में पहली बार परम पूज्य मुनि श्री 108 प्रवरसागर जी महाराज के चातुर्मास का शुभ अवसर प्राप्त होने पर रविवार को सकल दिगम्बर जैन समाज एवं चातुर्मास सेवा समिति के तत्वावधान में भव्य मंगल अगवानी निकाली गई। नगर के प्रमुख मार्गों पर हजारों श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं व्यापारी बंधुओं ने पुष्पवर्षा कर गुरुदेव का भावभीना स्वागत किया। पूरे नगर में धार्मिक उल्लास एवं भक्ति का वातावरण बना रहा।

भव्य मंगल अगवानी का शुभारंभ श्री महावीर दिगम्बर जैन कीर्ति स्तंभ से हुआ। चल समारोह ए.बी. रोड, नया बस स्टैंड, भेरू दरवाजा, जोशी दवाखाना, त्रिपोलिया बाजार, अंबे माता मंदिर, जामा मस्जिद, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर होते हुए श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचा, जहां धर्मसभा के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मार्ग में सेवा सदन, हिंदू उत्सव



समिति, सर्व ब्राह्मण समाज, राठौर समाज, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ललित पालीवाल, राजू सोनी, सजन सोनी सहित अनेक सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने स्वागत द्वार बनाकर एवं पुष्पवर्षा कर गुरुदेव का अभिनंदन किया।

चल समारोह में विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, महामंत्री श्री राठौर, नगरपालिका उपाध्यक्ष भावना वर्मा, निलेश वर्मा, अशोक श्रीमाल, प्रियंक श्रीमाल, शिखर जैन, सुधीर श्रीमाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ललित पालीवाल, प्रदीप सादानी, उपस्थित थे।

अपने मंगल प्रवचन में पूज्य मुनि श्री 108 प्रवरसागर जी महाराज ने कहा कि सारंगपुर में प्रथम चातुर्मास होना समाज के पुण्य का प्रतिफल है। नई पीढ़ी ने चातुर्मास कराने का जो संकल्प लिया है, वह अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से चातुर्मास के दौरान पूजा, स्वाध्याय, तप, संयम एवं धर्म आराधना के माध्यम से आत्मकल्याण करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि चातुर्मास की सफलता सभी की सेवा, समर्पण और जिम्मेदारी निभाने से ही संभव होगी। गुरुदेव ने कहा कि श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर के मूलनायक भगवान एवं अन्य जिनबिंबों को पूर्ण कमलासन पर विराजमान किए जाने के बाद सारंगपुर में संतों का आगमन निरंतर बढ़ा है। उनका स्वयं का चातुर्मास करने का विचार नहीं था, लेकिन सारंगपुर नगर के पुण्योदय से यह चातुर्मास यहां संपन्न हो रहा है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को मंगलमय जीवन का आशीर्वाद प्रदान किया।

कार्यक्रम का संचालन मयंक जैन ने किया। अंत में चातुर्मास सेवा समिति के अध्यक्ष अनिल जैन ने भव्य मंगल अगवानी में शामिल सभी समाजजनों, बाहर से पधारे श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, व्यापारी बंधुओं तथा श्वेतांबर एवं स्थानक समाज का आभार व्यक्त किया।

# ऑनलाइन गेमिंग में हारे रुपये छिपाने के लिए रची थी युवक ने खुद के अपहरण की साजिश



**समय जगत, मुरैना।** बामौर थाना पुलिस ने स्वयं के अपहरण की झूठी कहानी रचने वाले युवक को घटना के 48 घंटे के भीतर नई दिल्ली से सकुशल दस्तयाब कर मामले का खुलासा किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि युवक ने ऑनलाइन गेमिंग में करीब ढाई लाख रुपये हारने के बाद परिजनों को गुमराह करने के लिए अपहरण की झूठी कहानी बनाई थी। पुलिस के अनुसार, 17 जुलाई 2026 को फरियादी देवी सिंह पुत्र स्व. मूल सिंह (44) निवासी पमाया रोड ने बामौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका पुत्र सोनू कुशवाह (26) सुबह करीब 10:30 बजे बाजार जा रहा था। इसी दौरान आंगनबाड़ी केंद्र के पास अज्ञात लोग उसे चार पहिया वाहन में जबरन बैठाकर ले गए। शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र पाल सिंह डाबर एवं एसडीओपी बामौर अनिल कुमार मंडराह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दीपेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने युवक की तलाश शुरू की। एएसपी ने रविवार को करीब 2:00 बजे बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि युवक दिल्ली में है। इसके बाद पुलिस टीम ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, ऑटो बस स्टैंड और आसपास के करीब 150 होटलों में तलाश की।इसके बाद युवक चौहान रेजीडेंसी होटल के कमरा नंबर 11 में अकेला ठहरा मिला, जहां से उसे सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। पूछताछ में सोनू कुशवाह ने बताया कि वह ऑनलाइन गेमिंग का आदी है और इसमें करीब 2.50 लाख रुपये हार गया था। परिजनों को सच्चाई बताने से बचने और रुपये हारने की बात छिपाने के लिए उसने अपने अपहरण की मनगढ़ंत कहानी रची थी, ताकि लोगों को यह विश्वास हो जाए कि अज्ञात बदमाशों ने उसका अपहरण कर रुपये छीन लिए।

## लाडली बहना योजना का झांसा देकर महिला से सोने के जेवर ठगे



**मुरैना/बानमोर।** लाडली बहना योजना का लाभ दिलाने का झांसा देकर एक अज्ञात युवती ने बानमोर गांव की एक महिला से सोने के जेवर ठग लिए। पीड़िता ने आरोप लगाया कि युवती ने उसे कोई संदिग्ध वस्तु सुघाकर अपने प्रभाव में ले लिया और बाद में फोटो खिंचवाने के बहाने उसके कानों के बाले और हाथ की सोने की अंगूठी लेकर फरार हो गई। जानकारी के अनुसार, पूनम शिवहरे (30) पत्नी राधाकृष्ण शिवहरे, निवासी बानमोर गांव ने बताया कि 18 जुलाई को दोपहर करीब 2 बजे वह अपने घर में सो रही थीं। इसी दौरान करीब 20 वर्षीय एक अज्ञात महिला उनके घर पहुंची और दरवाजा खुलवाकर बोली कि लाडली बहना योजना का फॉर्म भरना है, मेरे साथ नगर पालिका चलो, मैं फॉर्म भरवाकर जमा करा दूंगी, जिससे हर माह 1500 रुपये की सहायता राशि मिलेगी। पीड़िता का आरोप है कि बातचीत के दौरान अज्ञात महिला ने उसे कोई संदिग्ध वस्तु सुघा दी, जिसके बाद वह उसके साथ टमटम में बैठकर नगर पालिका पहुंच गई। वहां युवती ने फोटो खिंचवाने का बहाना बनाकर कहा कि कानों के सोने के बाले और हाथ की अंगूठी बैग में रख दो, फोटो खिंचने के बाद वापस कर दूंगी।

## सार-समाचार

### सबलगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई: अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त



**समय जगत, मुरैना।** सबलगढ़ पुलिस ने अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर–ट्रॉली को पकड़ा है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 8 लाख आंकी गई है। जानकारी के अनुसार रविवार को सबलगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने 'रूपा को तोर रोड' पर चेकिंग शुरू की। पुलिस को देखकर वाहन चालक ट्रैक्टर–ट्रॉली छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा वाहन की जांच करने पर उसमें अवैध रेत भरा पाया गया। वैध दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने के कारण पुलिस ने उक्त ट्रैक्टर–ट्रॉली को जब्त कर लिया। थाना सबलगढ़ में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 303/26, धारा 303(2), 317(5) बीएनएस, धारा 4(1), 21(1) खान एवं खनिज (विकास का विनियमन) अधिनियम 1957, धारा 18(1) म.प्र. खनिज नियम 2006 एवं 130(3), 77 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी गई है। साथ ही, अग्रिम कार्रवाई के लिए वन विभाग को भी सूचित कर दिया गया है, जिनके द्वारा जब्तशुदा वाहन को राजसात करने की प्रक्रिया की जाएगी।

### हत्या के मामले में तीन साल से फरार दो आरोपी गिरफ्तार कर भेजे गए जेल



**समय जगत, मुरैना।** मुरैना पुलिस द्वारा जिले में गंभीर अपराधों के आरोपियों, वारंटियों और फरार बदमाशों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना माताबसैया पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने हत्या के एक मामले में पिछले लगभग तीन वर्षों से फरार चल रहे दो स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण क्रमांक 276/22 (धारा 302, 307, 294, 147, 148, 149 तथा आर्म्स एक्ट) से जुड़े दो स्थायी वारंटियों धर्मवीर पुत्र रघुनाथ परिहार और देवेन्द्र पुत्र हरी सिंह निवासी ग्राम भटपुरा नदी को माताबसैया तिराहे से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, इस हत्या प्रकरण में शामिल तीन अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार दोनों वारंटियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक विवेक सिंह तोमर सहित पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

### बानमोर में नाश्ते की दुकान का ताला तोड़कर चोरी, गैस सिलेंडर समेत सामान ले गए चोर

**मुरैना/बानमोर।** नगर के भगवान सिंह मार्केट स्थित एक नाश्ते की दुकान में अज्ञात चोरों ने देर रात ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान में रखा गैस सिलेंडर, कढ़ाई, बर्तन तथा खाने–पीने का किराना सामान चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कीमत करीब 8 हजार रुपये बताई गई है। दुकानदार जितेंद्र वर्मा ने बताया कि भगवान सिंह मार्केट में उनकी नाश्ते की दुकान है। वह प्रतिदिन की तरह रात करीब 10 बजे दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। मंगलवार सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो दुकान का ताला टूटा हुआ बाहर पड़ा मिला। अंदर जाकर देखा तो गैस सिलेंडर, कढ़ाई, बर्तन और खाने–पीने का सामान गायब था।

### सांसद ने मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री और मुख्य सचिव को लिखा पत्र

# पॉलीटेक्निक कॉलेज में तीन नई ब्रांच खोलने सांसद बंटी विवेक साहू ने की पहल



**समय जगत, छिंदवाड़ा।** इंदिरा गांधी शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय छिंदवाड़ा में विद्यार्थियों को उच्च तकनीकी शिक्षा के अधिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सांसद बंटी विवेक साहू ने महत्वपूर्ण पहल की है। सांसद ने महाविद्यालय में इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, सिविल तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग की नई ब्रांच प्रारंभ कराने, महाविद्यालय को एकलव्य पॉलिटेक्निक योजना में शामिल करने तथा परिसर में निर्मित एवं वर्तमान में बंद पड़े छात्रावासों को पुनः प्रारंभ कराने को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार एवं मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। सांसद बंटी विवेक साहू ने सांसद कार्यालय में इंदिरा गांधी शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आलोक यादव से चर्चा कर महाविद्यालय की वर्तमान स्थिति, संचालित ब्रांचों तथा भविष्य में किए जाने वाले विस्तार को लेकर विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने महाविद्यालय के विकास एवं नई ब्रांचों के संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

**भवन और छात्रावास की उपलब्ध सुविधाओं का हो सकता है बेहतर उपयोग:** सांसद बंटी विवेक साहू ने मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि इंदिरा गांधी शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय छिंदवाड़ा में वर्तमान में कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग तथा मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट की दो ब्रांच संचालित हैं। महाविद्यालय परिसर में निर्मित भवन में पांच ब्रांच संचालित करने के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके साथ ही परिसर में 50-50 सीटर क्षमता वाले तीन छात्रावास भवन भी निर्मित हैं, जो वर्तमान में खाली पड़े हैं।

**ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को होगा फायदा:** सांसद बंटी विवेक साहू ने पत्र में लिखा है कि जिले की आवश्यकता तथा ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च तकनीकी शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए इंदिरा गांधी शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, सिविल तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग की नई ब्रांच प्रारंभ किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में उपलब्ध भवन एवं अन्य संसाधनों का उपयोग करते हुए इन नई ब्रांचों को प्रारंभ किया जा सकता है।


**अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ:** सांसद ने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिलों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों की संख्या एवं प्रतिशत अधिक है। ऐसे में इंदिरा गांधी शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय छिंदवाड़ा को एकलव्य पॉलिटेक्निक योजना में शामिल किए जाने से अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च तकनीकी शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। सांसद बंटी विवेक साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार एवं मुख्य सचिव से अनुरोध किया है कि इंदिरा गांधी शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय छिंदवाड़ा में तीनों नई ब्रांच प्रारंभ कराने, आवश्यक पदों की स्वीकृति प्रदान करने तथा महाविद्यालय को एकलव्य पॉलिटेक्निक योजना में शामिल कराने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही की जाए।

## ई-विवेचना प्रणाली को गति देने के लिए पुलिस अधिकारियों को दिया गया टैबलेट प्रशिक्षण

**मुरैना।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश एवं पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा के मार्गदर्शन में जिले में ई-विवेचना प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और त्वरित बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में टैबलेट आधारित ई-विवेचना प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न थानों एवं शाखाओं से आए 15 विवेचना अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह डावर ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग वैज्ञानिक एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचना के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी विवेचना अधिकारियों को ई-विवेचना प्रणाली एवं उपलब्ध कराए गए टैबलेट का नियमित एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे विवेचना कार्यों में पारदर्शिता, गति और दक्षता लाई जा सके। इस दौरान कुछ विवेचकों को पुलिस मुख्यालय द्वारा नए टैबलेट भी वितरित किए गए। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर वीर बहादुर सिंह ने ई-विवेचना पोर्टल पर ऑनलाइन केस डायरी लेखन, दस्तावेज एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का अपलोड, फोटो-वीडियो साक्ष्य संकलन, ऑनलाइन रिकॉर्ड प्रबंधन, डेटा सुरक्षा तथा टैबलेट के तकनीकी उपयोग संबंधी विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी दी। साथ ही अधिकारियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए फील्ड स्तर पर तकनीक के अधिकतम उपयोग के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों से प्रत्येक प्रकरण में तकनीक आधारित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध विवेचना सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर सूबेदार/स्टेनो रमेश सिंह राठौर, एम.आर. मीणा राठौर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न थानों एवं शाखाओं से आए 15 विवेचना अधिकारियों ने लिया भाग**

# 25.67 करोड़ रुपये की रिंग रोड को मिली प्रशासनिक स्वीकृति, मिलेगी जाम से राहत



**समय जगत, खंडवा।** खंडवा विधानसभा क्षेत्र के विकास को एक और बड़ी सौगात मिली है। क्षेत्र की विधायक कंचन मुकेश तनवे के सतत प्रयासों से नाहल्दा-भंडारिया कृषि महाविद्यालय के बीज केंद्र से अमरावती रोड रिंग रोड के निर्माण हेतु 5.40 किलोमीटर लंबी सड़क के लिए 25.67 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह द्वारा स्वीकृति पत्र जारी किया गया है। यह रिंग रोड खंडवा के लिए भविष्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना साबित होगी। इसके निर्माण से शहर के भीतर भारी वाहनों का दबाव कम होगा, जिससे यातायात व्यवस्था अधिक सुगम और सुरक्षित बनेगी। वर्तमान में अमरावती रोड से आने वाले वाहनों को शहर के अंदर से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे अक्सर जाम की स्थिति बनती है। रिंग रोड बनने के बाद अमरावती की ओर से आने वाले वाहन सीधे हरसूद रोड से जुड़ सकेंगे, जिससे शहर के मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक का भार काफी कम होगा। इस परियोजना से आम नागरिकों का समय और ईंधन दोनों की बचत होगी, सड़क दुर्घटनाओं की संभावना में कमी आएगी तथा औद्योगिक, कृषि एवं व्यापारिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। यह रिंग रोड आने वाले वर्षों में खंडवा के सुनियोजित विकास की मजबूत आधारशिला सिद्ध होगी। विधायक कंचन मुकेश तनवे ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह तथा प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता खंडवा को आधुनिक, सुगम और विकसित शहर के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के सहयोग से विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर गति से आगे बढ़ रहे हैं और जनता की वर्षों पुरानी मांगों को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रिंग रोड का निर्माण पूर्ण होने के बाद खंडवा शहर को यातायात की बड़ी समस्या से राहत मिलेगी तथा विकास की नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। तनवे ने कहा की आने वाले समय में भी खंडवा विधानसभा क्षेत्र के चहूमुखी विकास कार्यों के प्रयास निरंतर करते रहेंगे एवं विधानसभा क्षेत्र के की विकास के लिए संकल्पित इस विकास यात्रा को आगे बढ़ाते रहेंगे।

## स्वजातीय स्वर्णकार समाज विकास समिति का शपथ ग्रहण समारोह भव्य रूप से हुआ संपन्न



**समय जगत, मैहर।** स्वजातीय स्वर्णकार समाज विकास समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में समाज के उत्थान, संगठन की मजबूती और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। बड़ी संख्या में समाजजनों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सतना सांसद गणेश सिंह, मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी तथा कोतमा से स्वर्णकार समाज के यशस्वी विधायक सुनील सोनी उपस्थित रहे। वहीं स्वर्णकार समाज मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष देवदत्त सोनी की विशेष उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। समारोह में मैहर नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी, पूर्व अध्यक्ष मुरारी सोनी, देवेश सोनी, मोना सोनी, वैभव सोनी, जवाहर सोनी, अनुपम सोनी एवं सुनील सोनी उर्फ डब्बू भैया सहित समाज के अनेक वरिष्ठजन एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज हित में कार्य करने, सामाजिक एकता को मजबूत बनाने तथा युवा पीढ़ी को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प लेते हुए शपथ ग्रहण की। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्णकार समाज शिक्षा, सामाजिक सेवा और संगठनात्मक मजबूती के माध्यम से नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

## दुकान में शार्ट–सर्किट से अचानक लगी आग दो गंभीर घायल, 20 लाख का हुआ नुकसान



**समय जगत, बेगमगंज।** नगर के महाराणा प्रताप स्थित नवीन समैया के जनरल स्टोर, गोदाम एवं मकान में बीती रात अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लगने से मची हड़कंप में दुकान एवं मकान मालिक नवीन समैया की धर्मपत्नी आग से झुलसी, जिन्हें भोपाल रेफर किया गया है। वहीं दूसरी मंजिल पर फंसे नवीन समैया एवं उनके 22 वर्षीय पुत्र नयन बिट्टू समैया ने खिड़की तोड़कर दुकान के आगे बने लोहे की चादर के टीन शेड पर कूदकर अपनी जान बचाई। फिर भी नवीन समैया एवं पुत्र नयन बिट्टू समैया को भी पांव चोटे आने से वे घायल हो गए लेकिन उनकी 90 वर्षीय वृद्ध मां श्रीमती सितारा देवी पूरी तरह से सुरक्षित हैं। महाराणा प्रताप रोड स्थित नवीन समैया मकान में खुले जनरल स्टोर एवं डायपर की एजेंसी होने से वही पीछे गोदाम में रखी सामग्री में रात के अंतिम पहर अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जो फैलते फैलते पूरी दुकान गोदाम एवं मकान तक पहुंची और जनरल स्टोर सहित गोदाम में रखी पूरी सामग्री व मकान को चपेट में ले लिया। दुकान व गोदाम की सामग्री, फर्नीचर एवं मकान का एक हिस्सा लकड़ी के दरवाजे -खिड़की, फर्नीचर, फ्रिज, बासिंग मशीन, एलईडी टीबी अन्य घरेलू पूरा सामान एवं पूरा किचिन भी जलकर खाक होने से करीब 20 लाख की हानि होना बताया गया है। जबकि किचिन में रखे गैस सिलेंडर को सूझबूझ से निकालकर नीचे सड़क पर फेंक दिया था। जिससे बड़ी अनहोनी होने से बच गई। घटना का तब पता चला जब नवीन समैया की धर्मपत्नी मनीषा जूली समैया की सुबह करीब 5.30 बजे घर में धुंआ भरने से नींद खुल गई। जब उन्होंने धुआं उठते और दुकान में आग की लपटे उठती हुई देखी तो उन्होंने सहायता के लिए चीखपुकार मचाते हुए बचाओ-बचाओ की पुकार लगाना शुरू कर दिया।

### राागिनी परमार द्वारा नीट परीक्षा में सफलता हासिल करने पर किया गया सम्मान

# भारत स्वाभिमान पतंजलि योगपीठ की मासिक बैठक संपन्न



**समय जगत, पोलायकलां।** भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति, युवा भारत, किसान सेवा समिति, सोशल मीडिया जिला शाजापुर मध्य प्रदेश पश्चिम की मासिक जिला बैठक श्रीनगर कॉलोनी शुजालपुर मंडी में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक में मुख्य रूप से भारत स्वाभिमान के प्रांतीय कोषाध्यक्ष डॉ महेंद्र सिंह परमार, जिला प्रभारी व प्रांत कार्यकारिणी सदस्य कन्हैयालाल पडियार, बी एल गोयल, डॉ रजनीश भमुरिया (ऐडवोकेट) मंचासीन रहे, डॉ परमार ने कहा कि गुरु कार्य सर्वोपरि है, परम पूज्य स्वामी जी महाराज का जो निर्देश होता है हम सब उसका पालन करें। योग कक्षाओं का विस्तार करें एवं सभी प्रभारी अपने-अपने जिले तहसील में प्रवास करें। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी बाबूलाल गोयल ने जिले में योग कक्षाओं के विस्तार एवं योग शिविर के बारे में अपने विचार साझा किए। वहीं किसान सेवा समिति के जिला प्रभारी महेश अमृतिया ने जैविक खेती के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम में योग परिवार की बेटी बहिन रागिनी परमार द्वारा नीट परीक्षा में सफलता हासिल करने पर व शासकीय महाविद्यालय से MBBS की डिग्री कोर्स करने के अचीवमेंट पर भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति द्वारा उनका सम्मान किया गया। रागिनी ने अपने विचारों में कहा कि योग करने से मुझे यह सफलता हासिल करने में मानसिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा, योग व्यक्ति को तनाव मुक्त करता है और योग से हमारा गहरा संबंध होना चाहिए। वहीं सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सहयोग शिक्षकों में प्रवीण सक्सेना ,संगीता नेमा ,गौरीशंकर नेमा ,अंतर सिंह केलकर, नितिशा परमार ,माधुरी खंडेलवाल को हरिद्वार से प्राप्त प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। शुजालपुर के योग शिक्षक जयप्रकाश परमार का उनके योग सेवा के लिए सम्मान किया गया।

बैठक की अध्यक्षता भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी कन्हैयालाल पडियार ने की। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु धाम से हमारे लिए कुछ गुरु आज्ञा मिलती है उसे हम आप तक एक डाकिया के रूप में पहुंचाते हैं ,जिसमें गुरु पूर्णिमा महोत्सव, 4 अगस्त श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी का जन्म दिन जड़ी बूटी दिवस के रूप में बड़े धूमधाम से मनाना है। जिले में सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण अगले माह लगने वाला है, जिसमें सभी जिला तहसील प्रभारी अपने-अपने प्रवास के दौरान सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण में शामिल होने वाले प्रतिभागियों की सूची तैयार करें, प्रति माह अपनी अपनी रिपोर्ट बैठक में जरूर प्रस्तुत करें।

स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा एवरेस्ट प्रेस ई–49/8 औखला, इंडस्ट्रीयल–एरिया प्लॉट–2 प्रींटिंग प्रेस से मुद्रित एवं बी–125 सादतपुर कालोनी दिल्ली–110094 से प्रकाशित। RNI NO. DELHIN/2005/14553, **प्रधान संपादक:** अशोक त्रिपाठी * **संपादक** अनिल श्रीवास्तव * **समाचार संपादक** सौरभ वार्ष्णेय
**दिल्ली कार्यालय :** एस–557, हीरा कॉम्पलेक्स 203 द्वितीय तल मुख्य मार्ग शकरपुर दिल्ली– 01142173537, 9899589700, **भोपाल कार्यालय** – 9, रायल हाउस, प्रेस काम्पलेक्स, एम.पी. नगर जोन–1, भोपाल। **फोन :** 0755–4273868, 4203479 **फैक्स :** 4094417 **ई–मेल** dainiksamayjagat.delhi@gmail.com *(समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)

# न्यायपालिका को पूर्ण रूप से आरटीआई के दायरे में लाने पर मंथन

**समय जगत, रीवा।** सूचना के अधिकार कार्यकर्ताओं और कानूनी विशेषज्ञों की एक महत्वपूर्ण बैठक (317वीं आरटीआई मीट) में इस बात पर गहन चर्चा हुई कि क्या भारतीय न्यायपालिका को पूरी तरह से आरटीआई अधिनियम के दायरे में लाया जाना चाहिए। जूम प्लेटफॉर्म में आयोजित इस डिजिटल बैठक में न्यायिक प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाने और न्यायपालिका की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखने जैसे संवेदनशील विषयों पर व्यापक विमर्श किया गया। बैठक के दौरान विशेषज्ञों ने न्यायपालिका में पारदर्शिता के पक्ष और विपक्ष में कई मजबूत तर्क रखे। चर्चा में इस बात पर जोर दिया गया कि जहाँ एक तरफ कॉलेजियम प्रणाली में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद जैसी आशंकाओं को दूर करने के लिए पारदर्शिता आवश्यक है, वहीं दूसरी तरफ जजों की नियुक्ति और आंतरिक चर्चाओं (कॉलेजियम बैठकों) की गोपनीयता बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है। प्रतिभागियों ने सर्वसम्मति से सुझाव दिया कि एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाते हुए अदालत के प्रशासनिक कार्यों, बजट और रिक्तियों से जुड़ी जानकारियों को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाना चाहिए। हालांकि, जजों की आंतरिक निर्णय प्रक्रिया और संवेदनशील जानकारियों को आरटीआई अधिनियम की विशेष धाराओं जैसे धारा 8 के तहत संरक्षित रखा जा सकता है।

उत्तराखंड के आरटीआई रिसोर्स पर्सन एवं कंप्यूटर विभाग प्रमुख वीरेंद्रकुमार ठक्कर ने वर्ष 2010 से 2023 के बीच सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए 11 ऐतिहासिक फैसलों का एक विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इनमें मुख्य रूप से शामिल रहे। जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने नौ साल के लंबे विचार-विमर्श के बाद माना था कि भारत के मुख्य न्यायाधीश का कार्यालय भी एक पब्लिक अथॉरिटी है




और यह आरटीआई के दायरे में आता है। जिसमें आरटीआई अधिनियम के तहत मांगी जा सकने वाली सूचनाओं के दायरे और सीमाओं को स्पष्ट किया गया था। चर्चा में उन फैसलों का भी संदर्भ दिया गया जहाँ सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति की विस्तृत चिकित्सा या वित्तीय जानकारी को आरटीआई के तहत तब तक उजागर नहीं किया जा सकता, जब तक कि उसमें कोई बड़ा जनहित शामिल न हो।

बैठक में यह बात सामने आई कि वर्तमान में देश के अलग-अलग राज्यों के उच्च न्यायालयों ने आरटीआई को लेकर अपने अलग-अलग नियम बना रखे हैं। इस कारण सूचना देने की प्रक्रिया में काफी विसंगतियां हैं। विशेषज्ञों ने मांग की है कि सुप्रीम कोर्ट को एक मॉडल रूल तैयार करना चाहिए ताकि पूरे देश की अदालतों में आरटीआई के क्रियान्वयन में एकरूपता लाई जा सके। साथ ही, धारा 4 के तहत अदालतों को स्वतः अधिक से अधिक जानकारियां सार्वजनिक करनी चाहिए, ताकि आम नागरिकों को सामान्य जानकारी के लिए भी कानूनी लड़ाई न लड़नी पड़े।सुप्रीम कोर्ट द्वारा नवंबर 2022 में शुरू किए गए ऑनलाइन आरटीआई पोर्टल की सराहना की गई, लेकिन इसके साथ ही ज़मीनी चुनौतियों पर भी बात हुई। सदस्यों ने कहा कि आज भी आम नागरिकों को मोबाइल फोन के ज़रिए आरटीआई आवेदन करने में कई तकनीकी और व्यावहारिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।बैठक के अंतिम सत्र में आरटीआई आदेशों का पालन न होने (ह्रश्ठ्ठ-ष्टश्द्वश्चद्यद्बड्डठ्ठष्द्ग) और सूचना आयोगों की सीमाओं पर चर्चा हुई। कुछ प्रतिभागियों ने इस बात पर चिंता जताई कि कई बार न्यायपालिका के भीतर आरटीआई कार्यकर्ताओं के प्रति एक नकारात्मक रवैया देखने को मिलता है।

# 15 रुपए प्रति लीटर एथेनॉल पेट्रोल देने की बात भी 15 लाख रुपए की तरह जुमला

## पेट्रोल में एथेनॉल की मिलावट शुद्ध घी में डालडा जैसी

**रीवा।** समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने ठीक 3 साल पहले एथेनॉल पेट्रोल को 15 रुपए लीटर में उपलब्ध कराने की बात कही थी लेकिन इधर एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल 116 रुपए प्रति लीटर के भाव पेट्रोल पंप पर उपलब्ध हो रहा है। श्री खरे ने कहा कि यह बात भी 15 लाख रुपए खाते में आएंगे की तरह जुमला हो गई है। आपत्तिजनक बात यह है कि सड़क परिवहन एवं राज मार्ग केंद्रीय मंत्री होने के बाद भी नितिन गडकरी पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय% के बारे में ऐसी बातें करते हैं जैसे उन्हें इस विभाग का भी अतिरिक्त प्रभार मिला हो। इधर एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को लेकर मोटर वाहनों के इंजन के खराब हो जाने और माइलेज कम होने की बात पर देश के करोड़ों लोगों की चिंता के जवाब में नितिन गडकरी फरमा रहे हैं कि शुद्ध पेट्रोल 168 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है जितना ले सकते हो ले लो। श्री खरे ने कहा कि शहर के कुछ पेट्रोल पंपों में शुद्ध पेट्रोल की मांग करने पर यह



बताया गया कि उपलब्ध नहीं है। वर्तमान में एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल पंप 116 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से उपलब्ध है। यह स्पष्ट हो गया कि पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण के बाद भी पेट्रोल के दामों में कोई कमी नहीं आई बल्कि शुद्ध पेट्रोल की कीमतों में तो भारी वृद्धि हुई है। जिस तरह घी में मिलावट के बाद बाजार में शुद्ध घी के दाम काफी बढ़े रहते हैं। इसी तरह पेट्रोल के दाम भी बढ़ गए हैं। फिलहाल एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के दामों में गिरावट के कोई संकेत नहीं है। दोनों तरफ से मुनाफा कमाया जा रहा है। ऊपर से माइलेज और इंजन खराब होने की आशंकाएं बरकरार हैं। सुप्रीम कोर्ट में सरकार के द्वारा यह फरमाया जा रहा है कि यह प्रयोग है, तो फिर इस बात की गारंटी कैसे दी जा सकती है कि इसका गाड़ी के माइलेज और इंजन पर दुष्प्रभाव नहीं होगा। जब डीजल और पेट्रोल गाडियां के लिए अलग-अलग इंजन की आवश्यकता है तो फिर इथेनॉल निश्चित पेट्रोल के लिए अलग इंजन की जरूरत क्यों नहीं? काफी समय पहले पेट्रोल में मिट्टी तेल मिलावट को लेकर शिकायतें हुआ करती थीं लेकिन अब खुलेआम एथेनॉल मिलाकर झूठी गारंटी परोसी जा रही है। जानकारी यह है कि एथेनॉल गन्ना के रस से भी बनाया जा रहा है। इसकी वजह से बाजार में गन्ने की उपलब्धता प्रभावित हुई है। खास तौर से पीलिया एवं लीवर की बीमारी से प्रभावित मरीजों के लिए गन्ने का रस बहुत उपयोगी माना जाता है। श्री खरे ने कहा कि अभी बहुत से लोग चाहते हैं कि उनके मोटर वाहन का इंजन खराब होने से बच सके लेकिन शुद्ध पेट्रोल नहीं मिल पा रहा है। श्री खरे ने कहा कि एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की आलोचना करने पर नितिन गडकरी के द्वारा मानहानि की धमकी देकर दबाव बनाना बहुत आपत्तिजनक एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। हर उपभोक्ता सरकार के मनमानी फैसलों के खिलाफ अदालत में नहीं खड़ा हो सकता है। न्याय प्रक्रिया इतनी अधिक महंगी और उबाऊ है कि सामान्य लोग अदालत का दरवाजा खटखटाने की हिम्मत नहीं जुटा पाते हैं। ऐसे में कितने लोगों के साथ न्याय हो सकेगा। श्री खरे ने कहा कि मोदी सरकार ने पूरे देश को प्रयोगशाला बना दिया है। कोई जवाबदेही लेने को तैयार नहीं है। सरकार का विरोध करना देशद्रोह बता दिया जाता है। गजब की अंधभक्ति का दौर चल रहा है।

## मारपीट के मामले में पांच आरोपीगणों को न्यायालय ने सुनाया 3 वर्ष का सश्रम कारावास

**रीवा।** न्यायालय चौदहवे अपर सत्र न्यायाधीश रीवा समक्ष श्री संतोष कुमार तिवारी के न्यायालय में विचाराधीन सत्र प्रकरण क्र. 168/2023 शासन म.प्र.जरिये थाना रायपुर कर्चुलियान में पंजीबद्ध प्रकरण बनाम आदित्य प्रसाद तिवारी वगैरह के प्रकरण में आरोपी आदित्य प्रसाद तिवारी तनय रामायणशरण तिवारी उम्र 52 वर्ष पेशा खेती, सौरभ कुमार तिवारी उम्र 21 वर्ष पिता आदित्य प्रसाद तिवारी, गौरव तिवारी उम्र 20 वर्ष पिता आदित्य प्रसाद तिवारी, निखिल तिवारी उम्र 18 वर्ष पिता आदित्य प्रसाद तिवारी, अभिषेक तिवारी उम्र 26 वर्ष पिता लवकुश तिवारी, सभी निवासी ग्राम पुरास पो.महसाव थाना रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा के विरुद्ध विचाराधीन प्रकरण में पांचो आरोपीगणों को धारा 324, 323/34 के अपराध में सिद्ध दोष पाते हुए धारा 324 भादवि 3 वर्ष का सश्रम कारावास व दो-दो हजार रुपये अर्थदण्ड एवं धारा 323/34 में छः माह का सश्रम कारावास एवं एक-एक हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया अर्थदण्ड न जमा करने की स्थिति में धारा 324 में तीन-तीन माह व 323/34 में एक-एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे अपर लोक अभियोजक/ शास. अधि. डी.एन.मिश्रा ने बताया कि घटना दिनांक 22.6.2023 ग्राम पुरास की है।

# छात्रों के प्रदर्शन की सूचना मिलते ही झिरिया छात्रावास पहुंचे कलेक्टर

## समस्याओं के तत्काल समाधान के दिए निर्देश



**समय जगत, रीवा।** रीवा शहर के झिरिया स्थित छात्रावास के छात्रों द्वारा मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर कलेक्टर आवास का घेराव करने की सूचना मिलने पर कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी स्वयं छात्रावास पहुंचे और वहां की व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण कर छात्रों से सीधे संवाद किया। निरीक्षण के दौरान छात्रों ने पेयजल की गंभीर समस्या उठाई। छात्रों ने बताया कि छात्रावास में पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं होने से दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कलेक्टर ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को टैंकर के माध्यम से पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिसके बाद छात्रों के लिए पानी की व्यवस्था कराई गई। कलेक्टर ने छात्रावास की भोजन व्यवस्था, रसोई, छात्रों के कमरों, बिजली, साफ-सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास अधीक्षक एवं तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण किया जाए और व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि छात्रावास में कुछ बाहरी लोग रह रहे थे। इस पर कलेक्टर ने उन्हें तत्काल छात्रावास खाली करने के निर्देश देते हुए कहा कि छात्रावास केवल प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए है और बाहरी लोगों की मौजूदगी से छात्रों को असुविधा होती है तथा अनुशासन प्रभावित होता है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें शिक्षा के साथ-साथ सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर मिल सकें।

## सार-समाचार

### जनता से किए वादों से मुकर चुकी है सरकार: राहुल सिंह



**समय जगत, विदिशा।** मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय सिंह राहुल भैया के रविवार को विदिशा आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बायपास चौराहे पर भव्य आगवानी कर स्वागत किया। इसके बाद अनेक स्थानों पर कार्यकर्ताओं द्वारा फूल-मालाओं, पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। राहुल भैया जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचे, वहां पर बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। वहीं शहनाई गार्डन में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री पंकज जैन द्वारा आयोजित स्वागत एवं कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के उत्साह ने पूरे कार्यक्रम को कांग्रेस के प्रभावी प्रदर्शन के रूप में बदल दिया। कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में वरिष्ठजनों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अजय सिंह राहुल भैया ने कार्यकर्ताओं के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि विदिशा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ऊर्जा पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा बनेगी। उन्होंने भाजपा सरकार पर तीखे राजनीतिक हमले बोलते हुए कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की बद्हाली और भ्रष्टाचार से त्रस्त है, जबकि सरकार जनहित के मुद्दों से पूरी तरह विमुख हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने जनता से किए अधिकांश वादे पूरे नहीं किए और केवल प्रचार की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही प्रदेश और देश को न्यायपूर्ण, विकासोन्मुख एवं जनहितकारी दिशा दे सकती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने तथा कांग्रेस की नीतियों और जनहित के मुद्दों को घर-घर पहुंचाने का आव्हान किया।

### विशेष लोक अदालत में चेक बाउंस के 54 मामलों का आपसी समझौते से हुआ निराकरण

**समय जगत, रीवा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार रीवा जिला न्यायालय में चेक बाउंस के मामलों के त्वरित निपटारे के लिए गत दिवस विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री राकेश मोहन प्रधान के कर कमलों द्वारा विशेष लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से लंबित विवादों को समाप्त करना था। विशेष लोक अदालत के दौरान चेक बाउंस से संबंधित कुल 82 प्रकरणों को आपसी सहमति से सुलझाने के लिए रेफर किया गया था। दोनों पक्षों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई चर्चा और विधिक समझाइश के बाद इनमें से 54 मामलों का मौके पर ही सफलतापूर्वक निराकरण कर दिया गया। इस सफल समझौते के तहत कुल 1,05,32,925 रुपये की समझौता राशि के अधिनिर्णय पारित किए गए। विशेष लोक अदालत के कोर्डिनेटर व जिला न्यायाधीश श्री मोहित कुमार, जिला न्यायाधीश श्री वारीन्द्र कुमार तिवारी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती शिवानी शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री समीर कुमार मिश्र, जिला रजिस्ट्रार श्री पन्ना नागेश, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री शैलेन्द्र रैकवार, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अभय कुमार मिश्रा, एलएडीसीएस चीफ श्री सुरेन्द्र सिंह और एलएडीसीएस अस्सिटेंट श्रीमती आरती तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

# सिरमौर मुख्यालय में अफसरों के नहीं रहने की शिकायत, उच्चस्तरीय जांच की मांग


**रीवा।** सिरमौर के जागरूक आम नागरिक मंच ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव (सामान्य प्रशासन), रीवा संभाग के आयुक्त एवं कलेक्टर रीवा को संयुक्त ज्ञापन भेजकर सिरमौर मुख्यालय में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मुख्यालय पर नियमित रूप से निवास नहीं करने संबंधी शिकायतों की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि सिरमौर अनुभाग, तहसील, जनपद पंचायत, नगर परिषद, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा अन्य विभागों के कई जिम्मेदार अधिकारी कथित रूप से मुख्यालय में नियमित निवास नहीं करते, जिसके कारण आम नागरिकों को राजस्व, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, कृषि एवं अन्य शासकीय कार्यों के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। कई मामलों में लोगों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए जिला एवं संभागीय अधिकारियों तक पहुंचना पड़ता है।

मंच का कहना है कि यदि अधिकारी मुख्यालय में नियमित रूप से उपलब्ध रहें तो शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर आम जनता तक पहुंचेगा तथा आकस्मिक परिस्थितियों में प्रशासन भी प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेगा। ज्ञापन में जिन अधिकारियों के संबंध में शिकायतों का उल्लेख किया गया है, उनमें एसडीएम दृष्टि जायसवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी (प्रभार) प्राची चौबे, तहसीलदार विंध्य मिश्रा, नायब तहसीलदार बिंदु तिवारी एवं ललन सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेहा शर्मा, कृषि विकास अधिकारी बी.पी. सिंह, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के उपयंत्री ज्ञानेंद्र द्विवेदी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) के सहायक यंत्री एवं उपयंत्री, टोंस हाइडल कॉरपोरेशन (टीएचसी) के अधीक्षण यंत्री (सिविल) अंबिका शरण दुबे तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरमौर के बीएमओ डॉ. आनंद पाण्डेय शामिल हैं। मंच ने ज्ञापन में मांग की है कि इन शिकायतों की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा जांच के दौरान संबंधित अधिकारियों के पिछले एक वर्ष के उपस्थिति रजिस्टर, अवकाश अभिलेख, भ्रमण कार्यक्रम, निरीक्षण डायरी, शासकीय आवास आवंटन एवं उपयोग, सरकारी वाहन लॉगबुक तथा मुख्यालय में वास्तविक निवास का औचक सत्यापन कराया जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि जांच में कोई अधिकारी बिना सक्षम अनुमति मुख्यालय से बाहर निवास करता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध प्रचलित सेवा नियमों के अनुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए तथा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मुख्यालय में नियमित निवास सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को समय पर शासकीय सेवाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

# आंधी-तूफान भी नहीं तोड़ पाए भरोसा, रीवा की 6 ट्रांसमिशन लाइनें बनी मिसाल

## 1500 दिन का सफर, शून्य ब्रेकडाउन

**रीवा।** प्रदेश शासन के उपक्रम मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की रीवा स्थित 6 महत्वपूर्ण एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज ट्रांसमिशन लाइनों ने विगत चार वर्षों यानी लगभग 1500 दिनों से बिना किसी ब्रेकडाउन के निर्बाध विद्युत पारेषण कर अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किया है। आंधी-तूफान, तेज बारिश, आकाशीय बिजली जैसी प्राकृतिक चुनौतियों और



अन्य अप्रत्याशित परिस्थितियों के बावजूद इन लाइनों का सतत एवं विश्वसनीय संचालन जारी है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि रीवा की इन 6 लाइनों सहित प्रदेशभर में एमपी ट्रांसको की कुल 593 ईएचवी ट्रांसमिशन लाइनें भी बीते चार वर्षों से बिना किसी ब्रेकडाउन के सफलतापूर्वक संचालित होकर प्रदेश की विद्युत पारेषण व्यवस्था की मजबूती और विश्वसनीयता को प्रमाणित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि कंपनी के अभियंताओं, तकनीकी कर्मचारियों तथा अनुरक्षण कार्य में जुटे आउटसोर्स कर्मियों की प्रतिबद्धता, दक्षता और समर्पण का परिणाम है। रीवा क्षेत्र की जिन ट्रांसमिशन लाइनों ने यह उपलब्धि हासिल की है, उनमें 220 केवी वोल्टेज लेवल की दो एवं 132 केवी वोल्टेज लेवल की चार ट्रांसमिशन लाइन शामिल है। इनमें 220 केवी रीवा-सिरमौर, 220 केवी रीवा टोंस हाइडल पावर स्टेशन की लाइनों के अलावा 132 केवी रीवा सिल्परा बाणसागर लाइन के दो सर्किट एवं रीवा जेपी सीमेंट व 132 केवी रीवा रेलवे ट्रैक्सन फीडर की लाइन शामिल है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि प्रदेश के ट्रांसमिशन नेटवर्क को अधिक सुरक्षित, विश्वसनीय एवं निर्बाध बनाए रखने के लिए थर्मो-विजन निरीक्षण, ड्रोन सर्विलांस, एससीएडीए आधारित रियल-टाइम मॉनिटरिंग, ऑनलाइन कंडीशन मॉनिटरिंग तथा समयबद्ध निवारक अनुरक्षण जैसी आधुनिक तकनीकों का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। नियमित लाइन पेट्रोलिंग, प्री-मानसून मेंटेनेंस, लाइन कॉरिडोर प्रबंधन, पेड़ों की कटाई-छंटाई तथा उपकरणों की सतत निगरानी के माध्यम से संभावित तकनीकी खामियों की समय रहते पहचान कर उनका निराकरण किया गया, जिससे ब्रेकडाउन की आशंकाओं को प्रभावी ढंग से रोका जा सका और ट्रांसमिशन लाइनों की विश्वसनीयता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

## जिलेभर में हार्टफुलनेस सत्र के साथ थानों की व्यवस्थाओं का हुआ मूल्यांकन

# पुलिस अधीक्षक ने थाना नटेरन का निरीक्षण के साथ की कार्यों की समीक्षा

**विदिशा।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के नेतृत्व में रविवार को जिले के समस्त थाना/चौकी, पुलिस लाइन एवं पुलिस कार्यालयों में प्रत्येक रविवार थाना परिवार थीम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज करने के साथ हुई। इसके उपरांत सभी अधिकारी एवं कर्मचारी वर्चुअल माध्यम से हार्टफुलनेस योग एवं ध्यान सत्र से जुड़े, जहां सूक्ष्म व्यायाम, योग मुद्राओं, प्राणायाम, रिलेक्सेशन एवं सामूहिक ध्यान का अभ्यास कराया गया। साथ ही ध्यान का अभ्यास पुस्तक का वाचन भी किया गया। ध्यान सत्र के माध्यम से तनाव प्रबंधन, मानसिक संतुलन, सकारात्मक सोच, आत्मअनुशासन एवं कार्य क्षमता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया।



पुलिसकर्मियों को नियमित योग, प्राणायाम एवं ध्यान को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। ध्यान सत्र के उपरांत थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थानों का निरीक्षण कर साफ-सफाई, कार्यालयीन व्यवस्थाओं, अभिलेखों एवं उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा की गई। संबंधित अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों (एसडीओपी) द्वारा भी थानों का निरीक्षण कर अपराध नियंत्रण, लंबित प्रकरणों के निराकरण, जनसुनवाई, महिला संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण, कानून-व्यवस्था तथा अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसी क्रम में नगर पुलिस अधीक्षक श्री अतुल सिंह ने थाना करारिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ योग एवं ध्यान सत्र में सहभागिता की तथा अपराधों एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। वहीं एसडीओपी कुरवाई रोशनी सिंह ने थाना पथरिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ ध्यान सत्र में सहभागिता की तथा अपराधों, लंबित प्रकरणों एवं थाना कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी कड़ी में रविवार को पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने थाना नटेरन का निरीक्षण किया।

### शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में एआई प्रशिक्षण संपन्न

**विदिशा।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में 40 शिक्षकों को एआई प्रशिक्षित किया गया। जिसमें माइक्रोसॉफ्ट 365 को-पायलट की विस्तार से जानकारी दी गई और इसके उपयोग के बारे में शिक्षकों को तैयार किया गया। वही माइक्रोसॉफ्ट एलीवेट फोर एजुकेटर एवं माइक्रोसॉफ्ट लर्न पर विशेष सत्र लिया गया। इस समस्त प्रक्रिया में 36 शिक्षकों ने सफलता प्राप्त की और कुछ शिक्षकों ने प्रमाण पत्र की प्राप्त किया। विजय श्रीवास्तव ने अपने अनुभव साझा किया। छात्र-छात्राओं के लिए सभी सब्जेक्टों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित शिक्षक के क्षेत्र में बहुत सारा कार्य करने के लिए और हर क्षेत्र की जानकारी मिलेगी, साइबर क्राइम की जानकारी भी सांझा की।

## दतिया एसडीओपी के नेतृत्व में कोतवाली थाना क्षेत्र में सीआरपीएफ जवानों के साथ निकाला फ्लैग मार्च



**दतिया।** दतिया विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत रविवार को थाना कोतवाली क्षेत्र में एसडीओपी दतिया आकांक्षा जैन के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक दिनेश राजपूत, सीआरपीएफ की कंपनी एवं पुलिस बल द्वारा संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च भैरव मंदिर, टाउन हॉल, पटवा तिराहा, तिगेलिया, किला चौक एवं मुख्य बाजार सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों से होकर निकाला गया। आमजन से आगामी उपचुनाव के दौरान निर्भीक, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए अनुकूल वातावरण बनाने की अपील की। दतिया पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि विधानसभा उपचुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च, एरिया डॉमिनेशन एवं सघन गश्त की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। कानून-व्यवस्था भंग करने, मतदाताओं को डराने-धमकाने अथवा निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# बारिश के लिए आस्था का सहारा: बोड़ा में निकली भक्ति यात्रा

### बिजली माता की पूजा-अर्चना कर अच्छी वर्षा की कामना



**समय जगत, बोड़ा ।** राजगढ़ जिले में लगातार बारिश नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। खेतों में खड़ी फसलों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। ऐसे में बोड़ा नगर सहित आसपास के गांवों में लोगों ने प्रकृति की कृपा पाने के लिए अपनी प्राचीन धार्मिक परंपराओं का सहारा लिया। कहीं गांव के बाहर सामूहिक भोजन का आयोजन किया गया, तो कहीं मंदिरों में, सुंदरकांड पाठ,हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ एवं विशेष धार्मिक अनुष्ठान कर अच्छी वर्षा की प्रार्थना की गई। इसी क्रम में बोड़ा के श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर बगीची से विशाल धार्मिक चल समारोह निकाला गया। बैंड पर श्रद्धालु भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बिजली माता मंदिर पहुंचे। यहां ग्राम आचार्य पंडित राधेश्याम शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से बिजली माता एवं गौ माता का पूजन-अर्चन कराया तथा क्षेत्र में अच्छी वर्षा, समृद्ध फसल और जनकल्याण की कामना की गई। पूजा अर्चना गांव पटेल भगवान सिंह पिता कुमेर सिंह पटेल राजपूत ने की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, वरिष्ठ समाजसेवियों, किसानों, महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। ग्रामीणों का कहना है कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। जब भी वर्षा में विलंब होता है, तब पूरे गांव के लोग एकजुट होकर देवी-देवताओं की आराधना करते हैं और अच्छी बारिश की प्रार्थना करते हैं। श्रद्धालुओं ने विश्वास व्यक्त किया कि उनकी सामूहिक प्रार्थना अवश्य स्वीकार होगी और शीघ्र ही क्षेत्र में अच्छी वर्षा होगी, जिससे किसानों के चेहरे पर फिर से मुस्कान लौटेगी।

## सार संक्षिप्त

### स्थानांतरण पर तहसीलदारों एवं पटवारियों को दी भावभीनी विदाई



**समय जगत,हरदा ।** मध्य प्रदेश पटवारी संघ,तहसील शाखा हंडिया द्वारा अपनी परंपरा का निर्वहन करते हुए जिले से बाहर स्थानांतरित हुए तहसीलदार वीरेन्द्र उईके,अपर तहसीलदार आशीष मिश्रा एवं तीन पटवारी साथियों के सम्मान में स्थानीय राजहंस होटल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया ।समारोह में दोनों तहसीलदारों ने हरदा जिले में अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए कहा कि यहां उन्हें अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पटवारियों का भरपूर सहयोग मिला । उन्होंने कहा कि हरदा में मिले आत्मीय वातावरण,टीम भावना और सहयोग की स्मृतियां उनके हृदय में सदैव अंकित रहेंगी । उन्होंने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी तरह कार्य करने का संदेश दिया ।कार्यक्रम में पटवारी संघ के तहसील अध्यक्ष फूलसिंह उईके एवं सचिव सुबाष मस्कोले सहित सभी पटवारियों ने दोनों तहसीलदारों का शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया । वहीं मध्य प्रदेश पटवारी संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजीव जैन ने दोनों अधिकारियों को स्मृति-चिह्न एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं । इस अवसर पर हरदा जिले से बाहर स्थानांतरित पटवारी योगेंद्र दांगी,गणेश चौरे तथा नीरज गंगवाल का शाल श्रीफल ओर स्मृति चिन्ह से अभिनंदन पटवारियों द्वारा किया गया ।इस दौरान नवागत तहसीलदार श्रीमती पूजा भाटी,नायब तहसीलदार कैलाश यादव, राजस्व निरीक्षक उत्तम पारदे, पटवारी राजीव जैन,फूलसिंह उईके,उदय उईके,नीरज आमे, सुभाष मस्कोले,राम अग्रवाल, जवाहर पटेल,गजेन्द्र बैरागी, हेमलता बाईया,सिया अहिरवार आदि उपस्थित रहे ।विदाई समारोह आत्मीय एवं भावुक वातावरण में संपन्न हुआ । इस अवसर पर तहसील हंडिया के राजस्व निरीक्षक,लिपिक, कर्मचारी,पटवारी एवं राजस्व विभाग के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे । सभी ने स्थानांतरित अधिकारियों एवं पटवारी साथियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी ।

### दतिया विधानसभा उप निर्वाचन माइक्रो ऑब्जर्वरों का प्रशिक्षा संपन्न



**दतिया ।** दतिया विधानसभा उपनिर्वाचन को शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने की तैयारियों के तहत न्यू कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में 283 माइक्रो ऑब्जर्वरों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रम मास्टर ट्रेनर्स मनोज द्विवेदी एवं प्रो. सुधीर पाण्डेय की उपस्थिति में संपन्न हुआ । इस दौरान उन्होंने माइक्रो ऑब्जर्वरों को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान उनकी जिम्मेदारियों, मतदान केंद्रों पर निष्पक्ष निगरानी, निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के पालन तथा पारदर्शी एवं स्वतंत्र मतदान सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी । प्रशिक्षण में मतदान दिवस पर अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं, आचार संहिता के अनुपालन, रिपोर्टिंग व्यवस्था तथा संवेदनशील मामलों में सतर्कता बरतने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया । प्रशिक्षित माइक्रो ऑब्जर्वरों की सक्रिय भूमिका से विधानसभा उपनिर्वाचन-2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा ।

# अंबेडकर नगर मंगल भवन परिसर में हाई स्कूल खोलने की मांग

### पार्षद ने अनुसूचित जाति आयोग को सौंपा ज्ञापन



**समय जगत, श्योपुर ।** नगर पालिका परिषद श्योपुर के वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद एवं कांग्रेस सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुमेर सिंह ने मध्य प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव को ज्ञापन सौंपकर अंबेडकर नगर मंगल भवन परिसर में हाई स्कूल स्वीकृत करने सहित क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि अंबेडकर नगर मंगल भवन परिसर में नगरपालिका की भूमि पर शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय संचालित हैं, जहां दलित बस्ती सहित आसपास के क्षेत्रों के सैकड़ों बच्चे अध्ययनरत हैं। इसके अलावा दो आंगनवाड़ियां भी संचालित हो रही हैं। वहीं वार्ड क्रमांक 15 में उर्दू गोंधी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय भी संचालित है। इन सभी विद्यालयों में बच्चों की संख्या एक हजार से अधिक है। पार्षद सुमेर सिंह ने कहा कि क्षेत्र की बढ़ती आबादी को देखते हुए यहां हाई स्कूल की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि हाई स्कूल की दूरी अधिक होने के कारण गरीब परिवारों के कई बच्चे आगे की पढ़ाई जारी नहीं रख पाते, क्योंकि उनके अभिभावक आने-जाने का खर्च उठाने में सक्षम नहीं हैं। उन्होंने बताया कि अंबेडकर नगर मंगल भवन परिसर में नगरपालिका की करीब 12 से 15 बीघा भूमि उपलब्ध है, जहां हाई स्कूल का निर्माण किया जा सकता है। इससे वार्ड क्रमांक 10, 11, 12, 13, 14 और 15 के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। ज्ञापन में नगरपालिका भूमि पर हो रहे अतिक्रमण का मुद्दा भी उठाया गया। पार्षद ने आरोप लगाया कि कुछ लोग सरकारी जमीन पर कब्जा कर प्लॉट बनाकर बेच रहे हैं, जिससे नगरपालिका की भूमि लगातार कम होती जा रही है। उन्होंने भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर चारों ओर बाउंड्रीवाल निर्माण कराने की मांग की है।

### हथवारी गांव में बूंद-बूंद पानी को तरसे ग्रामीण

**श्योपुर ।** जिले की ग्राम पंचायत प्रेमपुरा के ग्राम हथवारी में पेयजल संकट गहराता जा रहा है । ग्रामीणों का कहना है कि गांव में नल जल योजना का लाभ सही तरीके से नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण उन्हें पानी के लिए खेतों और दूर-दराज के स्थानों का सहारा लेना पड़ रहा है । ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या पर जिम्मेदारों का ध्यान नहीं है । नल जल योजना ग्रामीणों के लिए राहत के बजाय परेशानी का कारण बनती नजर आ रही है । ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर महोदया से मामले का संज्ञान लेकर जल्द से जल्द पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि लोगों को पानी के लिए भटकना न पड़े ।

## दो वार्डों में 72 लाख से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**कटनी ।** नगर पालिक निगम द्वारा शहर के दो वार्डों में लगभग 71.90 लाख रुपये की लागत से विकास कार्यों का भूमिपूजन कराया गया । राम मनोहर लोहिया वार्ड क्रमांक-5 एवं रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्रमांक-34 में नाली, सीसी सड़क और आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों की शुरुआत महापौर प्रीति सूरी, क्षेत्रीय पार्षद उमेंद्र अहिरवार एवं शकुंतला सोनी सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुई । राम मनोहर लोहिया वार्ड में करीब 59.41 लाख रुपये की लागत से शिशिर गुप्ता के मकान से हनुमान मंदिर तक तथा रचना नगर में सीसी नाली निर्माण कार्य कराया जाएगा । वहीं अहमद नगर में लगभग 13 लाख रुपये की लागत से नए आंगनबाड़ी भवन का निर्माण होगा । दूसरी ओर रामकृष्ण परमहंस वार्ड के मंगल नगर स्थित मुस्लिम बस्ती में लगभग 12.49 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया । इस अवसर पर महापौर प्रीति सूरी ने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य शहर के प्रत्येक वार्ड तक समान रूप से विकास पहुंचाना है । उन्होंने कहा कि सड़क, नाली, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं । कार्यक्रम में मेयर इन काउंसिल सदस्य रमेश सोनी, सुभाष साहू एवं सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष संजू गर्ग एवं कौशलेश मिश्रा, महिला मोर्चा अध्यक्ष सपना सरावगी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे । क्षेत्रवासियों ने विकास कार्यों के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नगर निगम प्रशासन का आभार जताया और समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य की अपेक्षा व्यक्त की ।

## प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के समक्ष कांग्रेस परिवार की ली सदस्यता



**दतिया।** विधानसभा उपचुनाव के दौरान मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी के तीन पूर्व पार्षदों ने कांग्रेस की रीति-नीति और जनहित की विचारधारा में विश्वास व्यक्त करते हुए कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने वाले पूर्व पार्षद बृजेंद्र वेश, अतुल यादव एवं अरविंद यादव शामिल हैं। इन सभी नेताओं का कांग्रेस परिवार में आने से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी।

# शिक्षा संबंधी मांगों का ज्ञापन देने जा रहे कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने रोका



**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कटनी प्रवास के दौरान शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर ज्ञापन सौंपने जा रहे जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष एड. अमित शुक्ला को पुलिस ने रास्ते में रोक दिया। कांग्रेस का आरोप है कि बड़वारा थाना प्रभारी एवं रंगनाथ थाना पुलिस की टीम ने तीन वाहनों के साथ दो अलग-अलग स्थानों पर उनका रास्ता रोककर उन्हें मुख्यमंत्री के कटनी से रवाना होने तक पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नजरबंद रखा। मुख्यमंत्री के प्रस्थान के बाद उन्होंने नायब तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जिले में पीपीपी मॉडल के बजाय पूर्णतः शासकीय मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की मांग की गई। इसके साथ ही पीएम एक्सीलेंस शासकीय तिलक महाविद्यालय में बीसीए, बीबीए, बी.एड., एलएलबी, बी.ए. एलएलबी, बी.कॉम. एलएलबी, बी.एससी. एलएलबी एवं डी.फार्म जैसे रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम प्रारंभ करने तथा शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में जिले के माइनिंग क्षेत्र को देखते हुए माइनिंग इंजीनियरिंग, माइन सर्वेइंग, माइन सेटी सहित अन्य तकनीकी पाठ्यक्रम शुरू करने की मांग भी शामिल थी। एड. अमित शुक्ला ने आरोप लगाया कि छात्रों और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने से रोकना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शिक्षा और रोजगार से जुड़े जनहित के मुद्दों को लगातार उठाती रहेगी और कटनी के युवाओं के हितों के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

## दो राजनेताओं का भरत मिलाप दतिया में बना चर्चा का केंद्र

**समय जगत, दतिया ।** जब दो दिल मिल रहे हैं कोई नया गुल खिल रहा है । दतिया के राजनैतिक इतिहास में पहली बार चुनावी मंच पर दिखी राजनीतिक सौहार्द की तस्वीर, जीतू पटवारी और आशुतोष तिवारी मिले गले । दतिया उप चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की सभा के पास से गुजर रहे भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को श्री पटवारी ने रुकने का इशारा किया इसके बाद दोनों नेताओं ने एक-दूसरे का अभिवादन करते हुए गले मिलकर भाईचारे का परिचय देते हुए आपसी सौहार्द की झांकी दिखा दी जो चुनावी प्रतिद्वंदिता में कम देखने को मिलती है । दोनों नेताओं का भरत मिलन देख कर मौजूद लोग आश्चर्य में पड गए । कुछ देर हुई सौहार्दपूर्ण बातचीत के बाद दोनों अपने-अपने कार्यक्रमों में व्यस्त हो गए । इस मुलाकात के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं और राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई हैं ।

### 28 जुलाई सायं 6 बजे से मतदान समाप्ति तक एवं मतगणना 3 जुलाई को दतिया विधानसभा में रहेगा शुष्क दिवस

**दतिया ।** कलेक्टर एवं जिला दण्ड़ाधिकारी दतिया द्वारा आदेश जारी कर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ग के प्रावधान अनुसार प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दतिया विधानसभा उप चुनाव हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है । जारी आदेशानुसार दतिया विधानसभा एवं दतिया विधानसभा क्षेत्र से सीमावर्ती 3 किलोमीटर क्षेत्र में मतदान दिवस 30 जुलाई 2026 को मतदान समाप्ति के नियत समय से 48 घंटे पूर्व से मतदान समाप्ति तक अर्थात 28 जुलाई को सायंकाल 6 बजे से 30 जुलाई 2026 को मतदान समाप्त तक और दतिया विधानसभा क्ष्क्षेत्र में मतगणना दिनांक 30 जुलाई 2026 को पूरे दिन शुष्क दिवस रहेगा ।

# जनसेवा का मौका दें जब तक विधायक रहूंगा आपकी सेवा करूंगा : घनश्याम सिंह

### ग्रामीण क्षेत्र में जन समर्थन मांगने समर्थकों के साथ पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी



**दतिया।** जो लोग भोपाल में रहते हैं चुनाव लड़ने के लिए दतिया आए? हैं वो चुनाव के बाद दतिया में नजर नहीं आएंगे यदि आपको कोई काम होगा भोपाल जाना पड़ेगा और मैं दतिया रहता हूं आप 24 घंटे कभी भी संपर्क कर मिल सकते हो। आप मुझे जनसेवा का फिर से मौका दें मैं वादा करता हूँ कि जब तक विधायक रहूंगा दिन रात सेवा करूंगा। उक्त विचार दतिया में कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह ने रविवार को ग्राम विजयपुर, सीतापुर, उपरांय, वानोली में मतदाताओं से घर घर जनसंपर्क कर चर्चा के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि 95 प्रतिशत लोगों ने भाजपा प्रत्याशी को कभी देखा भी नही, कभी मिले भी नही। इनके मौसेरे भाई जो पूर्व में भाजपा जिलाध्यक्ष रहे हैं उन्होंने इंदरगढ़ में गरीब जनता को जमकर लूटा। जिले में सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान परेशान हैं। समय से खाद मिलता नही, कृषि उपज बेचने किसान मंडी जाते हैं तो मंडी में नकद पैसा नही मिलता 2.5 प्रतिशत कमीशन देना प?ड़?ता है। सरकार किसानों की सुन नहीं रही। कांग्रेस गरीबों की पार्टी है भाजपा पूंजीपतियों की। आप सब एकजुट होकर कांग्रेस के लिए वोट करें।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं,कि मेरे पुत्र का नाम दीपेन्द्र राजा पिता लक्ष्मन सिंह ठाकुर (DEEPENDRA RAJA S/O LAXMAN SINGH THAKUR) निवासी वार्ड नं. 06, ग्राम बाकपुरा, पोस्ट गोरखपुर, गोरखपुर, छतरपुर, गोररखपूरा, जिला छतरपुर मध्य प्रदेश हैं। परंतु मेरे पुत्र के आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम बीकेन्द्र सिंह ठाकुर पिता लक्ष्मन सिंह ठाकुर (BIKENDR SINGH THAKUR S/O LAXMAN SINGH THAKUR) अंकित हो गया हैं, जो की गलत है मेरे पुत्र का वास्तविक सही नाम उसके जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज होने से प्रमाणित है। जिसे मैं मेरे पुत्र के शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों में दर्ज कराना चाहता हूँ। दीपेन्द्र राजा पिता लक्ष्मन सिंह ठाकुर (DEEPENDRA RAJA S/O LAXMAN SINGH THAKUR) व बीकेन्द्र सिंह ठाकुर पिता लक्ष्मन सिंह ठाकुर (BIKENDR SINGH THAKUR S/O LAXMAN SINGH THAKUR) यह दोनों एक हि व्यक्ति है। प्रकाशन उपरांत मेरे पुत्र का नाम दीपेन्द्र राजा पिता लक्ष्मन सिंह ठाकुर (DEEPENDRA RAJA S/O LAXMAN SINGH THAKUR) के नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जावें।

**पुराना नाम**
**बीकेन्द्र सिंह ठाकुर पिता लक्ष्मन सिंह ठाकुर**
**(BIKENDR SINGH THAKUR S/O LAXMAN SINGH THAKUR)**
**नया नाम**
**दीपेन्द्र राजा पिता लक्ष्मन सिंह ठाकुर**
**(DEEPENDRA RAJA S/O LAXMAN SINGH THAKUR)**

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं,कि मेरे पुत्र का नाम सचिन सोलंकी पिता कारसिंह सोलंकी (SACHIN SOLANKI S/O KARSINGH SOLANKI) निवासी मथगियारा, फलिया, बालपुर, बालपुर, अलीराजपुर, बालपुर, मध्य प्रदेश हैं। परंतु मेरे पुत्र के आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम सचिन पुत्र कारसिंह (SACHIN S/O KARSINGH) अंकित हो गया हैं, जो की गलत है मेरे पुत्र का वास्तविक सही नाम उसके जन्म प्रमाण पत्र में भी दर्ज होने से प्रमाणित है। जिसे मैं मेरे पुत्र के आधार कार्ड/शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों में दर्ज कराना चाहता हूँ। सचिन सोलंकी पिता कारसिंह सोलंकी (SACHIN SOLANKI S/O KARSINGH SOLANKI) व सचिन पुत्र कारसिंह (SACHIN S/O KARSINGH) यह दोनों एक हि व्यक्ति हैं। प्रकाशन उपरांत मेरे पुत्र का नाम सचिन सोलंकी पिता कारसिंह सोलंकी (SACHIN SOLANKI S/O KARSINGH SOLANKI) के नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जावें।

**पुराना नाम**
**सचिन पुत्र कारसिंह**
**(SACHIN S/O KARSINGH)**
**नया नाम**
**सचिन सोलंकी पिता कारसिंह सोलंकी**
**(SACHIN SOLANKI S/O KARSINGH SOLANKI)**

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं,कि मेरी पुत्री का नाम वैष्णवी सिंह पिता नरेश प्रताप सिंह (VAISHNAVI SINGH D/O NARESH PRATAP SINGH) निवासी ग्राम बडेरी, बदेरी, उमरिया, मध्य प्रदेश हैं। परंतु मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम वीशधवी सिंह पुत्री संध्या सिंह बघेल (VEESDHVI SINGH D/O SANDHYA SINGH BAGHEL) अंकित हो गया हैं, जो की गलत है मेरी पुत्री का वास्तविक सही नाम उसके जन्म प्रमाण पत्र व शैक्षणिक दस्तावेज में भी दर्ज होने से प्रमाणित है। जिसे मैं मेरी पुत्री के आधार कार्ड/शासकीय/अशासकीय दस्तावेज में दर्ज कराना चाहता है। वैष्णवी सिंह पिता नरेश प्रताप सिंह (VAISHNAVI SINGH D/O NARESH PRATAP SINGH) व वीशधवी सिंह पुत्री संध्या सिंह बघेल (VEESDHVI SINGH D/O SANDHYA SINGH BAGHEL) यह दोनों एक हि व्यक्ति हैं।
प्रकाशन उपरांत मेरी पुत्री का नाम वैष्णवी सिंह पिता नरेश प्रताप सिंह (VAISHNAVI SINGH D/O NARESH PRATAP SINGH) के नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जावें।

**पुराना नाम**
**वीशधवी सिंह पुत्री संध्या सिंह बघेल**
**(VEESDHVI SINGH D/O SANDHYA SINGH BAGHEL)**
**नया नाम**
**वैष्णवी सिंह पिता नरेश प्रताप सिंह**
**(VAISHNAVI SINGH D/O NARESH PRATAP SINGH)**

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती पत्नी श्री रामकुमार सिंह , निवासी - हसनपुरा, तहसील - गौरमी जिला - भिण्ड म.प्र. । मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सिरमती पत्नी श्री रामकुमारा सिंह त्रुटिवंश दर्ज हो गया है, जो कि गलत है और परिचय पत्र में भी मेरा नाम सिरमती( Siramati) गलत दर्ज है , पेन कार्ड में भी मेरा नाम सिरमती ( Siramati ) पिता रिंगलाल सिंह दर्ज है ,जो मेरा नाम गलत लिखा हुआ है, जबकि मेरे स्थायी निवासी प्रमाण-पत्र में मेरा सही नाम श्रीमती पत्नी श्री रामकुमार सिंह दर्ज है, जो कि मेरा सही एवं वास्तविक नाम है , सिरमती और श्रीमती दोनों एक ही महिला के नाम है,अतः प्रकाशन उपरांत मेरे सभी शासकीय/अशासकीय/ व्यक्तिगत दस्तावेजों मे सही नाम श्रीमती ( Shirimati ) W/O रामकुमार सिंह ( Ramkumar Singh ) के नाम से जाना - पहचाना व लिखा- पढ़ा दर्ज किया जावे

**पुराना नाम**
**सिरमती पत्नी श्री रामकुमारा सिंह**
**Siramati**
**w/o Ramkumara Singh**
**नया नाम**
**श्रीमती पत्नी श्री रामकुमार सिंह**
**Shirimati**
**W/o Ramkumar Singh**

# 57 लाख की सड़क पर बड़ा खेल, बनी हुई WBM सड़क पर फिर बिछ रही ग्रेवल

## भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरा निर्माण कार्य बटोर रहा है समाचारों की शुर्खियां



**समय जगत, डिंडौरी।** डिंडौरी जिले की ग्राम पंचायत चटुआ में 57 लाख रुपये की लागत से बन रही ग्रेवल सड़क अब सवालों के घेरे में है। आरोप है कि पहले से ही RES के द्वारा डब्ल्यूबीएम सड़क बनाई गई थी, उसी के ऊपर दोबारा ग्रेवल बिछाई जा रही है। शिकायतकर्ता ने इसे सरकारी धन के दुरुपयोग बताते हुए कलेक्टर से जांच की मांग की है। चटुआ से बिछिया तक करीब दो किलोमीटर लंबे मार्ग पर 57 लाख रुपये की लागत से ग्रेवल सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब इस मार्ग पर पहले से विभाग के द्वारा डब्ल्यूबीएम सड़क बनी हुई है, तो उसके ऊपर दोबारा ग्रेवल क्यों डाली जा रही है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि निर्माण कार्य तकनीकी नियमों के विपरीत है और बिना आवश्यकता सरकारी राशि खर्च की जा रही है। आरोप यह भी है कि सूत्रों से जानकारी के अनुसार करीब 10 लाख रुपये का भुगतान भी हो चुका है, जबकि निर्माण की गुणवत्ता और आवश्यकता दोनों पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सड़क पहले से बनी थी तो उसके उन्नयन या मरम्मत के बजाय ग्रेवल सड़क बनाने की जरूरत क्या थी। आखिर 57 लाख रुपये किस आधार पर स्वीकृत किए गए हैं। यह सवाल अब पूरे गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है।

मामले में जब आरईएस विभाग के उपयंत्री फिरोज खान से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि यह कार्य उनके कार्यकाल से पहले स्वीकृत हुआ था और इसकी जानकारी तत्कालीन उपयंत्री ही दे सकते हैं। विभाग के इस जवाब ने मामले को और संदेहास्पद बना दिया है। अब शिकायत कलेक्टर तक पहुंच चुकी है। ऐसे में सबकी नजर प्रशासन की जांच पर टिकी है कि आखिर बनी हुई डब्ल्यूबीएम सड़क पर दोबारा ग्रेवल बिछाने की जरूरत क्यों पड़ी है क्या यह तकनीकी आवश्यकता थी या फिर 57 लाख रुपये के सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला है, इसका जवाब जांच के बाद ही सामने आएगा।

# अल्पविराम कार्यशाला में आत्मशक्ति एवं आनंदम जीवन शैली पर दिया गया जोर



**समय जगत, डिंडौरी।** राज्य आनंद संस्थान के मार्गदर्शन में जनजातीय कार्य विभाग, जिला डिंडौरी द्वारा अल्पविराम विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को आत्मचिंतन, मानसिक संतुलन एवं आनंदम जीवन शैली के प्रति प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू जितेन्द्र ब्यौहार विशेष रूप से उपस्थित रहीं। विधायक श्री धुर्वे ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने मन की अंतरात्मा की शक्ति को पहचानना ही अल्पविराम है। उन्होंने कहा कि जीवन की व्यस्तताओं के बीच प्रत्येक व्यक्ति के लिए अल्पविराम आवश्यक है, जिससे आत्ममंथन, सकारात्मक सोच एवं बेहतर निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। उद्घाटन सत्र में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी, राज्य आनंद संस्थान के प्रदेश कार्यक्रम समन्वयक आकाश दुबे तथा सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य राजेन्द्र जाटव उपस्थित रहे। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर के रूप में कटनी से अनिल कांबले, डीपीएल श्रीमती मनीषा कांबले तथा मास्टर ट्रेनर श्रीमती मंजूषा शर्मा ने प्रतिभागियों को विभिन्न गतिविधियों एवं संवाद सत्रों के माध्यम से आत्मबोध, तनाव प्रबंधन, सकारात्मक जीवन दृष्टि एवं आनंदम के सिद्धांतों की जानकारी दी।

## संक्षिप्त समाचार

### सर्पदंश से आठ वर्षीय बालक की हुई मौत



**समय जगत, पन्ना।** पन्ना जिले के शाहनगर नगर थाना अंतर्गत ग्राम खमतरा में एक 8 वर्ष के बालक को जहरीले सर्प ने काट लिया, जिससे उसकी हालत खराब हो गई तत्काल स्वास्थ्य केंद्र शाह नगर ले जाया गया डॉक्टर द्वारा इलाज किया गया लेकिन इलाज के दौरान बालक की मौत हो गई जानकारी के अनुसार खम तरा निवासी शिवम सिंह पिता यशवंत सिंह घर के सामने खेल रहा था इस दौरान सर्प ने काट लिया उक्त घटना से परिवार में मातम का माहौल कायम है पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। गौरतलब है कि वर्तमान समय में सर्प दंश की सबसे अधिक घटनाएं हो रही हैं।

### गंदगी फैलाने एवं अतिक्रमण करने पर नगर पालिका ने की चालानी कार्यवाही



**समय जगत, नरसिंहपुर।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरसिंहपुर के निर्देशानुसार सड़क पर गंदगी करने एवं अतिक्रमण करने तथा घटिया स्तर की पॉलिथीन विक्रय करने पर ओम प्लास्टिक, बल्टी बाबा प्लास्टिक, एमके प्लास्टिक पर 20 केजी पॉलिथीन जप्त कर 3000 रुपए एवं अन्य 15 चालान गंदगी करने एवं अतिक्रमण करने पर 3000 किए 18 चालान पर राशि 6000 वसूल किए गए। कार्रवाई में राजस्व निरीक्षक राजेश पटेल, मुख्य लिपिक रामकुमार नामदेव प्रभारी सुमित पटेल स्वास्थ्य शाखा बाबू राजेश चौधरी अजय खत्री सुनील चौधरी, कौशलेंद्र जाट, प्रवीण मसराम एवं विपिन पुआरिया मौजूद रहे।

### खेत में भैंस चराने की बात पर मारपीट, मामला दर्ज

**श्योपुर।** देहात थाना क्षेत्र के कनापुर गांव में खेत में भैंस चराने की बात को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, फरियादी कमलेश जंगम निवासी कनापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 17 जुलाई की सुबह करीब 9 बजे खिरनी मोड़ के पास आरोपी सम्भूलाल मीणा निवासी ग्राम खिरनी ने विवाद के दौरान उसके साथ मारपीट की, गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

### ढाबे पर भोजन के बाद युवक की तबीयत बिगड़ी

**समय जगत, श्योपुर।** विजयपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुरा स्थित मधुवन ढाबा पर भोजन करने के बाद एक युवक की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसकी हार्ट अटैक से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान देवेन्द्र खटीक (35) निवासी सदर के रूप में हुई है। सूचनाकर्ता आसिफ उर्फ मुशीर खान (41) निवासी अयोध्या बस्ती, वार्ड क्रमांक 7, कैलारस (जिला मुरैना) ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना के आधार पर पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नाबालिग लड़की के मामले में पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**कटनी।** उत्तरप्रदेश के कौसाम्बी जिले से एक नाबालिक लड़की को भगाकर कटनी लाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बहोरीबंद पुलिस के सहयोग से उत्तरप्रदेश पुलिस ने बहोरीबंद पहुंचकर नाबालिक लड़की को युवक के चंगुल से आजाद कराया और परिजनों को सौंप दिया। आरोपी युवक को ट्रांजिट प्रक्रिया के बाद उत्तरप्रदेश की पुलिस अपने साथ ले गई है। बहोरीबंद थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा ने बताया कि उत्तरप्रदेश के कौशांबी जिले में दर्ज एक कथित अपहरण के मामले में पुलिस ने बहोरीबंद क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की को बरामद कर आरोपी युवक को हिरासत में लिया गया है। यह पूरी कार्रवाई उत्तरप्रदेश पुलिस ने बहोरीबंद पुलिस की मौजूदगी में की। शुक्रवार की रात उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के मंझनपुर थाने से उप निरीक्षक शिवशंकर पाण्डेय पुलिस टीम के साथ बहोरीबंद पहुंचे। टीम ने स्थानीय पुलिस को बताया कि थाना मंझनपुर में दर्ज अपराध में आरोपी बहोरीबंद निवासी रोहित द्विवेदी की तलाश की जा रही थी। सटीक सूचना के आधार पर उत्तरप्रदेश पुलिस ने बहोरीबंद क्षेत्र स्थित एक निजी मकान में दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया, जहां से पीड़ित नाबालिग किशोरी को भी बरामद किया गया। कार्रवाई के दौरान पीड़ित किशोरी को उसके पिता और भाई के सुपुर्द किया गया। इसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उत्तर प्रदेश पुलिस आरोपी को अपने साथ लेकर रवाना हो गई। मामले की आगे की विवेचना और न्यायिक कार्रवाई उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा की जा रही है। बताया गया है कि आरोपी एक धार्मिक स्थल से जुड़ा था और वहीं कार्य करता था।

### सड़क हादसे में मोटरसाइकिल चालक हुआ घायल

**समय जगत, पन्ना।** पन्ना जिले के बृजपुर थाना अंतर्गत बृहस्पति कुंड मोड़ के पास एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल चालक को सामने से टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया तथा शरीर के अनेक अंगों में गंभीर चोटें आई हैं घटना की सूचना बृजपुर थाना पुलिस को दी गई पुलिस ने 108 एंबुलेंस भेजकर घायल को जिला चिकित्सालय भेजा गया जहां पर उसका इलाज चल रहा है घायल का नाम देवेंद्र सिंह यादव निवासी गहरा है कार का चालक वाहन छोड़कर भाग गया। अर्टिगा कार क्रमांक एमपी 35 सी ए 3126 है जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है।

### नाती की बात को लेकर महिला से मारपीट, मामला दर्ज

**समय जगत, श्योपुर।** मानपुर थाना क्षेत्र में नाती की बात को लेकर विवाद के बाद एक महिला के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, गुडा कासीपुर निवासी कन्नीबाई पत्नी बलराम बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 17 जुलाई 2026 की रात करीब 9 बजे उनके घर के सामने आरोपी शंकर पुत्र कालूराम बंजारा निवासी कासीपुर ने उनके नाती से जुड़ी बात को लेकर विवाद किया। आरोप है कि आरोपी ने महिला के साथ मारपीट की, गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने 17 जुलाई 2026 की रात 10:57 बजे अपराध कायम किया है।

# पत्नी छोड़कर चली गई तो पति चढ़ा पानी की टंकी पर

## विजयपुर की घटना, पुलिस की समझाइश के बाद नीचे उतरा युवक



**समय जगत, श्योपुर।** विजयपुर कस्बे से शनिवार को एक युवक अपनी पत्नी के वियोग और पुलिस की कथित सनवाई न होने से नाराज होकर गगनचुंबी पानी की टंकी पर जा चढ़ा। युवक एक घंटे से अधिक समय तक टंकी पर ही चढ़ा रहा। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और पुलिस-प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। ऊंचाई अधिक होने के कारण नीचे मौजूद सुरक्षाकर्मी और प्रशासनिक अमले ने बड़ी मुश्किल से उसे टंकी से नीचे उतारा।

टंकी पर युवक के चढ़ने की खबर आग की तरह पूरे कस्बे में फैल गई, जिसके बाद बस स्टैंड पर सैकड़ों लोगों का हुजूम इकट्ठा हो गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए। लोगों का कहना है कि मुताबिक, विजयपुर कस्बे के व्यस्त बस स्टैंड परिसर में स्थित पानी की टंकी पर यह युवक अचानक चढ़ गया। टंकी के ऊपर से युवक चिल्लाते हुए अपनी आपबीती सुनाता रहा। उसका कहना था कि मेरी बीवी मुझे छोड़कर चली गई है। मैं उसे वापस लाने के लिए पुलिस से भी शिकायत कर चुका हूँ, लेकिन पुलिस मेरी कोई सुनवाई नहीं कर रही है। पत्नी के जाने के गम और जिम्मेदारों बेरुखी से आहत होकर उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है। टंकी की प्रशासन द्वारा लाउडस्पीकर के जरिए युवक को नीचे उतारने और उसकी हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया गया लेकिन वह नहीं उतरा। जब मीडिया के लोग पहुंचे तब युवक नीचे उतरा।

# पुलिस ने चोरी के मामले का किया पर्दाफाश



**समय जगत, कटनी।** गर्लफ्रेंड को 50 हजार रुपये का महंगा मोबाइल दिलाने के लिए युवक ने ट्रैक्टर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। कुठला पुलिस ने वारदात का 48 घंटे में खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। कुठला थाना प्रभारी ने अखिलेश दाहिया ने बताया कि पहरुआ स्थित खेरमाई के सामने गुप्ता कृषि यंत्र में विगत दिवस चोरी की वारदात घटित हो गई थी। जिसकी रिपोर्ट नवनीत गुप्ता पिता चन्द्रभान गुप्ता द्वारा दर्ज कराई गई थी। अज्ञात चोरों ने सोनालिका कपनी के ट्रेक्टर को पार कर दिया था। जिसकी कीमत 4.5 लाख रुपये आंकी गई थी। रिपोर्ट पर कुठला थाने में मामला पंजीबद्ध कर तत्काल पुलिस टीम गठित कर तलाश प्रारभ की गई। तलाश के दौरान मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया तथा परंपरागत एवं तकनीकी साक्ष्य सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर घटनास्थल के आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज संभावित मार्गों फलस्वरूप ट्रेक्टर को आरोपी प्रिंस सिंह सोमवंशी पिता दिनेश सिंह सोमवंशी निवासी समोघर थाना रामपुर बघेलान जिला सतना से सघन पूछताछ करने पर उसने अपनी गर्लफ्रेंड को 50 हजार रुपये का मोबाइल दिलाने की डिमांड पूरी करने के लिए ट्रैक्टर चोरी किया था। ट्रेक्टर को सोनालिका एजेंसी के पास मैहर से पुलिस टीम द्वारा बरामद कर विधिवत जप्त किया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया, जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। कार्यवाही में कुठला थाना प्रभारी अखलेश दाहिया, प्रधान आरक्षक रामाश्रय सिंह, अजय यादव, अजीत मिश्रा, आरक्षक विजय प्रजापति, मनोज सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# राजू राठौर ने जन्मदिवस पर पौध रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**समय जगत, सिवनी मालवा।** नगर के सक्रिय समाजसेवी रणछोड़ जी टेस्ट के ट्रस्टी, पत्रकार संघ उपाध्यक्ष राजू राठौर ने जन्मदिन को समाज और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी से जोड़ते हुए प्रात: मुख्य बाजार स्थित नगर पालिका सुलभ काम्प्लेक्स परिसर में नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन, पत्रकार संघ अध्यक्ष नंदकिशोर व्यास की उपस्थिति में पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए नागरिकों से अपने जन्मदिन सहित अन्य विशेष अवसरों पर पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने की अपील की। वहीं पत्रकार संघ सिवनी मालवा के अध्यक्ष नंदकिशोर व्यास ने कहा कि यह पहल समाज के लिए अनुकरणीय और प्रेरणादायी हैं। सभी लोग अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। नगर पालिका अध्यक्ष रितेश (रिंकू) जैन ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते बल्कि मानव जीवन के अस्तित्व का आधार भी हैं। यदि प्रत्येक नागरिक अपने जन्मदिन पर एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो हमारा शहर और प्रदेश अधिक हरित व स्वच्छ बन सकता हैं। बजरंग दल के शिव राठौर ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार, रणछोड़ दास राठौर समाज ट्रस्ट के ट्रस्टी पत्रकार राजू राठौर ने वृक्षारोपण और भगवान सत्यनारायण की कथा से अपना जन्मदिन मनाकर प्राकृतिक संरक्षण, सनातनी परंपरा का परिचय दिया। वहीं शाम को इष्ट मित्रों ने पत्रकार संघ उपाध्यक्ष राजू राठौर, पत्रकार सुरेंद्र गौर को पुष्प माला पहनाकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पार्षद ईश्वर जमीदार, दीपक बाथव, पार्षद प्रतिनिधि दीपक दीक्षित, शिव राठौर, वरिष्ठ पत्रकार रामशंकर शर्मा, विनीत राठी, राजा तिवारी, सुधीर मालवीय, उमेश गौड़, अरुण कश्यप, अरविंद शुक्ला, चंद्रशेखर बाथव, के.के. यदुवंशी, रामशंकर दुबे, सहित पत्रकारगण व नागरिक उपस्थित रहें।

# पक्षकारों की सुविधा के लिए विशेष लोक अदालत का हुआ आयोजन: न्यायाधीश सरोज डेहरिया



**समय जगत, सिवनी मालवा।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर और प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन और मार्गदर्शन में शनिवार को न्यायालय में चेक बाउंस मामलों के लिए धारा 138 नेगोशिएबल एक्ट की विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य पक्षकारों के बीच चल रहे चेक बाउंस के मामलों में आपसी राजीनामा के बाद समझौता के आधार पर प्रकरण समाप्त किए जाना हैं।

उक्त बात न्यायाधीश सरोज डेहरिया ने विशेष लोक अदालत के शुभारंभ अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि इस लोक अदालत से पक्षकारों को उनके प्रकरणों से निजात मिल सकेगी। लोक अदालतों के माध्यम से समाप्त हुए प्रकरणों की कही अपील नही होती हैं। चेक बाउंस के मामलों की न्यायालयों में बढ़ती संख्या को कम करके उनके निराकरण के लिए यह विशेष लोक अदालत लगाई गई हैं। जिससे पक्षकारों को निश्चित ही लाभ मिलेगा। धारा 138 के निराकरण के लिए लगाई गई इस विशेष लोक अदालत में विचाराधीन 14 मामलो में पक्षकारों के मध्य हुए आपसी राजीनामा के बाद कुल 36 लाख 37 हजार 4 सौ 91 रुपये की कुल राशि पक्षकारों को आपस में दिलाई गई। विशेष लोक अदालत में सुलहकर्ता सदस्य अधिवक्ता आमीर खान रहे।



### मोंटफोर्ट विद्यालय में इको क्लब ने मनाया पौधारोपण का भव्य कार्यक्रम, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**समय जगत, मंडला।** मोंटफोर्ट विद्यालय के इको क्लब द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब मंडला के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के बैच पहनाकर स्वागत तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। संस्था प्रमुख ब्रदर बिनु चेरियन ने सभी अतिथियों का शॉल एवं पौध भेंट कर सम्मान किया। इसके बाद कक्षा पांचवीं की छात्राओं ने मंडला की लोकसंस्कृति पर आधारित मनमोहक नृत्य तथा वृक्षों के महत्व पर केंद्रित आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब मंडला के अध्यक्ष दिलीप तिवारी, सचिव अभिषेक बाजपेयी, पर्यावरण समिति के अध्यक्ष डॉ. संजय तिवारी, प्रसन्न सराफ, डॉ. कपिल वर्मा, डॉ. विजेंद्र चौरसिया, अनीता गोयल, अखिलेश उपाध्याय, अजय खोत एवं डॉ. रुबीना भिंगारदावे सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ. संजय तिवारी ने रोटरी क्लब की गतिविधियों का परिचय देते हुए पर्यावरण संरक्षण में वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब लंबे समय से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सेवा कार्य कर रहा है तथा अब पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण अभियानों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। अन्य वक्ताओं ने भी प्रकृति संरक्षण और अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संदेश दिया। डॉ. रुबीना भिंगारदावे ने वृक्षों के स्वास्थ्य लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि पेड़ मानव जीवन को स्वस्थ और संतुलित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# प्रधानमंत्री ने वर्चुअली किया नैनपुर रेलवे स्टेशन का लोकार्पण

## अमृत भारत स्टेशन योजना से मिला आधुनिक स्वरूप, यात्रियों को मिलेंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं



**समय जगत, मण्डला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत दिवस देशभर के 103 अमृत भारत रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण किया। इसी क्रम में मण्डला जिले के नैनपुर रेलवे स्टेशन के नव विकसित स्वरूप का भी लोकार्पण हुआ। राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नैनपुर रेलवे स्टेशन पर किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, रेलवे अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत नैनपुर रेलवे स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। अब यात्रियों को बेहतर प्रतीक्षालय, आधुनिक शौचालय, उन्नत प्रकाश व्यवस्था, डिजिटल सूचना प्रणाली, सुव्यवस्थित यात्री सुविधाएं, सीसीटीवी आधारित सुरक्षा व्यवस्था तथा आकर्षक स्टेशन परिसर जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में रेलवे के आधुनिकीकरण से क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी।

क्षेत्रीय सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि नैनपुर रेलवे स्टेशन मण्डला जिले का प्रमुख जंक्शन है, जहां से प्रतिदिन लगभग 18 ट्रेनें संचालित होती हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन के पुनर्विकास से यात्रियों को बेहतर सुविधाएं और सुरक्षित यात्रा का अनुभव मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अन्य रेलवे स्टेशनों का भी चरणबद्ध तरीके से आधुनिकीकरण किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले स्कूली विद्यार्थियों का अतिथियों ने सम्मान किया। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ओमवती उइके, मंडल रेल प्रबंधक दीपक गुप्ता, प्रधान वाणिज्य प्रबंधक विजय कुमार सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।